The contents of this Draft Letter of Offer should not be construed as legal, tax or investment advice. Prospective investors may be subject to adverse foreign, state or local tax or legal consequences as a result of the purchase or sale of Rights Equity Shares or Rights Entitlements. Accordingly, each investor should consult its own counsel, business advisor and tax advisor as to the legal, business, tax and related matters concerning the offer of Rights Equity Shares. In addition, neither our Company nor the Lead Manager is making any representation to any offeree or purchaser of the Rights Equity Shares regarding the legality of an investment in the Rights Equity Shares by such offeree or purchaser under any applicable laws or regulations.

*The Rights Entitlements and the Rights Equity Shares have not been and will not be registered under the Securities Act of 1933, as amended (the **"Securities Act"**), or the securities laws of any state of the United States of America and may not be offered or sold in the United States of America, its territories and possessions, any State of the United States, and the District of Columbia (**"United States"**), except in a transaction not subject to, or exempt from, the registration requirements of the Securities Act and applicable state securities laws. The Rights Entitlements and Rights Equity Shares are being offered and sold only (a) to persons in the United States who are reasonably believed to be qualified institutional buyers as defined in Rule 144A under the Securities Act (**"U.S. QIBs"**) pursuant to Section 4(a)(2) of the Securities Act and (b) to persons outside the United States in reliance on Regulation S under the Securities Act (**"Regulation S"**). In addition, until the expiry of 40 days after the commencement of the Issue, an offer or sale of Rights Entitlements or Rights Equity Shares in the United States by a dealer (whether or not it is participating in the Issue) may violate the registration requirements of the Securities Act if such offer or sale is made otherwise than in accordance with an exemption from registration under the Securities Act. The Rights Equity Shares are transferable only in accordance with the restrictions described in "Other Regulatory and Statutory Disclosures -Transfer Restrictions" on page 284.*

Envelopes containing a CAF should not be postmarked or otherwise dispatched from any Restricted Jurisdiction, and all persons subscribing for the Rights Equity Shares and wishing to hold such Rights Equity Shares in registered form must provide an address for registration of these Rights Equity Shares in India. Any person outside the United States who acquires Rights Entitlements and the Rights Equity Shares shall be deemed to have made the representations, warranties, acknowledgments and agreements set forth in "Other Regulatory and Statutory Disclosures – Transfer Restrictions - Persons Outside the United States" on page 285. Any person in the United States who accepts Rights Entitlements or subscribes to the Rights Equity Shares shall be deemed to have made the representations, warranties, acknowledgments and agreements set forth in "Other Regulatory and Statutory Disclosures - Transfer Restrictions - Persons in the United States" on page 284.

Our Company reserves the right to treat any CAF as invalid which: (i) does not include the certifications set out in the CAF; (ii) appears to us or our agents to have been executed in or dispatched from a Restricted Jurisdiction; (iii) where a registered Indian address is not provided; or (iv) where our Company believes that CAF is incomplete or acceptance of such CAF may infringe applicable legal or regulatory requirements; and our Company shall not be bound to allot or issue any Rights Equity Shares or Rights Entitlements in respect of any such CAF.

Rights Entitlements may not be transferred or sold to any person outside India.

The Rights Entitlements and the Rights Equity Shares have not been approved, disapproved or recommended by the United States Securities and Exchange Commission, any other federal or state authorities in the United States or the securities authority of any other jurisdiction or any other regulatory authority in any jurisdiction. No authority has passed on or endorsed the merits of the Issue or the accuracy or adequacy of this Draft Letter of Offer. Any representation to the contrary is a criminal offence in the United States and may be a criminal offence in other jurisdictions."

2. Under the section titled *"Risk Factors"* beginning from page 21 of the DLOF, following Risk Factors shall stand added after Risk Factor no. 60 and read as below:

"61 - Our Company has not determined whether or not it expects to be classified as a Passive Foreign Investment Company ("PFIC") for U.S. federal income tax purposes the current tax year or future taxable years. If our Company is classified as a PFIC, there are adverse United States federal income tax consequences for U.S. investors.

Our Company not determined whether or not it expects to be classified as a PFIC for U.S. federal income tax purposes for the current tax year or future taxable years. It is possible that our Company may be considered to be a PFIC for the current or any future taxable year. The determination of whether our Company is a PFIC is a factual determination made annually based on various facts and circumstances and thus is subject to change, and the principles and methodology used in determining whether a company is a PFIC are subject to interpretation. In general, our Company will be classified as a PFIC for any taxable year in which either (1) at least 75% of our gross income is passive income, or (2) at least 50% of the value (determined on the basis of a quarterly average) of our assets is attributable to assets that produce or are held for the production of passive income. For the purposes of determining whether our Company is a PFIC, our Company will be treated as owning its proportionate share of the assets and earning its proportionate share of the income of any other corporation in which it owns, directly or indirectly, 25% or more (by value) of the stock.

If our Company is classified as a PFIC, U.S. holders of the Equity Shares may suffer adverse tax consequences, including having gains realised on the sale of the Equity Shares treated as ordinary income, rather than capital gain, the loss of the preferential rate applicable to dividends received on the Equity Shares by individuals who are U.S. holders, having interest charges apply to distributions by our Company and the proceeds of sales of Equity Shares and additional reporting requirements. We do not plan to provide to U.S. holders of Equity Share the information needed to report income and gain pursuant to a "qualified electing fund" election, which election would alleviate some of the adverse tax consequences of PFIC status, and we make no undertaking to provide such information in the event that we are a PFIC.

United States investors are urged to consult their tax advisers about the application of the PFIC rules to our Company and the Equity Shares as well as the application of other United States federal tax rules to their particular circumstances as well as the state and local, foreign and other tax consequences to them of the purchase, ownership and disposition of Equity Shares.

62 - Fluctuations in the exchange rate between the Rupee and other currencies could have an adverse effect on the value of the Equity Shares in those currencies, independent of our results of operations.

The Rights Equity Shares will be quoted in Rupees on the Stock Exchanges. Any dividends in respect of our Equity Shares will be paid in Rupees. Any adverse movement in currency exchange rates during the time it takes to undertake such conversion may reduce the net dividend received by investors. In addition, any adverse movement in currency exchange rates during a delay in repatriating the proceeds from a sale of Equity Shares outside India, for example, because of a delay in regulatory approvals that may be required for the sale of Equity Shares, may reduce the net proceeds received by investors. The exchange rate between the Rupee and other currencies (such as the U.S. dollar and the Singapore dollar) has changed substantially in the past and could fluctuate substantially in the future, which may have an adverse effect on the value of our Equity Shares and returns from the Equity Shares in foreign currency terms, independent of our results of operations."

3. Under the chapter titled *"Other Regulatory and Statutory Disclosures"* beginning from page 281 of the DLOF, paragraph titled *"Selling Restrictions"* shall stand substituted and read as below:

"Selling Restrictions

This Draft Letter of Offer is solely for the use of the person who has received it from our Company or from the Registrar. This Draft Letter of Offer is not to be reproduced or distributed to any other person.

The distribution of this Draft Letter of Offer, the Letter of Offer Abridged Letter of Offer and CAF and the issue of Rights Entitlements and Rights Equity Shares to persons in jurisdictions outside India is restricted by legal requirements prevailing in those jurisdictions. Persons into whose possession this Draft Letter of Offer, the Letter of Offer, Abridged Letter of Offer and CAF may come are required to inform themselves about and observe such restrictions. Our Company is making this issue on a rights basis to the Eligible Equity Shareholders and will dispatch this Draft Letter of Offer, the Letter of Offer, Abridged Letter of Offer, the Entitlement Letter and CAF only to Eligible Equity Shareholders who have provided an Indian address to our Company.

No action has been or will be taken to permit the Issue in any jurisdiction, or the possession, circulation, or distribution of this Draft Letter of Offer, the Letter of Offer, Abridged Letter of Offer or any other material relating to our Company, the Rights Equity Shares or Rights Entitlement in any jurisdiction, where action would be required for that purpose, except that this Draft Letter of Offer has been filed with SEBI and the Stock Exchanges.

Accordingly, the Rights Entitlement or Right Equity Shares may not be offered or sold, directly or indirectly, and this Draft Letter of Offer or any offering materials or advertisements in connection with the Issue may not be distributed or published in any jurisdiction, except in accordance with legal requirements applicable in such jurisdiction. Receipt of this Draft Letter of Offer will not constitute an offer in those jurisdictions in which it would be illegal to make such an offer i.e. Restricted Jurisdictions.

This Draft Letter of Offer and its accompanying documents are being supplied to you solely for your information and may not be reproduced, redistributed or passed on, directly or indirectly, to any other person or published, in whole or in part, for any purpose, except that nominees and agents may forward this Draft Letter of Offer and its accompanying documents to beneficial owners of Equity Shares in compliance with the terms and conditions set forth in this Draft Letter of Offer. If this Draft Letter of Offer is received by any person in any jurisdiction where to do so would or might contravene local securities laws or regulation, or by their agent or nominee, they must not seek to subscribe to the Rights Equity Shares or the Rights Entitlements. Investors are advised to consult their legal counsel prior to applying for the Rights Entitlement and Rights Equity Shares or accepting any provisional allotment of Rights Equity Shares, or making any offer, sale, resale, pledge or other transfer of the Rights Equity Shares or Rights Entitlements.

Our Company reserves the right to require a person in any jurisdiction not listed below to give it an opinion of legal counsel that the purchase of the Rights Entitlements and Rights Equity Shares by such person in accordance with the terms of this Draft Letter of Offer Document was in accordance with the laws of such jurisdiction.

In the event you do not meet the criteria and requirements laid down under "Selling Restrictions" and in the other terms of this Draft Letter of Offer, you are not qualified to apply to subscribe for the Rights Entitlements or Rights Equity Shares.

Singapore

*This Draft Letter of Offer has not been and will not be registered as a prospectus with the Monetary Authority of Singapore (**"MAS"**) under the Securities and Futures Act (Chapter 289) of Singapore (**"SFA"**). The offer of Rights Entitlements and Rights Equity Shares to Eligible Equity Shareholders in Singapore is made in reliance on the offering exemption under Section 273(1)(cd) of the SFA. The Rights Entitlements may not be renounced to a person in Singapore.*

United States of America

The Rights Entitlements and Rights Equity Shares have not been and will not be registered under the Securities Act or the securities laws of any state of the United States and may not be offered or sold in the United States except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and applicable state securities laws. The Rights Entitlements and Rights Equity Shares are being offered and sold only (a) to Eligible Equity Shareholders in the United States who are reasonably believed to be U.S. QIBs pursuant to Section 4(a)(2) of the Securities Act and (b) to persons outside the United States in reliance on Regulation S. The Rights Entitlements may not be renounced to a person in the United States.

Transfer Restrictions

Persons in the United States

Each person accepting the Rights Entitlements and subscribing to the Rights Equity Shares in the United States shall be deemed to have represented, warranted, agreed and acknowledged as follows:

- *The Rights Entitlements and Rights Equity Shares have not been and will not be registered under the Securities Act or the securities laws of any state of the United States and that the offer of the Rights Entitlements and the offer and sale of the Rights Equity Shares to it is made in reliance on an exemption from the registration requirements of the Securities Act provided by Section 4(a)(2) of the Securities Act and applicable state securities laws.*
- *It is a U.S. QIB and accepted the Rights Entitlements and subscribed to the Rights Equity Shares for its own account or for the account of one or more U.S. QIBs, each of which is acquiring beneficial interests in the Rights Entitlements and Rights Equity Shares for its own account.*
- *It did not accept the Rights Entitlements or subscribe to the Rights Equity Shares as a result of any general solicitation or general advertising (within the meaning of Rule 502(c) under the Securities Act).*
- *The Rights Equity Shares are "restricted securities" within the meaning of Rule 144(a)(3) under the Securities Act and it shall not deposit such Equity Shares into any unrestricted depository facility established or maintained by any depository bank.*
- *It will not offer, sell or transfer the Rights Entitlements except in India in a transaction complying with Rule 903 or Rule 904 of Regulation S.*
- *It subscribed to the Rights Equity Shares for investment purposes and not with a view to the distribution or resale thereof. If in the future it decides to offer, sell, pledge or otherwise transfer any of the Rights Equity Shares, it shall only offer, sell, pledge or otherwise transfer such Equity Shares (a) outside the United States in a transaction complying with Rule 903 or Rule 904 of Regulation S and in accordance with all applicable laws of any other jurisdiction, including India or (b) in the United States pursuant to an exemption from the registration requirements of the Securities Act and applicable state securities laws and it agrees to that if the Rights Equity Shares are still are "restricted securities" within the meaning of Rule 144(a)(3) under the Securities Act, it shall notify the purchaser of such Equity Shares of the transfer restrictions set forth herein and that it will require each such purchaser to agree, for the benefit our Company, to notify any subsequent purchasers of such transfer restrictions.*
- *It shall hold our Company and the Lead Manager harmless from any and all costs, claims, liabilities and expenses (including legal fees and expenses) arising out of or in connection with any breach of these representations, warranties or agreements. The indemnity set forth in this paragraph shall survive the resale of the Rights Equity Shares.*
- *If it accepted the Rights Entitlements and subscribed to the Rights Equity Shares as fiduciary or agent for one or more investor accounts, it has sole investment discretion with respect to each such account and it has full power to make the representations, warranties, agreements and acknowledgements herein.*
- *If it accepted the Rights Entitlements and subscribed to the Rights Equity Shares for one or more managed accounts, it is authorised in writing by each such managed account to subscribe to the Rights Equity Shares for each managed account and to make (and it hereby makes) the representations, warranties, agreements and acknowledgements herein for and on behalf of each such account, reading the reference to "it" to include such accounts.*
- *It acknowledges that our Company, the Lead Manager and their respective affiliates, directors, officers, agents, employees, advisors and others will rely upon the truth and accuracy of the foregoing representations, warranties, acknowledgments and agreements.*

Persons outside the United States

Each person accepting the Rights Entitlements and subscribing to the Rights Equity Shares outside the United States shall be deemed to have represented, warranted, agreed and acknowledged as follows:

- *It is entitled to accept the Rights Entitlement and subscribe to the Rights Equity Shares under the laws of all relevant jurisdictions that apply to it and that it has fully observed such laws and has complied with all necessary formalities to enable it to accept the Rights Entitlements and subscribe to the Rights Equity Shares;*
- *it was outside the United States at the time the offer of the Rights Entitlements and Rights Equity Shares was made to it and it was outside the United States when its buy order for the Rights Entitlements (if applicable) and the Rights Equity Shares was originated;*
- *it did not accept the Rights Entitlements or subscribe to the Rights Equity Shares as a result of any "directed selling efforts" (as defined in Regulation S);*
- *the Rights Entitlements and Rights Equity Shares have not been and will not be registered under the Securities Act or the securities law of any state of the United States and that the offer of the Rights Entitlements and and the offer or sale of the Rights Equity Shares to it is made in reliance on Regulation S.*
- *that it will not offer or sell the Rights Entitlements except in India in a transaction complying with Rule 903 or Rule 904 of Regulation S and (b) that it will not offer or sell the Rights Equity Shares except in a transaction complying with Rule 903 or Rule 904 of Regulation S or pursuant to any other available exemption from registration under the Securities Act and in accordance with all applicable securities laws of the states of the United States and any other jurisdiction, including India;*
- *if it acquired any of the Rights Entitlements or Rights Equity Shares as fiduciary or agent for one or more investor accounts, it has sole investment discretion with respect to each such account and that it has full power to make the foregoing representations, warranties, acknowledgements and agreements on behalf of each such account;*
- *it shall indemnify and hold our Company and the Lead Manager harmless from any and all costs, claims, liabilities and expenses (including legal fees and expenses) arising out of or in connection with any breach of these representations, warranties or agreements. It agrees that the indemnity set forth in this paragraph shall survive the resale of the Rights Entitlements and Rights Equity Shares; and*
- *it acknowledges that our Company, the Lead Manager and others will rely upon the truth and accuracy of the foregoing representations, warranties and acknowledgements."*

The DLOF shall be read in conjunction with this Notice. The information in this Notice supplements the DLOF and the DLOF accordingly stands amended to the extent stated herein above. Relevant changes will be reflected in the Letter of Offer as and when filed with Securities and Exchange Board of India and the Stock Exchanges.For further details, please refer to the DLOF.

For **ARVIND FASHIONS LIMITED**
Sd/-
B S Vijay Kumar
Company Secretary and Compliance Officer

Place: Bengaluru
Date: February 7, 2020

Disclaimer: *Our Company is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to issue Equity Shares on a rights basis and has filed a DLOF with the Securities and Exchange Board of India. The DLOF is available on the website of SEBI at www.sebi.com and website of the Lead Manager at www.vivro.net. Investors should note that investment in securities involves a high degree of risk and are requested to refer to the DLOF including the section "Risk Factors" beginning on page 21 of the DLOF in making investment decisions.This announcement has been prepared for publication in India and may not be released in the United States. This announcement does not constitute an offer of Equity Shares for sale in any jurisdiction, including the United States, and any Equity Shares described in this announcement may not be offered or sold in the United States absent registration under the US Securities Act of 1933, as amended, or an exemption from registration. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.*

Raka

www.readwhere.com

जनसत्ता

विरोध की राह

एक लोकतांत्रिक प्रणाली में किसी मसले पर असहमति जताने या विरोध प्रदर्शन करने का हक स्वाभाविक स्थिति है। लेकिन किन्हीं हालात में जब ऐसे प्रदर्शनों का क्रम लंबा खिंचता है तो कुछ हलकों से उससे होने वाली असुविधाओं पर सवाल उठने लगते हैं। नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद से ही देश के अलग-अलग हिस्सों में पिछले करीब दो महीने से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। इनमें राजधानी दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में चल रहे विरोध प्रदर्शन ने सबका ध्यान खींचा है। लेकिन चूंकि इस प्रदर्शन की वजह से वहां की सड़कें बाधित हैं और लोगों की सामान्य आवाजाही संभव नहीं हो पा रही है, इसलिए कुछ लोग प्रदर्शनकारियों से बातचीत के बाद रास्ता खोलने की अपेक्षा कर रहे हैं, तो यह मामला अदालत में भी पहुंच गया है। इस मसले पर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल कोई दखल देने से तो इनकार किया, लेकिन कुछ अहम राय जाहिर की है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा है कि आप सार्वजनिक सड़कों को अवरुद्ध नहीं कर सकते; अगर आप विरोध करना चाहते हैं तो ऐसा एक निर्धारित स्थान पर होना चांहिए।

अदालत ने एक तरह से काफी दिनों से बाधित सड़क यातायात को लेकर चिंता जताई है, लेकिन इस पर फिलहाल कोई अंतरिम निर्देश जारी करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि ऐसा एकपक्षीय नहीं हो सकता। हालांकि असुविधा का सवाल उठाने वाले याचिकाकर्ताओं के पक्ष पर विचार करने के साथ-साथ अदालत ने प्रदर्शनकारियों के विरोध के लोकतांत्रिक अधिकारों को भी यह कह कर सुरक्षित रखा कि एक कानून और इससे संबंधित मामला न्यायालय में लंबित होने के बावजूद लोग विरोध कर रहे हैं तो भी ऐसा करने का उन्हें हक है! जाहिर है, अदालत ने फिलहाल बीच का रास्ता अपनाया है। यों भी न्याय एक प्रक्रिया के तहत ही सुनिश्चित होता है और सुप्रीम कोर्ट की यह राय स्वाभाविक है। इसमें दोनों पक्षों के लिहाज से जरूरी तकाजों के साथ-साथ अदालत ने देश के लोकतांत्रिक ढांचे का भी खयाल रखा है और यह स्वागतयोग्य है। लेकिन यह मुद्दा अब जिस तरह देशव्यापी महत्त्व का हो चुका है और राजनीतिक रूप से संवेदनशील भी है, इसलिए इस पर सभी का पक्ष सुने बिना कोई फैसला सुनाना उचित नहीं होता। इसलिए अदालत ने इस मसले पर सुनवाई की अगली तारीख सत्रह फरवरी तय की है।

गौरतलब है कि दिल्ली के शाहीन बाग में लोगों ने नागरिकता संशोधन कानून के अलावा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर से जुड़ी आशंकाओं के मद्देनजर अपना विरोध प्रदर्शन बीते करीब दो महीने से जारी रखा हुआ है। चूंकि यह प्रदर्शन दिल्ली से नोएडा को जोड़ने वाली एक मुख्य सड़क पर ही चल रहा है, इसलिए वहां से वाहनों की आवाजाही लगभग पूरी तरह बाधित है। केवल स्कूल बस और एंबुलेंसों के लिए रास्ता खुलता है। लेकिन इस सड़क से रोजाना लाखों लोगों का दिल्ली और नोएडा के बीच आना-जाना होता रहा है और सड़क बंद होने की वजह से असुविधा हो रही है। इसका दबाव दिल्ली से नोएडा को जोड़ने वाले दूसरे रास्तों पर भी पड़ता है और लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में ज्यादा वक्त लग रहा है। दूसरी ओर, यह भी सही है कि देश के नागरिक अगर किसी मसले को लेकर आशंकित हैं तो उस पर विरोध जताना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। ऐसे में अब लोगों की नजरें अदालत की ओर ही टिकी रहेंगी कि पर्याप्त विचार के बाद उसकी ओर से क्या निर्देश जारी किया जाता है, ताकि सबको अपना हक सुनिश्चित होता लगे।

आपराधिक अराजकता

दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में छह फरवरी की शाम छात्राओं के साथ बदतमीजी, छेड़छाड़ और मारपीट जैसी जो दहला देने वाली घटना सामने आई है, वह इस बात का प्रमाण है कि राजधानी दिल्ली में महिलाएं जरा भी सुरक्षित नहीं हैं। जब किसी कॉलेज परिसर में अराजक तत्त्व घुस कर आतंक मचा दे रहे हैं तो बाहर क्या हो सकता है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। सबसे ज्यादा शर्मनाक तो यह कि घटना के चार दिन बाद यानी दस फरवरी को पुलिस ने इस मामले में एफआइआर दर्ज की। क्या इतनी ही 'चौकन्नी' है दिल्ली पुलिस! गार्गी कॉलेज में उस दिन सालाना उत्सव चल रहा था और बड़ी संख्या में छात्राएं शिरकत कर रही थीं। कहने को कॉलेज के बाहर और भीतर सुरक्षा व्यवस्था भी थी, जैसी कि सामान्य तौर पर लड़कियों के कॉलेजों में होती है। पर उसके बाद भी बड़ी संख्या में नौजवान कॉलेज के भीतर घुस आए और छात्राओं के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी, कइयों से मारपीट और अश्लील हरकतें की गईं। जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रही छात्राओं को पीछा करके उत्पीड़ित किया गया।

यह घटना दर्शाती है कि कानून-व्यवस्था की रखवाली का दावा करने वाली दिल्ली पुलिस अराजक तत्त्वों के सामने घुटने टेके हुए है। अगर ऐसा नहीं है तो आखिर कौन-सी मजबूरी रही कि चार दिन तक पुलिस को इस घटना की 'भनक नहीं लगी' और उसने कोई संज्ञान नहीं लिया? वह इसी इंतजार में बैठी रही कि छात्राएं और कॉलेज प्रशासन चल कर आए और शिकायत दर्ज कराए, तभी कार्रवाई होगी। इस घटना को लेकर जिस तरह के वीडियो और जानकारियां सोशल मीडिया पर आ रही हैं, वे इसकी भयावहता को बताती हैं। नशे में धुत उत्पाती लोग हैवानियत करते रहे और कॉलेज प्रशासन सोता रहा। जैसा कि खबरों में सामने आया है, इस घटना के वक्त प्राचार्य कॉलेज में ही थीं। कुछ सहमी छात्राओं ने जब उन्हें इस हुड़दंग की जानकारी दी तो प्राचार्य ने जो जवाब दिया, वह बेहद शर्मनाक है। छात्राओं के मुताबिक प्राचार्य ने उनसे कहा कि जब डर लग रहा है तो फेस्ट में आई ही क्यों हो! सवाल है कि जिस प्राचार्य पर पूरे कॉलेज की सुरक्षा की जिम्मेदारी होती है, उनका क्या इस तरह का रवैया होना चाहिए था? हुड़दंगी लोग कॉलेज का गेट तोड़ कर घुस आएं और कोई कार्रवाई न हो, यह हैरानी की बात है। क्या इस घटना की उसी दिन रिपोर्ट कराने की कॉलेज प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती थी?

अगर छात्राओं ने इस घटना को रविवार को ट्विटर और इंस्टाग्राम पर साझा नहीं किया होता तो शायद इसकी कहीं खबर नहीं नजर आती, न ही सोमवार को लोकसभा में यह मामला उठता। हालांकि अब दिल्ली महिला आयोग भी जागा है और कॉलेज प्रशासन व दिल्ली पुलिस को समय पर कार्रवाई नहीं करने के लिए नोटिस भी भेजा है। दिल्ली के कॉलेजों में सालाना उत्सव के दौरान कुछ घटनाएं पहले भी होती रही हैं। लेकिन उनसे सबक लेना जरूरी नहीं समझा गया। गार्गी कॉलेज की घटना राजधानी की कानून-व्यवस्था पर बड़ा प्रश्न-चिह्न इसलिए भी है कि दिल्ली में पूरा सत्ता-तंत्र मौजूद है, चप्पे-चप्पे पर पुलिस और निगरानी कैमरे लगे होने का दावा किया जाता है। इसके बाद भी अपराधी अगर बेखौफ रहते हैं तो यह सवाल स्वाभाविक है कि उन्हें कहां से सुरक्षा और शह मिल रही है? फिर यह समूचे समाज और देश को सोचने की जरूरत है कि गार्गी कॉलेज में लड़कियों पर हमला करने वाली भीड़ में कौन शामिल है और उसके वैसा बनने का स्रोत क्या है!

कल्पमेधा

किसी भी चीज की पूजा तब तक नहीं होनी चाहिए जब तक तर्क को यह विश्वास न हो जाए कि वह पूजनीय है।
-वाल्तेयर

बजट और गांव की जेब

सुविज्ञा जैन

ज्यादातर किसानों के लिए कर्ज कोई सहूलियत नहीं, बल्कि बोझ बनता जा रहा है। कर्ज को सूद समेत चुकाना पड़ता है। किसी उत्पादक वर्ग का उत्थान उसे कर्ज देकर नहीं, उसके उत्पाद के लिए सही दाम और नए बाजार तैयार करके ही किया जा सकता है। लेकिन इस बजट में न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का जिक्र था, न ही कृषि उत्पाद की सरकारी खरीद में बढ़ोतरी का प्रबंध दिखा।

इस बार का बजट देश में भारी आर्थिक सुस्ती के बीच आया। जाहिर है, बजट की समीक्षाएं बारीकी से किए जाने की आवश्यकता है। उद्योग जगत ने शेयर बाजार के जरिए बजट के दिन ही कुछ प्रतिक्रिया जरूर दे दी थी, लेकिन कृषि क्षेत्र की तरफ से बजट पर बहुत ही कम टीका-टिप्पणी देखने को मिली है। भले ही जीडीपी में कृषि का योगदान कम होता जा रहा हो, लेकिन इस हकीकत को कोई नहीं नकार सकता कि देश आज भी कृषि प्रधान है। देश की आधी से ज्यादा आबादी आज भी कृषि कर्म पर निर्भर है। इसीलिए गांव और किसान राजनीतिक रूप से बहुत संवेदनशील होते हैं और इसीलिए बजट में किसान, खेती और गांव का जिक्र कभी भी नहीं छूटता। रस्म के तौर पर ही सही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की चिंता हर बजट में होती ही है। इस बार के बजट में कृषि क्षेत्र पर ध्यान कितना है, इसे कम से कम सरसरी तौर पर तो देखा ही जाना चाहिए।

कृषि क्षेत्र पर अलग से बात करने के पहले यह जान लेना उचित होगा कि बजट पेश होने के पहले आर्थिकी के जानकार क्या कह रहे थे। यह निर्विवाद है कि कई तिमाहियों से आर्थिक सुस्ती का माहौल बना हुआ है। चिंता बाजार ठंडा पड़ते जाने की थी। यह धारणा भी बन गई थी कि देश में उपभोक्ता कमजोर पड़ गया है, यानी बाजार में मांग नहीं है। इसीलिए बजट के पहले सुझाव आ रहे थे कि देश के अधिकतम लोगों की जेब में पैसा पहुंचाने का उपक्रम होना चाहिए। आर्थिक विशेषज्ञों ने पहले ही इशारा कर दिया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजमर्रा के सामान की खपत एकदम कम होने लगी है। इसी बीच, त्वरित उपभोग की वस्तुओं की खपत कम होने की खबरें सामने आईं। तभी यह कहा जाने लगा था कि किसी भी तरह से हो, गांवों तक, किसानों तक, खेतिहर मजदूरों तक पैसा पहुंचाने की तत्काल आवश्यकता है। यह आपात स्थिति गांव या किसान की बदहाली के मद्देनजर नहीं, बल्कि इस चिंता में थी कि आर्थिक सुस्ती के मारे उद्योग-व्यापार बैठते जा रहे हैं। यह एक नया ज्ञान था कि आर्थिक सुस्ती का बड़ा कारण अधिसंख्य लोगों यानी गांव, किसान और खेतिहर मजदूरों की बदहाली है। इसीलिए बड़ी उम्मीद लगाई जा रही थी कि इस बार बजट में गांव और किसान तक भरपूर पैसा पहुंचाया जाता दिखेगा।

लेकिन वैसा होता दिखा नहीं। करीब तीस लाख करोड़ के खर्च वाले बजट में दो लाख तिरासी हजार करोड़ रुपए गांव और किसान के लिए रखे गए हैं। यह रकम बजट की कुल रकम की दस फीसद से भी कम है। अब यह अलग बात है कि किसानों को कर्ज दिलाने के लिए कोई पंद्रह लाख करोड़ का एक आंकड़ा उपलब्ध कराया गया है। किसानों को कर्ज दिलाने के लिए ऐसा ही एक आंकड़ा पिछले साल भी दिखाया गया था। लेकिन अभी ज्यादा पता नहीं है कि किसानों के लिए कर्ज बढ़ाने का प्रबंध किस स्थिति में है और उसके नतीजे क्या आ रहे हैं।

कुल मिलाकर विशेषज्ञ प्रश्न एक ही बना हुआ है कि गांव तक और किसान की जेब तक पैसा कैसे पहुंचे? वैसे इसका जवाब मुश्किल होना नहीं चाहिए क्योंकि सभी जानते हैं कि ग्रामीण भारत का मुख्य व्यवसाय कृषि है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के लिए राहत का हर काम कृषि सुधार से होकर ही गुजर सकता है। यह तथ्य सभी के सामने है कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में कृषि अकेला ऐसा क्षेत्र है, जिसका जीडीपी में हिस्सा वक्त के साथ गिरता गया है और वह भी तब जब कृषि उत्पादन हर साल रिकॉर्ड तोड़ बढ़ रहा है। क्या इस बात पर हैरत नहीं होनी चाहिए कि कृषि उत्पादन बढ़ते चले जाने के बावजूद अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान कम क्यों होता जा रहा है? वैसे पहली नजर में इसका एक सीधा-सीधा कारण दिखता है कि कृषि उत्पाद के दाम उस रफ्तार से नहीं बढ़े, जिस रफ्तार से औद्योगिक उत्पादों के दाम बढ़े।

यानी कृषि सुधार का सबसे पहला काम यह था कि कैसे भी हो किसानों की जेब तक ज्यादा रकम पहुंचे, ताकि जो आमदनी उन्हें अपने उत्पाद की बिक्री से नहीं हो पा रही है, उसकी भरपाई हो। इससे उनके जीवनयापन में मदद तो होती ही, साथ ही उनकी व्यय शक्ति भी बढ़ती। इससे अर्थव्यवस्था का चक्का घूमता।

वित्त मंत्री के बजट भाषण में कृषि का जिक्र तो अच्छा-खासा था, लेकिन बजट में जो प्रावधान किए गए, वे सभी दूर की बात लगे। विशेषज्ञ और विश्लेषकगण गौर से देखेंगे तो पाएंगे कि तात्कालिक राहत पर इस बजट में ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। बजट में कृषि सुधार के नाम पर बहुप्रचारित नुक्ता सोलह सूत्रीय कार्यक्रम का जिक्र है। इनमें सबसे बड़ा सूत्र है- कृषि कर्ज के रूप में किसानों के लिए पंद्रह लाख करोड़ का कर्ज उपलब्ध कराने का आश्वासन। इस सूत्र की समीक्षा हो तो इस बात पर जरूर ध्यान जाएगा कि ज्यादातर किसानों के लिए कर्ज कोई सहूलियत नहीं, बल्कि बोझ बनता जा रहा है। कर्ज को सूद समेत चुकाना पड़ता है। किसी उत्पादक वर्ग का उत्थान उसे कर्ज देकर नहीं, उसके उत्पाद के लिए सही दाम और नए बाजार तैयार करके ही किया जा सकता है। लेकिन इस बजट में न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का जिक्र था, न ही कृषि उत्पाद की सरकारी खरीद में बढ़ोतरी का प्रबंध दिखा। पर्याप्त से ज्यादा कृषि उत्पादन वाले देश में कृषि निर्यात अनुदान बढ़ाने या और कोई सीधी मदद भी सोची जा सकती थी।

कुछ विशेषज्ञों ने तात्कालिक उपाय के रूप में किसान सम्मान निधि की रकम बढ़ाने का सुझाव भी दिया था। लेकिन वह भी नहीं अपनाया गया। ग्रामीण रोजगार गारंटी देने वाली मनरेगा जैसी योजना के जरिए सरकार चाहती तो गांव तक फौरन पैसे पहुंचा सकती थी। लेकिन हुआ उसका उलट है। पिछले साल के संशोधित अनुमानों के हिसाब से पिछले साल मनरेगा में इकहत्तर हजार दो करोड़ रुपए खर्च हुए थे, लेकिन इस साल के बजट अनुमानों में सरकार ने मनरेगा के लिए सिर्फ इकसठ हजार पांच सौ करोड़ का प्रावधान रखा। तरलता बढ़ाने की सख्त जरूरत वाले समय में ऐसे फैसलों का आगा-पीछा समझने में मुश्किलें आ रही हैं।

कृषि सुधार के लिए सोलह-सूत्री कार्यक्रम में एक सूत्र जल्द सड़ने-गलने वाले कृषि उत्पादों मसलन, सब्जियों, मांस-मछली जैसे उत्पादों को एक जगह से दूसरी जगह जल्द पहुंचाने के लिए कृषि रेल का एलान है। यह काम भी तत्काल लागू हो सकने वाला नहीं दिखाई देता, क्योंकि सरकार यह रेल योजना निजी क्षेत्र के साथ मिल कर चलाना चाहती है। निजी भागीदारी की प्रक्रिया में लंबा वक्त लगता है। इसी तरह नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ मिल कर कृषि उड़ान नाम की एक योजना बनाई जाएगी। फौरन न सही, लेकिन आगे जाकर इन योजनाओं से खाद्य उत्पादों की बर्बादी रोकने में बेशक मदद मिलेगी। अगर कृषि उड़ान योजना सिरे चढ़ी, तो कृषि निर्यात बढ़ाने में कुछ मददगार हो सकती है।

सिंचाई के मद्देनजर पानी की कमी वाले सौ जिलों पर सरकार ने ध्यान लगाने की बात कही है, हालांकि अभी इसकी कोई ठोस रूपरेखा नहीं बताई गई है। सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मुहैया कराने के लिए सबसे ज्यादा जरूरत अधूरी पड़ी सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कराने की थी। कृषि के लिए बजट में जो दूसरे एलान किए गए हैं, उनमें पुरानी घोषणाओं का दोहराव ज्यादा है। मसलन, पिछले कुछ साल में खाद्य भंडारण के लिए गोदाम और शीतगृह बढ़ाने की बातें कई बार कही जा चुकी हैं। ऐसे पुराने लक्ष्यों की समीक्षा की दरकार है। इसी तरह, कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए 2018 में नई कृषि निर्यात नीति में कई कदम उठाने का जिक्र था, लेकिन तब से आज तक इस क्षेत्र में कितनी सफलता मिली है, इसके आंकड़े सामने नहीं हैं।

संवाद का सन्नाटा

कमल कुमार

घर में सन्नाटा था। देखने गई थी। मिली थी उनसे। बहुत देर तक बात नहीं हो सकी। फिर उन्होंने बताया था अवसाद हो गया है। कुछ भी अच्छा नहीं लगता। भूख भी मर गई है। एक अंधेरा-सा घिर गया है जीवन में। बच्चे दोनों बाहर चले गए थे। दोनों अकेले रह गए थे। पत्नी अवसादग्रस्त थी। पति परेशान थे। यह स्थिति इस एक दंपति की नहीं है। मैंने जाना था कि आज जबकि बुजुर्ग घर में अकेले रह गए हैं, बच्चे बाहर रह रहे हैं, यह स्थिति बहुत लोगों की है।

आश्चर्य तब हुआ था जब पता चला कि महज चौदह-पंद्रह वर्ष का एक छात्र अवसाद से पीड़ित था। उसके माता-पिता परेशान थे। मनोचिकित्सक के पास लेकर आए थे। पर क्या यह किशोर बालक अकेला था? यहां भी पता चला कि आज की किशोर और युवा पीढ़ी में भी अवसाद की स्थिति बढ़ रही है। अभी एक सर्वेक्षण के अनुसार जहां अकेले रहने वाले चालीस प्रतिशत बुजुर्ग अवसाद से पीड़ित हैं, वहीं एकल परिवारों में बारह-तेरह प्रतिशत युवा और किशोर अवसाद ग्रस्त हो रहे हैं। घर में सारी सुविधाएं हैं। बुजुर्गों को उनके बच्चे पैसे भेजते हैं। फोन करते हैं। साल-दो साल में आते भी हैं। घर में युवा और किशोर बच्चे अच्छे पब्लिक स्कूलों में पढ़ रहे हैं। बच्चे जो चाहते हैं, उन्हें मिल जाता है। उनकी मांगें पूरी होती हैं। मां-बाप ने इन्हें सारे सुख दिए हैं। मोबाइल, टीवी, गाड़ी, ड्राइवर है। पर तब भी ये अवसाद से पीड़ित हैं।

मुझे याद है कि हमारी पीढ़ी में घरों में चार-छह बच्चे आम होते थे। अच्छे मध्यवर्ग के परिवारों में मां-बाप उन्हें स्कूलों, सरकारी स्कूलों में पढ़ाते थे। सब साथ मिल कर जो बनता था, खाते थे। आपस में लड़ते-झगड़ते, पर खेलते-कूदते थे। शाम होते ही घर से बाहर खेलने के लिए जाते थे। घर में कभी कोई चीज मिलती भी नहीं थी। नाराज होते, पर सब ठीक था। बच्चे बीमार होते थे, पर कभी अवसाद ग्रस्त हुए हों, ऐसा कभी नहीं था। फिर आखिर ऐसा क्या हुआ?

दुनिया मेरे आगे

दरअसल, बीच का संवाद खत्म हो गया। पहले मध्यवर्ग में आस-पड़ोस में आने-जाने, लेन-देन, मिल-बैठ कर बतियाने की और घर या बाहर की बातें करना आम बात थी। बालकनी में, छत पर, शाम को बाहर औरतें आपस में बतियाती थीं। हर तरह की- घर, बच्चों, पति की बातें करती थीं। किसी के घर में कोई विशेष व्यंजन बनता तो पड़ोस में दिया जाता। फिर उस पर चर्चा होती। अब ऐसा नहीं रहा। सब अपने में सिमट गए। गांवों में चौपाल होती थी। शाम को सभी वहां इकट्ठे होते थे। बातचीत के अलावा कोई भी समस्या होती तो उसे सबके सामने रखा जाता। समाधान ढूंढ़ा जाता।

गांवों में शहरीकरण हुआ। अब शहरों में विदेशीकरण हो गया। मध्यवर्ग में परिवारों में करीब पचहत्तर प्रतिशत बच्चे बाहर पढ़ने के लिए चले गए हैं या जा रहे हैं। आधे से ज्यादा बच्चे वहीं रहने लगे हैं। पीछे बचते हैं, बुजुर्ग माता-पिता। उनके पास सुविधाओं, पैसों की कमी नहीं। घर में संपन्नता है, पर अकेलापन है। वही अकेलापन उन्हें भीतर से खोखला कर देता है। वे अवसादग्रस्त हो जाते हैं। पहले घरों में भाई-बहन होते थे। आपस में लड़ते-झगड़ते, कम सुविधाओं में भी प्रसन्न रहते थे। मिल-बांटकर रहते थे। बड़े भाई-बहनों की किताबें और कपड़े छोटे भाई-बहन इस्तेमाल करते थे। अब बच्चों के पास सुविधाएं हैं, संपन्नता है, पर संवाद नहीं। वे अकेले हैं।

एक तरह की 'अड्डेबाजी' या 'मोहल्लेबाजी' भी जरूरी होती है। जहां आपस में मिल-बैठ कर बतियाया जा सके। किसी भी विषय पर बातचीत की जा सके। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में मैं देखती थी कि कुछ लोग सुबह से शाम तक, कुछ दोपहर से देर शाम तक बैठे रहते हैं। ज्यादातर उनमें बुजुर्ग पीढ़ी के लोग हैं। आपस में भिन्न विषयों पर चर्चा करते हैं, चाय पीते हैं। लोदी गार्डन में शाम को घूमते हैं। देर शाम को निकल कर रात को घर पहुंचते हैं।

पहले यह समझ नहीं आता था। पर धीरे-धीरे जाना कि यह संवाद, यह आपस में मिलजुल कर बैठना, बतियाना, चाय-काफी पर चर्चा करना कितना जरूरी है। जीवन की जीवंतता के लिए। यह अकेलेपन से बचा कर रखता है। इस संवाद के अभाव में परिवारों में अवसाद का अंधेरा भर रहा है। जरूरी है कि जैसे भी हो, आपसी संवाद बना रहे। बुजुर्गों को और बच्चों को भी सुबह-शाम पार्क में जाना चाहिए। मिल-बैठ कर आपस में बातचीत करना उन्हें अच्छा लगेगा। मोबाइल के असर से निकलें। आश्चर्य हुआ था यह जान कर कि मॉल में जाने वाले युवाओं में से भी कुछ अकेलेपन से बचने के लिए अवसाद से बचाव के लिए वहां आते हैं। वहां बस इधर-उधर घूम कर, भीड़ का हिस्सा बन कर अच्छा अनुभव करते हैं। जो भी, जैसा भी हो, यह अवसाद की बीमारी महामारी न बने, इसके लिए छोटी-छोटी बातों में, जानकारी और समझदारी से निस्तार पाना संभव है। ये छोटी-छोटी बातें हैं जो अवसाद से मुक्त रख सकती हैं।

पूंजी की सत्ता

देश में आर्थिक विकास दर कितनी ही कम क्यों न हो लेकिन राजनीतिक दलों की आय पर उसका कोई असर नहीं होता है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की 31 अक्तूबर 2019 की ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2018-19 में छह राष्ट्रीय दलों की आय में पिछले वित्त वर्ष 2017-18 की तुलना में 166 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एडीआर ने यह जानकारी दलों की आयकर विवरणी से हासिल की है जिसकी जानकारी सभी राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग को देनी होती है। भारत में वर्तमान में सात राष्ट्रीय राजनीतिक दल भाजपा, कांग्रेस, बसपा, राकांपा, भाकपा, माकपा और तृणमूल कांग्रेस हैं। राकांपा ने अभी तक अपनी आय और व्यय को सार्वजनिक नहीं किया है। छह राष्ट्रीय दलों को वित्त वर्ष 2018-2019 में 3,698 करोड़ रुपए मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा आय भाजपा को हुई है। भाजपा को 3,410 करोड़ रुपए मिले हैं जोकि सभी दलों की कुल आय का 65.16 प्रतिशत है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस है जिसे 918 करोड़ रुपए मिले हैं। इसी प्रकार तृणमूल कांग्रेस को 192 करोड़, माकपा को 100 करोड़, बसपा को 69 करोड़ और भाकपा को सात करोड़ रुपए मिले हैं।

सवाल उठता है कि आखिर इतना पैसा आता कहां से है? जिस दिन यह स्पष्ट हो जाएगा, चुनाव स्वच्छ हो जाएंगे। राजनीतिक दल आयकर देते नहीं हैं। इस बारे में सूचनाधिकार के जरिए पूछा नहीं जा सकता है। आम आदमी पर कर लगातार बढ़ाते जा रहे हैं मगर उनके करों को कम करना नहीं है। ऊपर से कहते हैं कि मध्य वर्ग अपनी फ्रिक खुद कर लेगा। जब राजनीतिक दल कर नहीं देंगे तो सड़कें कैसे बनेंगी? बिजली कहां से आएगी? क्या इन सड़कों पर राजनीतिक दल नहीं चलते हैं? क्या बिजली का इस्तेमाल वे नहीं करते हैं? फिर ऐसा क्यों होता है कि सारी सहूलियतें नेताओं को मिलती जाएं और उन्हें पूरा करने के लिए आम आदमी कर भरता जाए? सरकार और सरकारी एजेंसी न जानना चाहती है और न बताना चाहती है कि देश के 'सेवकों' की संपत्ति में 50 से 250 फीसद तक का इजाफा पांच साल की सत्ता में कैसे हो जाता है?

राजनीतिक दलों की आय का प्रमुख जरिया 'कॉरपोरेट फंडिंग' भी होता है। अटल बिहारी वाजपेयी ने कॉरपोरेट फंडिंग पर पाबंदी की मांग की थी। उनका मानना था कि शेयरधारकों के पैसों पर चलने वाली कंपनियों को दलों को पैसा देने का हक नहीं है। वे 17 अगस्त 1962 को कॉरपोरेट फंडिंग पर रोक के लिए निजी विधेयक भी राज्यसभा में लाए थे हालांकि उसे राज्यसभा में नकार दिया गया। अब सवाल उठता है कि जो सत्ता में रहते हैं उन्हें पैसा खूब क्यों मिलता है? पैसा देने वाले बदले में क्या चाहते हैं? इतने पैसे का राजनीतिक दल करते क्या हैं?

समझ से परे है कि चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी को सत्तर लाख रुपए तक खर्च करने का अधिकार दिया गया है लेकिन क्या ऐसा संभव है कि आज के समय इतनी रकम में यह चुनाव लड़ लिया जाए? महानगरों में महापौर का चुनाव लड़ने वाला प्रत्याशी भी करोड़ों रुपए खर्च कर देता है तो फिर लोकसभा और विधानसभा चुनाव के खर्च का आप अंदाजा लगा सकते हैं। लिहाजा, जरूरी है कि राजनीतिक दलों को भी आयकर के दायरे में लाया जाए और उनसे आय के स्रोत और खर्चों का हिसाब मांगा जाए ताकि राजनीतिक दलों के प्रति जनता में भरोसा बना रहे।

● *गौतम एसआर, खंडवा, मध्यप्रदेश*

दूर की कौड़ी

राहुल गांधी अर्थव्यवस्था और बेरोजगारी की बातें तो करते हैं लेकिन इसके साथ-साथ उन्हें जमीन पर मेहनत करने की जरूरत है। पार्टी के कार्यकर्ताओं से सीधा जुड़ाव जब तक नहीं होगा, तब तक पार्टी को फिर से मजबूत करना उनके लिए दूर की कौड़ी साबित होगा।

● *नवीन थिरानी, नोहर*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

विषमता का विकास

हाल ही में ऑक्सफैम ने असमानता रिपोर्ट 2020 जारी की है। इसके अनुसार, तिरसठ भारतीय अरबपतियों की संयुक्त रूप से कुल संपत्ति वित्त वर्ष 2018-2019 के लिए जारी केंद्रीय बजट से भी अधिक है और देश में एक फीसद अमीरों के पास सत्तर फीसद आबादी के मुकाबले चार गुना अधिक धन है। यह निश्चित ही चिंता का विषय है। जहां एक तरफ भारत सामाजिक असमानता को खत्म करने के लिए प्रयासरत है तो दूसरी तरफ आर्थिक असमानता का बढ़ना अपने आप में शोचनीय है। इससे यह कहा जा सकता है कि संसाधन संपन्न और संसाधनहीन के मध्य आर्थिक खाई को बढ़ावा मिला है।

आज अर्थ की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को सुख, सुविधा, विलास और स्वार्थ से जोड़ दिया है। इस प्रक्रिया में सारी सामाजिक मान्यताओं, मानवीय मूल्यों को किनारे रख कर धन एकत्रित करने को सफलता का मूल मानक माना जाने लगा है। चंद लोगों के हाथों में समृद्धि को केंद्रित कर भारत को महाशक्ति बनाने का सपना कैसे देखा जा सकता है! हमारे देश में चंद लोगों के पास बहुत सारी पूंजी इकट्ठा होने के बजाय पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों लोगों को भी वह आसानी से उपलब्ध हो और कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया जा सके।

● *फैजान बेग, नई दिल्ली*

मुफ्त का फंदा

बिजली मुफ्त, पानी मुफ्त, बस किराया मुफ्त, वाईफाई मुफ्त... ऐसी ही तमाम चीजें मुफ्त परोसने की राजनीति लोगों को मुफ्तखोरी का अभ्यस्त ही बनाएगी। अगर यही सब चलता रहा है तो सरकार की विकास योजनाओं वास्ते धन कहां से आएगा? यह भी संभव है कि कर्मचारियों के वेतन के भी लाले पड़ने लगें। दक्षिण अमरीकी देश वेनेजुएला की शावेज सरकार का उदाहरण दुनिया के सामने है। उन्होंने भी जनता को तमाम चीजें मुफ्त दीं। पांच-छह साल हर चीज लोगों को मुफ्त मिलती रही। कोई काम न करने पर बेरोजगारी भत्ता मिलता था। सरकार कच्चा तेल बेच कर अपना और देश का सारा खर्चा चलाती थी। धीरे-धीरे तेल के दाम आधे-तिहाई रह गए। सरकार ने कर्ज लिया। जनता कोई काम करना नहीं चाहती थी। शावेज अपनी नीतियों के जाल में फंस गए। वेनेजुएला कर्ज के दलदल में धंसता चला गया। उसकी मुद्रा बोलीवार का भारी अवमूल्यन हो गया। एक डॉलर में 35,00,000 बोलीवार मिलने लगे। महंगाई बढ़ने की दर कल्पना से परे चली गई। हर 35 दिन में दाम दुगने हो जाते थे। एक करोड़ बोलीवार में एक किलो दूध आने लगा। लोगों के पास बोरे भर कर नोट हैं, पर पेट भरने के लिए सामान नहीं हैं। शावेज देश छोड़ कर भाग गए। हमें वेनेजुएला से सीख लेनी चाहिए।

● *पूनम मित्तल, मोहनपुरी, मेरठ*

www.readwhere.com

जरा हट के

अमेरिका के लॉस एंजिल्स शहर के डॉल्बी थिएटर में आयोजित ऑस्कर समारोह में भाग लेती गायिका और संगीतकार बिली इलिश।

बोल

हमने यह आग्रह किया है कि बांग्लादेश में चल रही मौजूदा परियोजनाओं में किसी भी चीनी नागरिक की भर्ती नहीं की जाए।

-एके अब्दुल मोमिन, बांग्लादेश के विदेश मंत्री

विवाद

यूरोपीय देश संभावित परमाणु हथियार रखने को लेकर मची होड़ से पैदा संकट पर मूकदर्शक नहीं बने रह सकते।

-एमैनुएल मैक्रो, फ्रांस के राष्ट्रपति

सम-सामयिक

बदली विदेश नीति : श्रीलंका को क्यों भाने लगा भारत

जनसत्ता संवाद

चीन के करीबी रहे श्रीलंका के शीर्ष नेताओं की भारत दौरे को लेकर उसकी विदेश नीति में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। बीते कुछ साल तक श्रीलंका की विदेश नीति को देखा जाए तो तसवीर बिल्कुल साफ रही- हिंद महासागर के इस द्वीपीय देश का झुकाव चीन की तरफ रहा। लेकिन नवंबर 2019 से बदलाव दिखने लगा।

नवंबर 2019 में श्रीलंका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में गोटाबाया राजपक्षे ने जीत हासिल की। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के तुरंत बाद गोटाबाया नवंबर में ही अपनी पहली विदेश यात्रा पर भारत पहुंचे। राष्ट्रपति के दौरे के चंद महीनों बाद अब प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे भारत की पांच दिन की यात्रा पर पहुंचे। किसी देश के दो शीर्ष नेताओं का इतनी जल्दी-जल्दी दौरे पर आना कोई आम बात नहीं मानी जाती।

श्रीलंका की चीन से इतनी ज्यादा करीबी रही कि उसके मौजूदा प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे जब राष्ट्रपति थे, तो चीन से जुड़े ज्यादातर मामलों में उनका जवाब 'हां' ही होता था। इतना ही नहीं, मौजूदा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के छोटे भाई गोटाबाया राजपक्षे को भी चीन का ही करीबी माना जाता है। 2005 से 2015 तक श्रीलंका के राष्ट्रपति रहे महिंदा राजपक्षे (अब प्रधानमंत्री) के बारे में कहा जाता था कि उनका चीन को लेकर काफी नर्म रुख रहा। ऐसे में सवाल उठता है कि श्रीलंका को अचानक भारत से नजदीकी बढ़ाने की कैसे सूझी?

दरअसल, महिंदा की इस नरमी ने देश को कर्ज के बोझ तले इस कदर दबाया कि उनके बाद के नेता भी इससे उभर नहीं पाए। इंटरनेशनल मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक श्रीलंका पर 2017 में कुल विदेशी कर्ज 55 अरब डॉलर हो गया था, जिसमें 2016 तक चीन का छह अरब डॉलर का कर्ज भी शामिल था।

श्रीलंका पर चीन का कर्ज इतना बढ़ा कि उसे अपना हंबनटोटा बंदरगाह चीन की मर्चेंट पोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड कंपनी को 99 साल के लिए लीज पर देना पड़ा। साल 2017 में इस बंदरगाह को 1.12 अरब डॉलर में इस कंपनी को सौंपा गया। इसके साथ ही बंदरगाह के पास ही करीब 15 हजार एकड़ जमीन भी औद्योगिक जोन के लिए चीन को देनी पड़ी। 2015 में चीन ने श्रीलंका के हम्बनटोटा बंदरगाह पर एक एअरपोर्ट, एक कोल पावर प्लांट और सड़क बनाने के लिए करीब चार अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया, 2016 में राजपक्षे के जाते-जाते यह कर्ज इतना बढ़ा कि उसे अपना यह बंदरगाह लीज पर देना पड़ा।

अब आलम यह है कि श्रीलंका चीन की कर्ज नीति में काफी बुरी तरह से फंस चुका है और अब वह इससे बाहर निकलना चाहता है। शायद इसी वजह से श्रीलंका ने अपना झुकाव भारत की तरफ करना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर, भारत इस घटनाक्रम में अपने लिए अच्छा अवसर देख रहा है। श्रीलंका ने चीन को जो इलाका सौंपा है वो भारत से महज 100 मील की दूरी पर है। भारत के लिए इसे सामरिक रूप से खतरा बताया जा रहा है। भारत कभी नहीं चाहेगा कि चीन उसकी सीमा के नजदीक अपनी पैठ बनाए।

श्रीलंका में नई सरकार बनने पर भारत ने भी दोस्ती का हाथ बढ़ाने में देरी नहीं की। गोटबाया राजपक्षे के राष्ट्रपति पद संभालते ही अगले दिन भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर श्रीलंका दौरे पर पहुंच गए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल श्रीलंका के दौरे पर गए और वहां 50 मिलियन डॉलर की मदद देने का वादा कर आए थे।

आर्थिक पक्ष

भारत दौरे पर आए श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा भारत लंबे समय से श्रीलंका का मित्र है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नई दिल्ली ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ जंग में कोलंबो का साथ दिया है। महिंदा राजपक्षे ने कहा कि हम अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा दी गई 400 मिलियन डॉलर की 'लाइन ऑफ क्रेडिट' और आतंकवाद से लड़ने के लिए श्रीलंका को दी गई 50 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट की सराहना करते हैं।

शोध

चावल के दाने से भी छोटा रडार

जनसत्ता संवाद

भारतीय वैज्ञानिकों ने अब चावल के दाने से भी छोटी चिप पर एक ऐसा रडार विकसित किया है, जो दीवार के पार रखी चीजों को भी आसानी से पकड़ लेगा।

भारतीय वैज्ञानिकों ने चावल के दाने से भी छोटी चिप पर एक ऐसा रडार विकसित किया है, जिससे दीवार के आर-पार की गतिविधियों की भी जानकारी मिल सकती है। इससे शोध से पुलिसकर्मियों, दमकलकर्मियों और सुरक्षा बलों को आपात स्थितियों से निपटने में मदद मिल सकती है।

भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरु के वैज्ञानिकों ने थ्रू-द-वॉल रडार (टीडब्ल्यूआर) विकसित किया है। इस रडार को विकसित करने का श्रेय भारतीय विज्ञान संस्थान के इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गौरव बनर्जी और उनके शोध दल को जाता है। इस रडार को बनाने में पांच साल लगे। शोधकर्ताओं ने बताया कि सिमॉस (कॉम्पलिमेंट्री मेटल ऑक्साइड सेमीकंडक्टर) टेक्नोलॉजी की मदद से यह रडार बनाया गया है। इसकी खासियत है कि यह दीवार के पार रखी चीज का पता लगा सकता है। यह संबंधित वस्तु की दूरी, उसकी गति और आकार का पता लगा सकता है। यह रक्षा क्षेत्र से लेकर कृषि, स्वास्थ्य और परिवहन समेत विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगी हो सकता है। डॉ बनर्जी ने इस प्रौद्योगिकी को देश की बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने बताया, 'दुनिया के कुछ मुट्ठी भर देशों के पास ही आज किसी रडार के पूरे इलेक्ट्रॉनिक्स को एक चिप पर स्थापित करने की क्षमता है।'

गौरव बनर्जी ने बताया कि रडार बनाने का काम 2015 में शुरू किया गया था। रडार की डिजाइनिंग को लेकर दो साल तक शोध किया गया। इसके बाद इसे प्रधानमंत्री के 'इम प्रिंट प्रोग्राम' की मदद मिली। 2017 में केंद्र सरकार से आर्थिक मदद मिलने के बाद रिसर्च एंड डेवलपमेंट में समय लगा। 2019 के जनवरी में चिप की डिजाइन को अंतिम रूप देकर इसे बनने के लिए ताइवान भेजा गया। छह माह में यह बनकर आया। फिर छह माह इसके परीक्षण में लगे। जनवरी 2020 के अंत में सिमॉस चिप रडार को फाइनल किया गया। सिमॉस टेक्नोलॉजी से बने इस रडार में एक ट्रांसमीटर, तीन रिसीवर और एक उन्नत फ्रीक्वेंसी सिंथेसाइजर लगाया गया है। डॉ बनर्जी ने बताया, 'रडार डिजाइन के मामले में टीडब्ल्यूआर इमेजिंग हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है।' इसकी वजह यह है कि दीवारों से गुजरते हुए संकेत मंद पड़ जाते हैं। अधिक आवृत्तियों से युक्त रेडियो तरंगें इस चुनौती को हल करने में उपयोगी हो सकते हैं, जिसे डिजाइन करना एक जटिल कार्य है। इस तरह के रडार में खास तरह के चर्प संकेतों का उपयोग होता है, जिसमें माइक्रोवेव ट्रांसमीटर, एक रिसीवर और एक आवृत्ति सिंथेसाइजर जैसे अनुकूलित इलेक्ट्रॉनिक्स की आवश्यकता होती है। इन सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को एक छोटे चिप के रूप में बदलना एक बड़ी चुनौती थी। इसी कारण इस रडार को बनने में समय लग गया। शोधकर्ताओं का कहना है कि छोटा आकार होने के कारण इसका उत्पादन बड़े पैमाने पर आसानी से किया जा सकता है।

रडार किसी चीज से संकेतों के टकराकर लौटने के सिद्धांत पर काम करते हैं और इनका उपयोग करते समय संकेतों के लौटने में लगने वाले समय का आकलन किया जाता है। इस तरह के संकेतों के आधार पर वस्तु या इंसान का एक खाका तैयार किया जा सकता है और यह निर्धारित करने में भी मदद मिल सकती है कि वह वस्तु किस गति से चलायमान है। टीडब्ल्यूआर तकनीक आम रडार से एक कदम आगे की चीज है, जो रेडियो तरंगों के जरिए दीवारों को भेदने के सिद्धांत पर काम करती है, जिसे प्रकाश की किरणें भेद नहीं पाती हैं।

इस चिपनुमा रडार का इस्तेमाल रक्षा के क्षेत्र में किया जा सकता है। इसके अलावा परिवहन, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में भी यह उपयोगी है। यह परिवहन के क्षेत्र में इसे ऑटोमोटिव रडार के रूप में वाहन में इस्तेमाल किया जा सकता है। साथ ही भविष्य में यह एडवांस ड्राइवर असिस्टेंट सिस्टम यानी ऑटोमेटिक कार को भी मजबूती देगा। इसके अलावा कृषि क्षेत्र और पशुपालन में भी इससे लोगों को मदद मिलेगी। रडार के जरिए जानवरों के बीच होनेवाली बीमारी और पौधे के तेजी से नष्ट होने के कारण का पता लगाया जा सकता है। जानवरों में होनेवाली बीमारी का यह रडार एक साथ सैकड़ों जानवर की हृदय गति और श्वसन तंत्र का मेजरमेंट कर पता लगा सकेगा। वर्तमान में इस रडार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के साथ जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। यह अध्ययन केंद्र सरकार के इम्प्रिंट कार्यक्रम, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अनुदान पर आधारित है।

चावल के एक दाने की तुलना में टीडब्ल्यूआर रडार-ऑन-चिप का सूक्ष्मदर्शी से लिया गया चित्र

विश्व परिक्रमा

300 बांग्लादेशी विशेष विमान से ढाका लौटे

रविवार, 2 फरवरी : कोरोना वायरस संक्रमण के केंद्र बने चीन के वुहान शहर से शनिवार को करीब 300 बांग्लादेशी विशेष विमान से स्वदेश लौटे। उन्हें सेना एवं पुलिस की निगरानी में पृथक केंद्र में रखा गया है। इस विमान में 12 बच्चे और तीन शिशु शामिल हैं।

कोरोना वायरस से 305 लोगों की मौत

सोमवार, 3 फरवरी : घातक कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण चीन के बाहर मौत का पहला मामला फिलीपीन में सामने आया है और इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 305 हो गई है। इस विषाणु से 14,562 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है।

ग्रेटा थुनबर्ग नोबेल के लिए नामित

मंगलवार, 4 फरवरी : स्वीडन के दो सांसदों ने अपने देश की किशोरी जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थुनबर्ग को 2020 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। स्वीडन की लेफ्ट पार्टी ने सोमवार को कहा कि थुनबर्ग ने 'जलवायु संकट पर नेताओं का ध्यान खींचने के लिए कड़ी मेहनत की है।'

ग्रेटा थुनबर्ग

भारत में दस में से एक व्यक्ति को कैंसर

बुधवार, 5 फरवरी : विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की एक रिपोर्ट में दस भारतीयों में से एक को अपने जीवनकाल में कैंसर होने और 15 में से एक की इस बीमारी से मौत होने की आशंका जताई गई है। 2018 में भारत में कैंसर के 11.6 लाख नए मामले सामने आए। डब्लूएचओ और 'इंटरनेशनल एजंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर' ने रिपोर्ट जारी की है।

महाभियोग के दौरान डोनाल्ड ट्रंप की जीत तय

गुरुवार, 6 फरवरी : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बुधवार को सीनेट में महाभियोग के मुकदमे में जीत तय मानी जा रही है। ट्रंप के खिलाफ भ्रष्टाचारों के आरोपों की कई हफ्ते तक जांच के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के बहुमत वाले निम्न सदन प्रतिनिधि सभा ने दिसंबर में पद के दुरुपयोग और कांग्रेस की कार्रवाई बाधित करने का अभियोग राष्ट्रपति पर लगाया।

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर लौटी

शुक्रवार, 7 फरवरी : अमेरिकी अंतरिक्ष एजंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग 11 महीने बिताने के बाद गुरुवार को पृथ्वी पर लौट आईं। अंतरिक्ष में किसी महिला का सबसे लंबा मिशन है।

सुरक्षा मास्क की दुनिया भर में कमी

शनिवार, 8 फरवरी : विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के प्रमुख ने शुक्रवार को चेताया कि कोरोना वायरस को फैलने से रोकने वाले मास्क और अन्य सुरक्षा उपकरणों की दुनिया भर में कमी हो रही है।

जानें-समझें

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट

राम मंदिर निर्माण में कितने मोड़

दीपक रस्तोगी

अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के निर्माण के लिए गठित 'श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' की पहली बैठक की तैयारियां चल रही हैं। दिल्ली में 19 फरवरी की बैठक में मंदिर के शिलान्यास की तिथि तय की जा सकती है। यह तिथि नव संवत्सर (25 मार्च), राम नवमी (दो अप्रैल), हनुमान जयंती (आठ अप्रैल) या अक्षय तृतीया (26 अप्रैल) में से कोई एक हो सकती है। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष का चुनाव किए जाने की योजना है। खींचतान इस दूसरे एजंडे को लेकर दिख रही है। सरकार ने ट्रस्ट के सदस्यों के 15 नाम घोषित किए हैं, लेकिन अयोध्या के मंदिर आंदोलन में भागीदार रहे संत समाज के एक वर्ग और विश्व हिंदू परिषद में प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से नाराजगी दिख रही है। ट्रस्ट में तीन और लोगों को लिए जाने की गुंजाइश है और इन जगहों की दावेदारी में घमासान मचा है। शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती अपनी नाराजगी सार्वजनिक कर चुके हैं। नवगठित ट्रस्ट नौ सदस्यों को यह अधिकार दिए गए हैं कि वे किन्हीं दो लोगों का चयन कर सकते हैं। एक सदस्य के रूप में श्रीराम मंदिर न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को ट्रस्ट में शामिल किए जाने के आसार हैं।

फैसले की कितनी आजादी

केंद्र सरकार ने पांच फरवरी को ट्रस्ट के गठन का ऐलान किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बाबत लोकसभा में ऐलान करते हुए कहा कि यह ट्रस्ट अयोध्या में भगवान श्रीराम की तीर्थस्थली पर भव्य और दिव्य राम मंदिर के निर्माण और उससे संबंधित विषयों पर निर्णय लेने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र होगा। ट्रस्टियों में अयोध्या केस में लंबे समय से हिंदू पक्ष की पैरवी करने वाले के परासरण, अयोध्या राज परिवार के बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र, होम्योपैथ डॉ. अनिल कुमार मिश्र, 1989 के राम मंदिर आंदोलन में पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज समेत 15 लोग समूचे मामले से किसी न किसी रूप में सक्रिय रहे। लेकिन जिस तरह से संत समाज और पूर्ववर्ती राम जन्मभूमि न्यास या विश्व हिंदू परिषद ने दबाव बनाना शुरू किया है, उसे लेकर नवगठित ट्रस्ट के सामने संतुलन बनाए रखने की चुनौती है।

शंकराचार्य नाराज

दशकों पुराने मंदिर आंदोलन में शामिल शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती ने खुद को शामिल नहीं किए जाने को लेकर आपत्ति जताई है, जिससे विवाद शुरू हो गया है। स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य अविमुक्तेश्वरानंद ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इसमें संशोधन नहीं किया तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। शारदा पीठ और ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती ने यहां वासुदेवानंद सरस्वती को ट्रस्ट में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के रूप में शामिल किए जाने पर आपत्ति जताई है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने स्वरूपानंद को ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के रूप में मान्यता दी थी।

संतों ने उठाई मांग

वृंदावन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और वृंदावन कुंभ को लेकर वैष्णव अखाड़ा परिषद और चतुः संप्रदाय विरक्त वैष्णव परिषद की संयुक्त बैठक में महामंडलेश्वर, महंत, साधु, संत, ब्राह्मण और भागवत विलानों ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट में महंत नृत्यगोपाल दास के साथ अयोध्या के तीनों अनी अखाड़े के महंतों को भी स्थान मिलना चाहिए। महामंडलेश्वर गोपीकृष्ण दास महाराज के मुताबिक, राम जन्मभूमि आंदोलन में भी बड़ी भूमिका अखाड़े वैष्णव संतों की रही है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। पीपालाराचार्य बाबा महामंडलेश्वर बलराम शरणदेवाचार्य एवं चतु संप्रदाय विरक्त वैष्णव परिषद अध्यक्ष महंत जयराम दास ने कहा कि रामानंद संप्रदाय, निमबार्क संप्रदाय, माधवाचार्य संप्रदाय, विष्णु स्वामी संप्रदाय के मठाधीश महंतों को ट्रस्ट में स्थान मिलना चाहिए।

तराशे गए पत्थरों पर सवाल

राममंदिर ट्रस्ट में फिलहाल जिन सदस्यों को जगह दी गई है, उनमें विहिप का एक भी सदस्य नहीं है। सवाल उठाया जाने लगा है कि अयोध्या में विहिप की कार्यशाला में राममंदिर के लिए तराशे गए पत्थरों का भविष्य क्या होगा। तराशे गए पत्थरों की उपयोगिता क्या हो सकती है। यह तय है कि राममंदिर के लिए तराशे गए पत्थरों की उपयोगिता अब नवगठित ट्रस्ट को ही तय करनी है। विहिप को अब भी उम्मीद है कि राममंदिर उनके प्रस्तावित मॉडल एवं तराशे गए पत्थरों से ही बनेगा। अटकलें लगाई जा रही हैं कि नवगठित ट्रस्ट इन पत्थरों को दान में लेकर मंदिर निर्माण में उपयोग कर सकता है। राममंदिर के लिए अब तक एक लाख दस हजार घनफुट पत्थरों को तराशा जा चुका है। दूसरी ओर, सरकार और रामजन्मभूमि न्यास के बीच इस बात पर लगभग सहमति बन गई है कि तराश कर रखे गए जयपुर के लाल पत्थरों और खंभों से ही रामजन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण शुरू किया जाएगा। इस संबंध में रामजन्मभूमि न्यास अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास व उनके उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से दो दौर की वार्ता हो चुकी है। इस वार्ता के आधार पर एक प्रस्ताव ट्रस्ट की पहली बैठक में रखा जाएगा।

क्या कहते हैं जानकार

फाइल फोटो

विहिप के मॉडल पर ही अयोध्या में राम मंदिर बनेगा। किसी नए मॉडल पर मंदिर बनने का विचार होगा तब तो 25 साल से भी अधिक समय मंदिर बनाने में ही लग जाएगा। 20 साल से अयोध्या में तराशे जा रहे पत्थर मंदिर के मॉडल के हिसाब से है।

- चंपत राय, उपाध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद

मेरे ख्याल में चार से पांच साल में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर को जल्द से जल्द तैयार करने के लिए बेहतर तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। नवगठित ट्रस्ट की बैठक में हर बिंदु पर विचार कर फैसला लिया जाएगा।

-कामेश्वर चौपाल, सदस्य, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट

व्यक्तित्व

विद्या देवी : 97 साल की उम्र में बनीं सरपंच

जनसत्ता संवाद

राजस्थान की सीकर जिले की नीमकाथाना के पुराना बांस गांव की विद्या देवी ने सरपंच का चुनाव जीत कर एक अनोखा रेकॉर्ड बनाया है। सत्तानवे साल की उम्र में सरपंच पद पर निर्वाचित हुई विद्या देवी संभवतः राजस्थान की सबसे उम्रदराज सरपंच चुनी गई हैं। गौरतलब है कि राजस्थान में 87 पंचायत समितियों की 2726 ग्राम पंचायतों के 26800 वार्डों में पिछले महीने यानी जनवरी में मतदान प्रक्रिया पूरी हुई। ग्राम पंचायत में कुल 4,200 मतदाताओं में से 2,856 मतदाताओं ने मत डाले। ग्राम पंचायत में कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। राजस्थान के सीकर जिले में संपन्न हुए पंचायत राज चुनाव के प्रथम चरण में नीमकाथाना के पुराना बांस ग्राम पंचायत से विद्या देवी ने सरपंच पद का चुनाव जीत लिया है। सरपंच चुने जाने पर खुशी जताते हुए विद्या देवी ने बताया कि गांव में ब्याह कर आई तब से राजनीति देख रही हूं। उनके पति 55 साल पहले निर्विरोध सरपंच चुने गए थे। विद्या देवी के पति शिवराम सिंह सेना में मेजर थे। वह 1990 से पहले 25 साल तक गांव के सरपंच थे। वहीं उनके ससुर सूबेदार सेडूराम भी बीस साल तक सरपंच रहे। वह प्रदेश की पहली ऐसी महिला है जो उम्र के इस दौर में विकास का सपना लेकर चुनावी दंगल में उतरी और जीत हासिल की। सरपंच के पद पर जीत दर्ज करने वालीं विद्या देवी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी आरती मीणा को 207 वोटों के अंतर से हराया है। अपनी जीत के लिए गांव के लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने गांव के विकास के लिए कार्य करने और गांव के अंदर स्वच्छता के लिए विशेष कार्य करने की बात कही है। विद्या देवी ने कहा कि वे सबसे पहले गांव की साफ-सफाई करवाएंगी। साथ ही गांव में पीने के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था समेत गरीबों के हित के लिए काम करेंगी। विद्या देवी के जीत के जश्न में शामिल ग्रामीणों का कहना है कि विद्या देवी बहुत अच्छी सरपंच बनेंगी साथ ही वह गांव के विकास का कार्य करेंगी।

97 साल की उम्र में वह बिल्कुल स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि गांव में विकास के कार्यों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी. सबसे पहले गांव में सफाई और पानी की समस्याओं को दूर किया जाएगा। इसके अलावा गांव के और भी विकास कार्य किए जाएंगे। विद्या देवी ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पुरान बास इलाके से जीती हूं। लोगों ने मुझे सरपंच का चुनाव जिताकर मुझ पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास में कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी। ग्रामीणों ने मुझे जो समस्या बताई है उसका जल्द से जल्द समाधान कर दिया जाएगा। विद्या देवी बताती हैं कि गांव के विकास में पति और ससुर का बड़ा योगदान रहा। विकास की इसी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए चुनाव में उतरी और जीत गईं।

तीन साल में अल्पसंख्यकों को 1677 करोड़ का ऋण मिला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 फरवरी।

केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास व वित्त निगम (एनएमडीएफसी) ने तीन सालों (2016 से 2019 तक) में अधिसूचित राष्ट्रीय अल्पसंख्यकों को 1677.81 करोड़ रुपए का ऋण दिया। इस दौरान सबसे अधिक 79.02 फीसद ऋण मुसलिमों को प्रदान किया गया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की ओर से यह जानकारी राज्यसभा में सांसद राकेश सिन्हा की ओर से पूछे गए एक लिखित प्रश्न के उत्तर में दी।

सोमवार को राज्यसभा में राकेश सिन्हा ने तारांकित प्रश्न संख्या 82 किया था। उन्होंने मंत्री से पूछा था कि साल 2016-17, 2017-18 और 2018-19 में एनएमडीएफसी द्वारा अल्पसंख्यकों को कितना-कितना ऋण दिया गया है? इसके अलावा उन्होंने ऋण प्राप्त करने वाले मुसलमानों, ईसाइयों, बौद्धों, जैनियों और पारसियों के अनुपात के बारे में भी पूछा था। मंत्री की ओर से सदन के पटल पर रखे गए उत्तर के मुताबिक एनएमडीएफसी अधिसूचित राष्ट्रीय अल्पसंख्यकों यानी मुसलिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी और जैन समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अपनी योजनाएं मुख्यतः संबंधित राज्य सरकारें या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा नामित राज्य चैनलाइजिंग एजंसियां (एवसीए) के माध्यम से कार्यान्वित कर रहा है।

मंत्री की ओर से बताया गया कि साल 2016-17 में 503.32 करोड़ रुपए, 2017-18 में 570.83 करोड़ और 2018-19 में 603.66 करोड़ रुपए दिए गए। इन तीनों सालों में सबसे अधिक 79.32 फीसद ऋण मुसलिमों को दिया गया। इसके अलावा ईसाइयों को 19.39 फीसद, सिखों को 0.75 फीसद, बौद्धों को 0.49 फीसद, जैनियों को 0.44 फीसद और पारसियों को ना के बराबर ऋण दिया गया। मंत्री की ओर से सदन के पटल पर रखे गए जवाब में कहा गया कि एनएमडीएफसी की शैक्षिक ऋण योजना के तहत साल 2016-17 में 3176 विद्यार्थियों को, 2017-18 में 2625 को और 2018-19 में 2897 विद्यार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया गया। तीनों सालों में मुसलिम विद्यार्थियों को सबसे अधिक 68.68 फीसद शैक्षिक ऋण दिया गया। इसके अलावा ईसाई विद्यार्थियों को 25.70 फीसद, सिख विद्यार्थियों को 0.49 फीसद, बौद्ध विद्यार्थियों को 0.04 फीसद, जैन विद्यार्थियों को 5.09 फीसद और पारसी धर्म के किसी भी विद्यार्थियों को ऋण नहीं दिया गया।

पदोन्नति में एससी/एसटी कोटा का मुद्दा न्यायालय में उठा

नई दिल्ली, 10 फरवरी (भाषा)।

अनुसूचित जातियों और जनजातियों को पदोन्नति में आरक्षण देने और ऐसी रिक्तियों को भरने का मुद्दा सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में उठा जिसमें शीर्ष अदालत ने कहा कि वह दो सप्ताह बाद इसपर सुनवाई करेगी।

महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने प्रधान न्यायाधीश एसए. बोबड़े की अध्यक्षता वाले पीठ के समक्ष कहा, 'महाराष्ट्र में गैर-आरक्षित श्रेणी में पदोन्नति हुई है लेकिन एससी/एसटी कर्मचारियों के लिए आरक्षित श्रेणी में पदोन्नति नहीं हुई है।' झारखंड सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस. पटवलिया ने भी कुछ ऐसी ही दलील देते हुए कहा कि सामान्य श्रेणी के कर्मचारियों को पदोन्नति दी जा रही है लेकिन सरकार एससी/एसटी कर्मचारियों के लिए आरक्षित श्रेणी में ऐसा करने में अक्षम है।

केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने इसका समर्थन करते हुए कहा कि इसपर नोटिस जारी किया जाए और उनकी बात दो सप्ताह में सुनी जाए। वेणुगोपाल ने कहा कि केंद्र सरकार में भी ऐसे करीब एक लाख पद रिक्त हैं। न्यायमूर्ति बोबड़े, न्यायमूर्ति बीआर. गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत के पीठ ने कहा, 'हम इसपर विचार करेंगे। इन्हें दो सप्ताह के बाद सूचीबद्ध किया जाए।' पीठ ने कहा कि वह इस मामले की सुनवाई नहीं कर सकेगी और इसे कोई और पीठ सुनेगी।

आतंकवादियों से 31 जनवरी को हुई मुठभेड़ की जांच एनआइए के जिम्मे

श्रीनगर, 10 फरवरी (भाषा)।

राष्ट्रीय जांच एजंसी ने 31 जनवरी को हुई मुठभेड़ की जांच अपने हाथ में ले ली है जिसमें जैश ए मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए थे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी करते हुए एजंसी को निर्देश दिया कि वह उन परिस्थितियों की जांच करे जिनमें तीन आतंकवादी सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर जम्मू कश्मीर में घुस आए थे।

जम्मू कश्मीर पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें उस आत्मघाती हमलावर का एक रिश्तेदार शामिल है जिसने पिछले साल पुलवामा में विस्फोट किया था। उस विस्फोट में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने कहा कि 31 जनवरी को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टोल प्लाजा पर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में आतंकवादी मारे गए थे। मारे गए आतंकवादी ट्रक में सवार होकर कश्मीर घाटी की तरफ जा रहे थे।

वहीं कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादी संगठनों के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी गिरफ्तारी जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाल में हुई मुठभेड़ के सिलसिले में हुई है जिसमें जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए थे। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रातभर चली कार्रवाई में सुहैल जावेद लोन, जहूर अहमद खान और सोहैब मंजूर को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि लोन जम्मू का छात्र है और समीर अहमद डार से मुलाकात नहीं होने की स्थिति में वह जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादियों से मुलाकात की दूसरी कड़ी है।

डार पिछले साल पुलवामा में आत्मघाती हमला करने वाले का रिश्तेदार है जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे। महत्त्वपूर्ण है कि 31 जनवरी को बान टोल नाका पर सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों को रोके जाने पर मुठभेड़ हुई थी जिसमें तीन पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए थे और दक्षिण कश्मीर के रहने वाले तीन सहयोगियों की गिरफ्तारी हुई थी। डार के अलावा जिन लोगों को घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया था उनके नाम सरताज अहमद मंटू और आसिफ अहमद मलिक है।

नोएडा प्राधिकरण का पूर्व मुख्य अभियंता यादव सिंह गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

सोमवार को नोएडा टेंडर घोटाले से जुड़े एक मामले में सुनवाई होनी थी। इस मामले में यादव सिंह अपनी पत्नी कुसुमलता के साथ कोर्ट में पेशी पर पहुंचा था। वहां वकीलों की हड़ताल होने के चलते केस की सुनवाई नहीं हो सकी। इसके बाद वह घर लौटने लगा, तभी नीचे खड़ी सीबीआइ टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पत्नी को बताया गया कि सीबीआइ को एक अन्य मामले में पूछताछ करनी है। इसके बाद सीबीआइ की टीम उसे लेकर चली गई।

सीबीआइ अधिकारियों के मुताबिक, आरोप है कि वर्ष 2007 से 2012 के बीच यादव सिंह नोएडा प्राधिकरण में मुख्य अभियंता के तौर पर तैनात था। इस बीच उसने 29 निजी फर्म को लाभ पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपए के टेंडर स्वीकृत किए। इनमें कई फर्म ऐसी थी, जोकि उसके परिवार के सदस्यों और दोस्त संजय कुमार के नाम रजिस्टर्ड थीं। आरोप है कि यादव सिंह ने फर्म को लाभ पहुंचाने के लिए उन्हें गलत तरीके से टेंडर जारी किए थे। इस मामले में सीबीआइ की दिल्ली ब्रांच ने हाईकोर्ट के आदेश पर 17 जनवरी 2018 को यादव सिंह, संजय कुमार समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गौरतलब है कि नवंबर 2014 को सीबीआइ ने पहली बार यादव सिंह के घर छापेमारी की थी।

मतगणना : दिल्ली के मन की बात पता चलेगी आज

पेज 1 का बाकी

हो। इसके अलावा महिलाओं को बसों में मुफ्त सफर का विकल्प देने का फायदा भी आम आदमी पार्टी को मिल सकता है। शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र में बड़े बदलाव का दावा भी 'आप' के नेता लगातार करते रहे हैं। जाहिर है कि इसका चुनावी फायदा भी पार्टी को मिल सकता है।

भाजपा नेताओं ने पूरा चुनाव राष्ट्रवाद के मुद्दे पर लड़ा। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने, सीएए लाने, तीन तलाक को खत्म करने जैसे मुद्दे भाजपा के चुनाव प्रचार में छाए रहे। शाहीन बाग में हो रहे सीएए विरोधी प्रदर्शन को निशाना बनाकर भाजपा नेताओं ने खूब बयानबाजी की। पार्टी अपनी जीत को लेकर इतनी आश्वस्त है कि एग्जिट पोल के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने ट्वीट कर दावा कर दिया कि 'मेरी बात लिखकर रख लीजिएगा कि दिल्ली में भाजपा ही सरकार बनाएगी'।

आम आदमी पार्टी और भाजपा नेताओं के दावों के बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, प्रदेश के प्रभारी पी सी चाको और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली सरीखे नेता कह रहे हैं कि दिल्ली के नतीजे चौंकाने वाले होंगे। उनकी मानें तो कांग्रेस को लेकर नकारात्मक कयासों का सिलसिला असली चुनाव परिणाम आने के बाद थम जाएगा। पार्टी के इस दावे में एग्जिट पोल के हिसाब से तो दम नहीं है लेकिन जानकारों का कहना है कि दिल्ली का चुनाव परिणाम इस बात पर निर्भर करेगा कि कांग्रेस का प्रदर्शन कैसा रहता है।

यदि वाकई उसका प्रदर्शन चौंकाने वाला हुआ तो आम आदमी पार्टी को नुकसान की गुंजाइश बनती है और यदि कांग्रेस का प्रदर्शन सिफर रहा तो उसका फायदा भी आम आदमी पार्टी को ही मिलना है।

दिल्ली में 1993 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के तीन मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज बने और तीनों दिवंगत हो चुके। कांग्रेस की ओर से शीला दीक्षित तीन बार लगातार मुख्यमंत्री बनीं और पिछले साल उनका भी निधन हो गया। ऐसे में दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर अरविंद केजरीवाल अकेले नेता हैं और यदि उनकी अगुआई में उनकी पार्टी जीत दर्ज करती है और वे फिर से मुख्यमंत्री बनते हैं तो ऐसा करने वाले वे दिल्ली के दूसरे नेता होंगे।

उमर की नजरबंदी को न्यायालय में दी चुनौती

पेज 1 का बाकी

दायर की। न्यायमूर्ति एनवी रमणा की अध्यक्षता वाले पीठ के समक्ष सारा अब्दुल्ला पायलट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इस याचिका का उल्लेख किया और इसे शीघ्र सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। सिब्बल ने कहा कि उन्होंने जन सुरक्षा कानून के तहत उमर अब्दुल्ला की नजरबंदी को चुनौती देते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है और इस पर इसी सप्ताह सुनवाई करने का अनुरोध किया।

पीठ इस याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गई है। सारा अब्दुल्ला पायलट ने अपनी याचिका में कहा है कि ऐसा व्यक्ति जो पहले ही छह महीने से नजरबंद हो, उसे नजरबंद करने के लिए कोई नई सामग्री नहीं हो सकती। याचिका में नजरबंदी के आदेश को गैरकानूनी बताते हुए कहा गया है कि इसमें बताई गईं वजहों के लिए पर्याप्त सामग्री और ऐसे विवरण का अभाव है जो इस तरह के आदेश के लिए जरूरी है। इसमें कहा गया है, 'यह बिरला मामला है कि वे लोग जिन्होंने सांसद, मुख्यमंत्री और केंद्र में मंत्री के रूप में देश की सेवा की और राष्ट्र की आकांक्षाओं के साथ खड़े रहे, उन्हें अब राज्य के लिए खतरा माना जा रहा है।'

याचिका में कहा गया है कि उमर अब्दुल्ला को चार-पांच अगस्त, 2019 की रात घर में ही नजरबंद कर दिया गया था। बाद में पता चला कि इस गिरफ्तारी को न्यायोचित ठहराने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 107 लागू की गई है। इसके अनुसार, 'इसलिए यह नितांत महत्वपूर्ण और जरूरी है कि यह न्यायालय व्यक्ति के जीने और दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा ही नहीं करे बल्कि संविधान के भाग के अनुरूप अनुच्छेद 21 के भाव की भी रक्षा करे क्योंकि जिसका उल्लंघन एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए अभिशाप है।'

याचिका में उमर को जन सुरक्षा कानून के तहत नजरबंद करने संबंधी पांच फरवरी का आदेश निरस्त करने का अनुरोध किया गया है। उमर अब्दुल्ला को इस कानून के तहत नजरबंदी के कारणों के बारे में बताया गया है कि राज्य के पुनर्गठन की पूर्व संध्या पर उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधानों और अनुच्छेद 35-ए को खत्म करने के फैसले के खिलाफ आम जनता को भड़काने का प्रयास किया। इस आदेश में एक अन्य वजह में इस फैसले के खिलाफ जनता को उकसाने के लिए सोशल नेटवर्किंग पर उनकी टिप्पणियों को भी शामिल किया गया है।

नेशनल कांफ्रेंस सांसद के बेटे पर भी लगा पीएसए

पेज 1 का बाकी

जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद से हिलाल लोन को एहतियातन हिरासत में रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार की सुबह उपायुक्त ने उन्हें कागजात सौंपकर बताया कि उन पर पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है, क्योंकि केंद्र शासित क्षेत्र के प्रशासन को लगता है कि उनकी रिहाई से उत्तरी कश्मीर में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है। प्रशासन ने पांच फरवरी से दो पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत कई नेताओं के खिलाफ पीएसए लगाया है।

पीएसए के तहत बंदी बनाए जाने के बाद हिलाल अकबर लोन को गुपकार रोड पर एक बंगले में बनाई गई अस्थायी सब जेल में ले जाया गया है। इससे पूर्व बीते सप्ताह प्रशासन ने नेशनल कांफ्रेंस के अली मोहम्मद सागर, पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, पीडीपी के वरिष्ठ नेता सरताज मदनी, नईद अख्तर को पीएसए के तहत बंदी बनाया। मोहम्मद अकबर लोन लोकसभा में उत्तरी कश्मीर के बारामूला का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके बेटे और नेशनल कांफ्रेंस के नेता हिलाल अकबर लोन को छह माह तक एहतियातन हिरासत में रखने के बाद सोमवार को प्रशासन ने जन सुरक्षा अधिनियम पीएसए के तहत बंदी बना लिया।

मतगणना के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

पेज 1 का बाकी

जाएंगे। मतों की गिनती के लिए राजधानी में बनाए गए सात मतगणना केंद्रों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस चुनावी दंगल में कूदे 593 पुरुषों व 79 महिला प्रत्याशियों की राजनीतिक तकदीर का फैसला दोपहर बाद तक हो जाने की संभावना है। मतदान खतम होने के करीब 24 घंटे बाद चुनाव आयोग ने रविवार को घोषणा की कि अंतिम मतदान प्रतिशत 62.59 रहा जो 2015 की तुलना में पांच फीसद कम है।

मतगणना केंद्र पूर्वी दिल्ली के सीडब्ल्यूजी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, पश्चिम दिल्ली के एनएसआईटी, दक्षिणपूर्वी दिल्ली के मीराबाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी और जी बी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी, मध्य दिल्ली में सर सी वी रमण आईटीआई, धीरपुर और उत्तरी दिल्ली के बवाना के राजीव गांधी स्टेडियम में बनाए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार मतगणना के लिए 33 पर्यवेक्षक होंगे। सुरक्षाकर्मियों ने स्ट्रांग रूमों की कड़ी निगरानी की जहां इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनें रखी गई हैं।

कोरोना वायरस, मंत्री समूह रोज कर रहा है समीक्षा : हर्षवर्धन

पेज 1 का बाकी

संबंधित मंत्रालयों और राज्यों के मुख्य सचिवों सहित अन्य अधिकारियों के साथ दैनिक समीक्षा की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ताजा स्थितियों की निरंतर समीक्षा कर रहा है। राज्यों के साथ हर दूसरे दिन वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि उनकी अध्यक्षता में मंत्रियों का एक समूह (जीओएम) बनाया गया है जो पूरे देश में कोरोना वायरस के संक्रमण की आशंका के चलते उत्पन्न स्थिति पर निगरानी रख रहा है, इसमें विदेश मंत्री, नागर विमानन मंत्री, गृह राज्य मंत्री, जहाजरानी राज्य मंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री को शामिल किया गया है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि भारत सरकार स्थिति पर निरंतर निगरानी रख रही है और कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

हर्षवर्धन ने कहा कि हमारे देश में अभी तक केरल से कोरोना वायरस के तीन पॉजिटिव मामलों की पुष्टि हुई है।

छेड़छाड़ मामले में गार्गी कॉलेज प्रशासन की शिकायत पर प्राथमिकी

पेज 1 का बाकी

रही है। पुलिस को कुछ वीडियो और सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिसके आधार पर कॉलेज में घुसे असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

गार्गी कॉलेज के छात्राओं का आरोप है कि छह फरवरी को सालाना समारोह में शामिल होने के लिए कॉलेज पहुंची थीं। कॉलेज परिसर में फेस्ट के लिए बाहर से कई सौ हुड़दंगी घुस आए और छात्राओं से छेड़छाड़ करने लगे। छात्राओं का आरोप है कि अधिकतर हुड़दंगी शराब के नशे में थे। इस संबंध में जब कॉलेज प्रशासन से शिकायत की तो उन्होंने ने भी छात्राओं की शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया। फेस्ट के अगले दिन कुछ छात्राओं ने उनके साथ हुए व्यवहार के बारे में सोशल मीडिया पर लिखा तब जाकर यह मामला लोगों के सामने आया।

वहीं, कॉलेज प्रशासन की ओर से कहा गया कि सुरक्षा के लिए पुलिस, बाउंसर और कमांडो की सेवाएं ली गई थीं। किसी भी छात्रा या समूह ने उनसे इस बाबत कोई शिकायत नहीं की है। उन्हें ऐसी किसी भी घटना की जानकारी नहीं है। कॉलेज की छात्राओं का कहना है कि कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान ऐसे बाहरी छात्रों और युवकों ने प्रवेश किया, जिनके पास पास नहीं थे और न ही उन्हें कॉलेज में प्रवेश की अनुमति थी। कुछ पीड़ित छात्राओं का कहना है कि गलत ढंग से कॉलेज में घुसे छात्र सरेआम ड्रग्स ले रहे थे।

'लिखित आश्वासन दे सरकार'

पेज 1 का बाकी

प्रदर्शनकारी सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं। लेकिन वे धरने पर तब तक बैठी रहेंगी, जब तक सरकार की ओर से उन्हें नागरिकता संशोधन कानून को वापस लिए जाने का लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता। इसके साथ ही उन्हें इस बात का भी आश्वासन चाहिए कि राष्ट्रीय नागरकिता पंजी (एनआरसी) और राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर) देश भर में लागू नहीं किया जाएगा।

आरक्षण मुद्दे पर संसद में हंगामा

पेज 1 का बाकी

कहना चाहता हूं कि 2012 में उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार थी। इतने संवेदनशील मुद्दे पर कांग्रेस जिस तरह से राजनीति कर रही है, वह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि वह पहले ही कह चुके हैं कि सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत सदन में बयान देंगे और सदस्य अगर इससे सहमत नहीं होते हैं तब अध्यक्ष को नोटिस दे सकते हैं।

सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री गहलोत ने इस मुद्दे पर सदन को बताया कि सरकार इस मुद्दे पर पक्षकार नहीं है लेकिन इस बारे में उच्च स्तर पर विचार किया जा रहा है। गहलोत ने यह भी कहा कि इस संदर्भ में केंद्र सरकार से कोई शपथ पत्र भी नहीं मांगा गया। उन्होंने कहा कि यह मामला 2012 का है जब उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार थी।

सदन में लोक जनशक्ति पार्टी, जनता दल (एकी) और अपना दल जैसे केंद्र में सत्तारूढ़ राजग के घटक दलों ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया और साथ ही शीर्ष अदालत के फैसले से असहमति व्यक्त करते हुए सरकार से आरक्षण के विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची में डालने की मांग की।

इससे पहले, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार एससी, एसटी से यह अधिकार छीनना चाहती है। दूसरी ओर राज्यसभा में अदालत के फैसले पर पुनरीक्षण याचिका दायर करने की मांग कर रहे विपक्षी दलों ने सरकार के जवाब को नाकाफी बताते हुए सदन से बहिर्गमन किया। न्यायालय के फैसले पर सरकार से स्पष्टीकरण देने की विपक्षी दलों की मांग पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत ने उच्च सदन में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सात फरवरी को प्रोन्नति में आरक्षण के बारे में निर्णय दिया है। यह विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसको ध्यान में रखते हुए सरकार इस पर उच्चस्तरीय विचार विमर्श कर रही है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन स्थित कार्यालय में सोमवार सुबह वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की। संसद सत्र के दौरान नियमित रूप से ऐसी बैठकें होती हैं लेकिन शीर्ष अदालत के फैसले की पृष्ठभूमि में यह बैठक महत्वपूर्ण है। आधिकारिक तौर पर इस बैठक को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पदोन्न्ति में आरक्षण मौलिक अधिकार नहीं है।

शीर्ष अदालत ने कहा, एससी/एसटी संशोधन कानून वैध

पेज 1 का बाकी

इस प्रावधान को बहाल किया गया था कि इस कानून के तहत दर्ज मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत नहीं दी जा सकती।

शीर्ष अदालत ने अपने 2018 के फैसले में सरकारी कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों के खिलाफ इस कानून के कठोर प्रावधानों के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का जिक्र करते हुए कहा था कि इस कानून के तहत दायर शिकायत पर तत्काल गिरफ्तारी नहीं होगी। शीर्ष अदालत की इस व्यवस्था के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन हुए थे जिनमें कई व्यक्तियों की जान चली गई थी और अनेक जख्मी हो गए थे।

संसद ने न्यायालय की इस व्यवस्था को निष्प्रभावी करने के लिए नौ अगस्त, 2018 को कानून में संशोधन करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी थी। बाद में केंद्र सरकार ने भी मार्च, 2018 के शीर्ष अदालत के फैसले पर पुनर्विचार के लिए याचिका दायर की थी। न्यायालय ने एक अक्तूबर, 2009 को शीर्ष अदालत के मार्च 2018 के फैसले में दिए गए दो निर्देशों को वापस लेते हुए पहले की स्थिति बहाल कर दी थी।

आम रास्ता नहीं रोक सकते प्रदर्शनकारी

पेज 1 का बाकी

एक निर्धारित स्थान पर होना चाहिए।' पीठ ने कहा, 'एक कानून है और इसे लेकर लोगों की शिकायतें हैं। मामला न्यायालय में लंबित होने के बावजूद कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। वे विरोध करने के हकदार हैं।' साथ ही पीठ ने कहा, 'ऐसा उस क्षेत्र में होना चाहिए जो विरोध प्रदर्शन के लिए निर्धारित हैं। आप लोगों के लिए असुविधा पैदा नहीं कर सकते।' शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि शाहीनबाग में लंबे समय से विरोध प्रदर्शन चल रहा है लेकिन यह दूसरे लोगों के लिए असुविधा पैदा नहीं कर सकता।

पीठ ने सवाल किया, 'क्या आप सार्वजनिक सड़क पर अवरोध पैदा कर सकते हैं? आप इसे अवरुद्ध नहीं कर सकते। मान लीजिए एक सार्वजनिक पार्क है, आप वहां विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते।' इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही इस मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक अधिवक्ता अमित साहनी ने कहा कि यह प्रकरण विरोध के अधिकार की सीमा के बारे में है।

पीठ ने जानना चाहा, 'क्या सरकार की ओर से कोई मौजूद है। हम इसमें नोटिस जारी करेंगे।' मामले में एक अन्य याचिकाकर्ता व भाजपा के पूर्व विधायक नंद किशोर गर्ग के अधिवक्ता शशांक देव सुधि ने जब शीर्ष अदालत से इस मामले में अंतरिम निर्देश देने का अनुरोध किया तो पीठ ने कहा, 'यदि आपने 50 से ज्यादा दिन इंतजार किया है तो कुछ दिन और इंतजार कर लीजिए।' अधिवक्ता महमूद प्राचा ने पीठ से कहा कि वह भीम आर्मी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद की ओर से इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहते हैं। पीठ ने कहा, 'आप जो उचित समझें, करें।'

साहनी ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कालिंदी कुंज-शाहीन बाग मार्ग पर यातायात सुचारू बनाने का दिल्ली पुलिस को निर्देश देने के लिए याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट ने साहनी की याचिका पर सुनवाई के दौरान स्थानीय प्रशासन से कहा था कि वह कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्थिति से निबटें। नंद किशोर गर्ग ने शाहीन बाग से प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्राधिकारियों को निर्देश देने के लिए अलग से याचिका दायर की थी। इस याचिका में गर्ग ने यह भी दलील दी थी कि सरकार का काम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है जिन्हें इस अवरोध के कारण लगातार परेशानी उठानी पड़ रही है। साहनी ने अपनी अपील में कहा था कि शाहीन बाग के प्रदर्शन ने दो अन्य शहरों में इस तरह के धरना प्रदर्शनों को हवा दी है और इसे जारी रखने की अनुमति से एक गलत परंपरा पड़ेगी।

'जोकर' का जलवा, ब्रैड पिट को आखिरकार मिला ऑस्कर

पेज 1 का बाकी

है। यहां रविवार रात आयोजित 92वें अकादमी पुरस्कार समारोह में इन पुरस्कारों की घोषणा की गई। दक्षिण कोरियाई फिल्म 'पैरासाइट' के निर्देशक बोंग जून-हो सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतने वाले पहले दक्षिण कोरियाई फिल्मकार भी बने। बोंग जून-हो ने दुभाषिए के माध्यम से कहा, 'जब अमेरिका में लोगों को मेरी फिल्म के बारे में नहीं पता था, क्वेंटिन (फिल्मकार) ने अपनी सूची में मेरी फिल्मों को रखा, मुझे आपसे प्यार है। टॉड फिलिप्स और सैम मेंडेस भी बेहतरीन निर्देशक हैं। अगर अकादमी मुझे इस पुरस्कार को बांटने का मौका दे तो मैं इसे पांच हिस्सों में बांटकर सबके साथ साझा करना चाहूंगा।'

फिल्म 'जोकर' में अपने बेहतरीन अभिनय से बाफ्टा, गोल्डन ग्लोब, स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवार्ड (एसएजी) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीत चुके जोकीन फीनिक्स ने अकादमी पुरस्कार भी अपने नाम किया। फीनिक्स (45) का यह पहला ऑस्कर पुरस्कार है। फीनिक्स ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए नस्ली भेदभाव, जलवायु परिवर्तन और लिंग असमानता जैसे मुद्दों को छुआ। वहीं उन्होंने अपने दिवंगत भाई रीवर फीनिक्स को भी याद किया, जिनकी 1993 में 23 साल की उम्र में 'ड्रग ओवरडोज' के कारण मौत हो गई थी। रेनी जेल्वेगर को फिल्म 'जूडी' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का ऑस्कर पुरस्कार मिला। करीब 15 साल पहले जेल्वेगर को 'कोल्ड माउंटेन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सह- अभिनेत्री की श्रेणी में ऑस्कर मिला था। फिल्म में उन्होंने अदाकारा व गायिका जूडी गारलैंड की भूमिका निभाई है। जेल्वेगर ने गारलैंड को याद करते हुए यह पुरस्कार उन्हें समर्पित किया। उन्होंने कहा, 'मिस गारलैंड निश्चित रूप से उन महान हस्तियों में शुमार हैं जो हमें एकजुट और परिभाषित करते हैं और यह निश्चित तौर पर आपके लिए है।' अभिनेता ब्रैड पिट ने 'वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड' में शानदार अदाकारी के दम पर अभिनय की श्रेणी में अपने करियर का पहला ऑस्कर जीता और लॉरा डर्न सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेत्री चुनी गई।

शिशु की मौत पर स्वतः संज्ञान

पेज 1 का बाकी

के आधार इस घटना का स्वतः संज्ञान लिया। सदावर्ते ने इस पत्र में कहा था कि किसी भी प्रकार के विरोध प्रदर्शन और आंदोलनों में अवयस्कों के हिस्सा लेने को प्रतिबंधित किया जाए। शीर्ष अदालत ने इस मामले में केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। पीठ ने इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने वाले बच्चों को उनके स्कूलों में 'पाकिस्तानी' और 'राष्ट्र विरोधी' बताए जाने के बारे में दो महिला अधिवक्ताओं के बयान पर भी दुःख व्यक्त किया। इसने कहा, 'हम नहीं चाहते कि लोग समस्याओं को और बढ़ाने के लिए इस मंच का इस्तेमाल करें।' पीठ ने इस बात पर अप्रसन्नता व्यक्त की कि वकील उसके द्वारा स्वतः संज्ञान लिए गए मुद्दे से भटक रहे हैं।

इसने कहा, 'हम सीएए या एनआरसी पर विचार नहीं कर रहे हैं। हम स्कूलों में पाकिस्तानी जैसी गालियों पर भी विचार नहीं कर रहे हैं।' पीठ ने स्पष्ट किया कि वह किसी की भी आवाज नहीं दबा रही है। इसने कहा, 'हम किसी की आवाज नहीं दबा रहे हैं। यह शीर्ष अदालत द्वारा सही तरीके से की जा रही स्वतः संज्ञान की कार्यवाही है।' दो महिला अधिवक्ताओं ने कहा कि वे पत्रकार और कार्यकर्ता जॉन दयाल व दो बच्चों की मां की ओर से इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहती हैं।

चार माह के शिशु की 30 जनवरी को अपने माता पिता के साथ शाहीन बाग से लौटने के बाद रात में नींद में ही मृत्यु हो गई थी। बच्चे के माता पिता सीएए विरोधी धरने में शामिल होने शाहीन बाग गए थे। भारतीय बाल कल्याण परिषद के राष्ट्रीय बहादुरी पुरस्कार से सम्मानित याचिकाकर्ता जेन गुणरत्न सदावर्ते ने प्रधान न्यायाधीश कार्यालय को लिखे पत्र में कहा कि बच्चे के माता पिता और शाहीन बाग में सीएए विरोधी आंदोलन के आयोजनकर्ता बच्चे के अधिकार की रक्षा करने में विफल रहे जिसकी वजह से उसकी मृत्यु हो गई। मुंबई के सातवीं कक्षा के इस छात्र ने आरोप लगाया कि शाहीन बाग में शिशुओं और बच्चों सहित विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के साथ शिशु और बच्चे उनके प्रतिकूल वातावरण से रूबरू हो रहे हैं।

www.readwhere.com

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में नक्सली ढेर, सीआरपीएफ के दो कमांडो शहीद

रायपुर, 10 फरवरी (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार सुबह मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो कमांडो शहीद हो गए और एक नक्सली मारा गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में सीआरपीएफ के दो जवान घायल भी हुए हैं।

अधिकारी ने बताया कि पमेड थाना अंतर्गत इरापल्ली गांव के जंगलों में सुबह करीब साढ़े 10 बजे उस समय मुठभेड़ शुरू हुई, जब सुरक्षाबल नक्सल रोधी अभियान चला रहे थे। यह जगह रायपुर से करीब 400 किलोमीटर दूर है। उन्होंने कहा, ' सीआरपीएफ की विशिष्ट इकाई 204वीं कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन (कोबरा) के चार जवान मुठभेड़ में घायल हो गए। इनमें से दो की मौत हो गई।' सीआरपीएफ के दो घायल कर्मियों में एक उप-कमांडेंट भी शामिल हैं।

अधिकारी ने कहा, 'मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया और मौके से एक हथियार बरामद हुआ है।' उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भेजा गया है और जंगल से घायल जवानों को निकालने का काम चल रहा है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सीआरपीएफ और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष सात नक्सलियों ने सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया। इन सात नक्सलियों में से तीन ऐसे हैं जिनके सिर पर इनाम घोषित था।

महाराष्ट्र : जेल से भागे पांच कैदी

मुंबई, 10 फरवरी (भाषा)।

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्थित कर्जत जेल से रविवार शाम पांच कैदी भाग गए। आरोपियों पर हत्या, बलात्कार और हथियार रखने जैसे मामलों में मुकदमे दर्ज हैं।

पांचों की पहचान ज्ञानेश्वर तुकाराम कोल्हे, अक्षय रामदास राउत, मोहन कुंडलिक मोरे, चंद्रकांत महादेव राउत और गंगाधर जगताप के रूप में हुई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि ज्ञानेश्वर को अवैध रूप से हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था जबकि अक्षय, मोहन और चंद्रकांत पर हत्या का आरोप है।

गंगाधर को बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने कहा, 'उन्होंने कर्जत में जिला सब-जेल की छत पर एक रोशनदान की छड़ निकाल दी और रविवार की शाम को फरार हो गए। घटना के वक्त एक गार्ड लॉकअप पर तैनात था और तीन अन्य को जेल के आसपास तैनात किया गया था।'

वरिष्ठ नागरिक को धमकाने पर पायलट निलंबित

नई दिल्ली, 10 फरवरी (भाषा)।

विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने 13 जनवरी को चेन्नई-बंगलुरु उड़ान में व्हीलचेयर वाले एक वरिष्ठ नागरिक को कथित तौर पर डराने और धमकाने के लिए इंडिगो के एक कैप्टन को तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि कमान पायलट ने यात्रियों- वरिष्ठ नागरिक और उनकी बेटी से माफीनामा लिखवाने पर जोर दिया।

सार्वजनिक घोषणा

[भारतीय ऋणशोध अक्षमता एवं दिवालिया बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 12(3) के साथ पठित विनियम 31(2)]

परिसमापनाधीन नोएसिस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ

भारतीय ऋणशोध अक्षमता एवं दिवालिया बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 31(2) के अनुसार एतद्वारा सार्वजनिक घोषणा की जाती है कि परिसमापनाधीन नोएसिस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ("कॉर्पोरेट देनदार") के हितधारकों की सूची परिसमापक द्वारा तैयार की गयी है जिसे 10 फरवरी, 2020 को माननीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली पीठ के समक्ष दाखिल किया गया है।

चूँकि कॉर्पोरेट देनदार की कोई सक्रिय वेबसाइट नहीं है अतः हितधारकों की सूची किसी भी व्यक्ति द्वारा इस सम्बन्ध में परिसमापक के ई-मेल आईडी पर निवेदन भेजकर प्राप्त किया जा सकता है।

योगेश कुमार गुप्ता
परिसमापक
नोएसिस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड-परिसमापनाधीन
आईपी पंजीकरण सं. : IBBI/IPA-003/IP-P00078/2017-18/10701
स्थान : नई दिल्ली — पता : सी-17-बी, बेसमेंट, कालकाजी, नई दिल्ली-110019
तिथि : 10.02.2020 — ई-मेल आईडी : ykgupta64@yahoo.co.in

इंडोसोलर लिमिटेड
(इनसॉल्वेंसी समाधान प्रोसेस के तहत कंपनी)
CIN: L18101DL2005PLC134879
पंजीकृत कार्यालय : सी-12 फ्रेंड्स कॉलोनी (पूर्वी) दिल्ली- 110065 ईमेल : cirp@indosolar.co.in
फोन नंबर : 120-4762525

नोटिस

सेबी के विनियम 29, 33 और 47 (सूची निर्धारण और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के नियमों के अनुसार, यह नोटिस दिया जाता है कि कंपनी के निदेशकों और / या समाधान प्रोफेशनल (आरपी) की एक बैठक फरवरी 2020 के 19वें दिन, दोपहर 2.00 बजे बुधवार को इकोटेक-II, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश 201306 आयोजित होने वाली है, जिसमें अंतरिम रूप से इस तिमाही और नौ महीने के लिए ऑडिट किए गए वित्तीय परिणाम (ओं) पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिए जो 31 दिसंबर, 2019 को समाप्त हुआ और तिमाही और वर्ष जो की 31 मार्च 2019 को समाप्त हुआ। उक्त नोटिस की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट www.indosolar.co.in पर उपलब्ध है।

इंडोसोलर लिमिटेड के लिए
(इनसॉल्वेंसी समाधान प्रोसेस के तहत कंपनी)
हस्ता / -
दिनांक : 11.02.2020 — गुलशन गाबा
स्थान : नई दिल्ली — समाधान प्रोफेशनल

COURT NOTICE

In the court of Sh. Devnoor Singh JMIC Ludhiana
Publication notice for proclamation under section 82 CR.PC
Complaint U/w sec- 138 of N.I ACT
CNR NO:PBLD03-013511-2019
PESHI:17-02-2020

M/s A. B. Industries
V/s
M/s Ruchika Sales

Notice to 1. M/s ruchika sales agencies, B.no 32, baffeli dukan, road no 9, v.k. industrial area, jaipur through its prop./ Partner/ auth signatory s. Khaitan 2. S. Khaitan prop./ Partner/ auth signatory of m/s ruchika sales agencies,a no 32, baffeli dukan, road no 9, v.k. industrial area, jaipur. Whereas it has been proved to the satisfaction of this court that you, the accused above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence this proclamation under section 82 CRPC is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before this court on 17-02-2020 at 10.00 a.m. Or within 30 days from the date of publication of this proclamation. Take notice that, in default of your part to appear as directed above, the above said case will be heard and determined as per law in your absence. Given under my hand and the seal of the court. For details login to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=ludhiana
JMIC LUDHIANA

COURT NOTICE

Criminal Courts, Ludhiana
In the court of sh. Vijay Kumar- I judicial Magistrate -Ist Class Ludhiana
Next date, purpose of case, orders and Judgments as well as other Case information is available on http://ecourts.gov.in
CNR NO:PBLD03-001496-2019
NEXT DATE: 12-03-2020

Kotak Mahindra Bank
V/s
Pushpendera Yadav

Notice To: Pushpendra Yadav, R/o H.no 37, Madhengala Kedeem Dist. Rampur, Rampur-263153 (up)
Whereas it has proved to the satisfaction of this court that you, the above named accused/ accused persons can't be served in the ordinary way of service. Hence this proclamation under 82 of code of criminal procedure is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before this court on 12-03-2020 at 10.00a.m. Or within 30 days from the date of publication of this proclamation. Take notice that, in case of default on your part to appear as directed above the above said case will be heard and determined as per law in Your absence. For details login to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=ludhiana
JMIC LUDHIANA

KAILASH AUTO FINANCE LIMITED
Regd. Office : 15, Rolland Complex, 2nd Floor, 37/17, The Mall, Kanpur - 208001, Uttar Pradesh
Corp Office : 6 Lyons Range, 1st Floor, Kolkata - 700001,
Email : info@kailfin.com,
Website : www.kailfin.com
CIN : L65921UP1984PLC006829

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, February 14, 2020 at the corporate office of the Company to inter-alia consider the following matters:-

1. To consider and take on record the Un-audited Financial Results for the Quarter ended December 31, 2019 and such other matters as specified in the Agenda.

The said Notice may be accessed on the Company's website at http://www.kailfin.com and also on the website of the Stock Exchange at http://www.bseindia.com.

For & On Behalf of the Board
Sd/-
Place : Kolkata — Company Secretary
Date : 10/02/2020

COURT NOTICE

Criminal courts, ludhiana
In the court of Sh. Ramesh Kumar JMIC ludhiana
Next date, purpose of case, orders and Judgments as well as other Case information is available on http://ecourts.gov.in
CNR NO:PBLD03-058953-2018
NEXT DATE: 05-03-2020

Kotak Mahindra Bank
V/s
Mohinder Bishnoi

Publication issued To: Mohinder Bishnoi Address-Hno 1179 Purani Abadi Ward No 18 Shri Ganganagar Rajasthan
Whereas it has proved to the satisfaction of this court that you, the above named accused/ accused persons can't be served in the ordinary way of service. Hence this proclamation under 82 of code of criminal procedure is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before this court on 05-03-2020 at 10.00a.m. Or within 30 days from the date of publication of this proclamation. Take notice that, in case of default on your part to appear as directed above the above said case will be heard and determined as per law in Your absence. For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=ludhiana
JMIC LUDHIANA

SCHEDULE II
FORM B
PUBLIC ANNOUNCEMENT
(Regulation 12 of the Insolvency and Bankruptcy (Liquidation Process) Regulations, 2016)

FOR THE ATTENTION OF THE STAKEHOLDERS OF ISOLUX CORSAN INDIA ENGINEERING & CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED

1	Name of corporate debtor	ISOLUX CORSAN INDIA ENGINEERING & CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED
2	Date of incorporation of corporate debtor	25th June 2008
3	Authority under which corporate debtor is incorporated/ registered	Registrar of Companies - NCT of Delhi and Haryana
4	Corporate identity number/ limited liability identity number of corporate debtor	U74140HR2008PTC038089
5	Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor	1st Floor, Splendor Towers Golf Course Extension Road, Sector-65 Gurgaon Haryana 122018
6	Date of closure of insolvency resolution process	08th July 2019 (CIRP Expiry Date) 14th November 2019 (CIRP Expiry Date After Extension)
7	Liquidation commencement of the corporate debtor	06th February 2020
8	Name, address, email address, telephone number and the Registration number of the Liquidator	CA. RAJEEV BANSAL Reg. No. IBBI/IPA-001/IP-P00226/2017-18/10425 2162, SHRI NAGAR COLONY, JAGADHRI - 135003 Mob. 9315373372 Email: Liquidator.isolux.corsanindia@gmail.com
9	Last date for submission of claims	07th March 2020

Notice is hereby given that the Hon 'ble National Company Law Tribunal, Chandigarh has ordered the commencement of liquidation of the Isolux Corsan India Engineering & Construction Private Limited on 06.02.2020

The stakeholders of Isolux Corsan India Engineering & Construction Private Limited are hereby called upon to submit a proof of their claims, on or before 07/03/2020, to the liquidator at the address mentioned against item 8.

The financial creditors shall submit their proof of claims by electronic means only. All the stakeholders may submit the proof of claims in person, by post or by electronic means.

Note: Applicable forms can be downloaded from the following portal: www.ibbi.org.in → Quick Links → Downloads → Forms under IBBI (Liquidation Process) Regulations 2017

Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.

CA. Rajeev Bansal
Liquidator of ISOLUX CORSAN INDIA ENGINEERING & CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED
Date: 11.02.2020
Place: Yamunanagar

परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये सूचना
एडवांस्ड नवोत्पाद सर्फेक्टैन्ट्स लिमिटेड (परिसमापन में)

दिवाला एवं दिवालिया संहिता, 2016 के अंतर्गत परिसम्पत्तियों की बिक्री श्री सेथुरत्नम रवि, परिसमापक
परिसमापक का पंजी. कार्यालयः 505 ए, 5 वां तल, रेक्टेंगल-1, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, साकेत, दिल्ली-110017, ई-मेलः castravi.ip@gmail.com, liqansl@gmail.com, सम्पर्क नं. 011-40548860

ई-नीलामी की तिथि एंव समयः 26.2.2020 को 10.00 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे अप.
(प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथिः 21.02.2020

परिसमापन सम्पदा का भाग का निर्माण करने वाली एडवांस्ड नवोत्पाद सर्फेक्टैन्ट्स लिमिटेड के परिसम्पत्तियों की दिवाला तथा दिवालिया संहिता, 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत माननीय एनसीएलटी, प्रधान पीठ द्वारा नियुक्त परिसमापक द्वारा आयोजित की जा रही है।

परिसम्पत्ति	ब्लॉक	आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	वृद्धि मूल्य
भिवाड़ी, अलवर में फैक्ट्री, प्लॉट नं. एफ-56, एफ-57, इंडस्ट्रियल एरिया, चोपनकी, भिवाड़ी, जिला अलवर, राजस्थान में स्थित भूमि, भवन, प्लान्ट एवं मशीनरी, फर्नीचर एवं साजो-सामान से शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।	ए	आईएनआर 5.00 करोड़	आईएनआर 25.00 लाख	आईएनआर 5.00 लाख

परिसम्पत्तियों के विवरणों, ऑन लाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, उद्घोषणा तथा शपथ-पत्र, ऑन लाइन ई-नीलामी के नियमों एवं शर्तों से शामिल सम्पूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज वेबसाईट https://eauctions.co.in पर उपलब्ध है।
ई-नीलामी सेवा प्रदाता की ओर से सम्पर्क व्यक्तिः
दीक्षित प्रजापति-7874138237
परिसमापक की ओर से सम्पर्क व्यक्तिः
ई-मेलः casravi.ip@gmail.com, liqansl@gmail.com

हस्ता/-
सेथुरत्लम रवि, परिसमापक
तिथिः 10.2.2020 — एडवांस्ड नवोत्पाद सर्फेक्टैन्ट्स लिमिटेड
स्थानः दिल्ली — IBBI पंजी सं. IBBI/IPA-001/IP-P00372/2017-18/10629

ओरियन्टल बैंक ऑफ़ कॉमर्स
(भारत सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट कार्यालय, प्लॉट 5, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सैक्टर-32, गुड़गांव-122001

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक की निम्नलिखित प्रतिभूतियों के शेयर सर्टिफिकेट खो गए / गुम हो गए हैं तथा उक्त शेयरों के धारक / धारकों ने डुप्लीकेट शेयर सर्टिफिकेट जारी करने के लिए बैंक को आवेदन किया है। कोई व्यक्ति, जो इन शेयरों के बारे में दावा रखता हो, अपना ऐसा दावा बैंक के शेयर अंतरण एजेंट लिंक इनटाइम इंडिया प्रा0 लिमिटेड, नोबेल हाईट्स, पहला तल, प्लॉट एनएच-2, सी-1 ब्लॉक एलएससी, सावित्री मार्केट के निकट, नई दिल्ली-110058 के पास इस दिनांक के 15 दिनों के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा बैंक आगे कोई सूचना दिए बिना डुप्लीकेट शेयर सर्टिफिकेट जारी करने की कार्यवाही करेगा।

डीओसी सं.	फोलियो सं.	शेयर धारक का नाम	शेयर प्रमाणपत्र सं. से—तक	डिस्टिंक्टिव सं. से—तक	शेयरों की संख्या
3866	00173382	मोह. अख्तर खान वारसी	352484	163248201 से 163248300	100
3867	00095335	हेमराज मुंदड़ा कला एच मुंदड़ा	261772	154177001 से 154177100	100

स्थानः गुड़गाँव — महाप्रबंधक
दिनांकः 10.02.2020 — मर्चेन्ट बैंकिंग प्रभाग

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व का कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेत, चेन्नई-600031. दूरभाषः +91 44 4564 4000 । फैक्सः +91 44 4564 4022.
अधिकृत प्राधिकारीः रोहित दुदेजा । सम्पर्क नम्बरः 7838324723

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) के प्रावधान देखें]
अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों के विक्रय हेतु निजी सन्धि विक्रय सूचना।

एतद्वारा सामान्य रूप से जनता को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवीकृत/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिस पर पूर्व के कैपिटल फर्स्ट होम फाइनेंस लिमिटेड जो अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड है, के अधिकृत प्राधिकारी ने भौतिक कब्जा किया है, का जविन्दर कुमार, पूनमचरण सिंह से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व का कैपिटल फर्स्ट होम फाइनेंस लिमिटेड) के 04.10.2018 तक बकाये रु. 2444466.7/- की वसूली के लिए 27.02.2020 को "जो है यहीं है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" के आधार पर बिक्री की जायेगी।

आरक्षित मूल्य रु. 1200000/- होगा तथा जमा धरोहर राशि रु. 120000/- होगी।

अचल सम्पत्ति का विवरण

आवासीय कॉलोनी लाल बाग, ग्राम अहमद नगर नवादा, परगना, तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश पर स्थित खसरा नं. 37 में से प्लॉट सं. 67-ए, प्रथम तल साइड, छत के अधिकार रहित, क्षेत्रफल माप 810 वर्ग फीट, 75.24 वर्ग मीटर का भाग।

विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट में प्रावधानित लिंक www.idfcfirstbank.com देखें।

अस्वीकरणः कृपया ध्यान दें कि कथित सूचना केवल अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए निर्गत की गयी है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल सम्पत्ति पर उपस्थित किसी चल आस्तियों, यदि कोई हो, की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

ह./-
अधिकृत प्राधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
दिनांक : 08.02.2020 — **(पूर्व का कैपिटल फर्स्ट होम फाइनेंस लिमिटेड)**

JAGJANANI TEXTILES LIMITED
Regd. Office: SCOs No. 33 and 34, RIICO Shopping Complex, Bagru Ext. 1, Bagru, Jaipur-303007.
CIN: L17124RJ1997PLC013498; **E-mail:** compliance@jagjanani.com; **Phone:** 0141-4104745

(₹ in '000')

Particulars	3 Months Ended 31st December, 2019	9 Months Ended 31st December, 2019	3 Months Ended 31st December, 2018
Total Income from Operations (net)	917	1086	83
Net Profit/(Loss) from ordinary activities after tax	765	(25)	(341)
Net Profit/Loss for the period after tax (after Extraordinary items)	765	(25)	-
Equity Share Capital	156000	156000	156000
Earning per share (after extraordinary items) (of ₹ 10/- each) (not annualised) Basic & Diluted	0.05	(0.001)	(0.02)

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange website. www.bseindia.com.

FOR JAGJANANI TEXTILES LIMITED
Ajay Sharma
(Company Secretary)
Jaipur
10.02.2020

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (पूर्व में ए.यू. फाईनेंसियर्स (इण्डिया) लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की "धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों / सह ऋणीयों / गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी / ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नहीं करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चा एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्हीं प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

ऋणी/सहऋणी/बन्धककर्ता/जमानतदार का नाम	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	हाईपोथेकेटेड सम्पत्ति का विवरण	बंधक सम्पत्ति का विवरण
(खाता सं.) OD1821210221270002 मैसर्स ए के फ्रूट्स जरिए प्रोपराईटर ललित नेहरू (ऋणी), ललित नेहरू पुत्र श्री गोपी किशन नेहरू (जमानतदार/बन्धककर्ता) जमानतदार : श्रीमती आरती नेहरू पत्नी ललित नेहरू	27 जनवरी, 2020 ₹29,49,073/- रु. उनतीस लाख उनचास हजार, तहत्तर मात्र 27 जनवरी, 2020 तक	ऋणी के संपूर्ण वर्तमान और भविष्य की वर्तमान संपत्तियों का हाइपोथेकेशन जिसमें कच्चे माल के भंडार, प्रगतिशील कार्य, तैयार माल प्राप्तियां, पुस्तक ऋण और परियोजना से उत्पन्न होने वाली अन्य वर्तमान संपत्ति शामिल हैं।	सम्पति के सभी अंग एवं पार्सल जिसमें निर्मित कामर्सियल दुकान का प्रथम तल/ **सम्पति बेयरिंग नं. 664, ब्लॉक सी में, नई सब्जी मण्डी, आजादपुर, दिल्ली. क्षेत्रफल 150 वर्ग फीट (13.90 वर्ग मीटर)** पर स्थित है। जो कि ललित नेहरू के नाम से है।

दिनांकः 10-02-2020 स्थानः दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

मिंडा कोर्पोरेशन लिमिटेड SPARK MINDA

पंजीकृत कार्यालय : ए-15, अशोक विहार, फेस-1, दिल्ली - 110052
सीआईएन : L74899DL1985PLC020401
वेबसाइट : www.sparkminda.com, ई-मेल : investor@mindacorporation.com
फोन : +91-124-4698400, फैक्स : +91-124-4698450

सूचना

कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में एवं सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) अधिनियम, 2015 के अधिनियम 42 के प्रावधानों के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि रु. 2/- प्रति मूल्य के 227222285 इक्विटी शेयरों पर वर्ष 2019-20 के लिए @17.50% जोकि रु. 0.35/- प्रति शेयर की दर से अंतरिम लाभांश के भुगतान हेतु रिकॉर्ड तिथि बुधवार दिनांक 19 फरवरी, 2020 को निर्धारित की गई है।

रिकॉर्ड तिथि को जिन सदस्यों के नाम सदस्य/लाभार्थी स्वामी रजिस्टर में दर्ज होंगे, वे अंतरिम लाभांश प्राप्ति के हकदार होंगे।

लाभांश का भुगतान/प्रेषित, शुक्रवार, 06 मार्च, 2020 को या उससे पहले किया जाएगा।

मंडल के आदेशानुसार
कृते मिंडा कोर्पोरेशन लिमिटेड
हस्ता/-
दिनांक : 11.02.2020 — अजय संचेति
स्थान : दिल्ली — कम्पनी सचिव

प्रपत्र-'जी'
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
दिवाला और शोधन अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए (1) के अधीन

प्रासंगिक विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	एबीडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	01.05.2003
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, एनसीटी ऑफ दिल्ली एण्ड हरियाणा कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान संख्या	U45201DL2003PLC120136
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	रेक्टैंगल-1, डी-4, साकेत डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली-110017
6.	कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरम्भन की तिथि	12.09.2019 (आदेश 13.09.2019 को प्राप्त हुआ)
7.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि	11.02.2020
8.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों की पात्रता	लेनदारों की समिति द्वारा तय की गई पात्रता मानदंड, विस्तृत अभिरूचि की अभिव्यक्ति में निर्धारित किया गया है, जिसे cirp.abwinfra@gmail.com पर समाधान प्रोफेशनल को लिखकर प्राप्त किया जा सकता है।
9.	धारा 29क के अधीन लागू अपात्रता के मानदंड	भावी संकल्प आवेदक इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016 की धारा 29 ए के अनुसार अयोग्य नहीं होना चाहिए।
10.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	26.02.2020
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अन्तिम सूची जारी करने की तिथि	28.02.2020
12.	अंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	04.03.2020
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	06.03.2020
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	04.03.2020
15.	समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना हेतु अनुरोध प्राप्त करने की विधि	संहिता की धारा 29 (2) के अनुसार आवश्यक गोपनीयता प्राप्त करने पर भारतीय दिवाला और अक्षमता बोर्ड के विनियमन 36 ए (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया 2016) के उप-विनियमन 7(जी) के साथ पढ़ें। समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन, वर्चुअल डेटा रूम तक पहुंच या दस्तावेज / जानकारी साझा करने के लिए औपचारिक तौर पर अनुरोध cirp.abwinfra@gmail.com पर भेजा जा सकता है।
16.	समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	03.05.2020 (कृपया नोट 3 देखें)
17.	समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि	सभी सहायक सूचनाओं, दस्तावेजों और विभिन्न फार्म / शपथ पत्रों / प्राधिकरणों के साथ समाधान योजना, निम्नलिखित पते पर समाधान प्रोफेशनल को प्रस्तुत किया जाएगा: श्री सत्य प्रकाश गुप्ता आरपी, एबीडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड 808, इरोज अपार्टमेंट, 56 नेहरू प्लेस,नई दिल्ली -110019 cirp.abwinfra@gmail.com
18.	निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि	21.05.2020 (कृपया नोट 3 देखें)
19.	समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर	श्री सत्य प्रकाश गुप्ता आईबीबीआई पंजीकरण सं: IBBI/IPA-001/IP-P00737/2017-18/11234
20.	समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीकृत है	श्री सत्य प्रकाश गुप्ता 808, इरोज अपार्टमेंट, 56 नेहरू प्लेस,नई दिल्ली -110019 ईमेल: spgfinance@gmail.com
21.	पता और ई-मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है	808, इरोज अपार्टमेंट, 56 नेहरू प्लेस,नई दिल्ली -110019 ईमेल: cirp.abwinfra@gmail.com
22.	अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है	क्रमांक 21 में उल्लिखित ई-मेल पर आरपी को लिखें
23.	प्रपत्र 'जी' के प्रकाशन की तिथि	11.02.2020

नोट : 1. प्राप्त किए गए सभी ईओआई की समीक्षा आरपी के साथ-साथ सीओसी द्वारा की जाएगी और इसके बाद प्रक्रिया से संबंधित कार्य की जानकारी / दस्तावेज शॉर्टलिस्ट की गई पार्टियों को प्रदान किए जाएंगे। आरपी / सीओसी के पास किसी भी समय ईओआई के मानदंड को बदलने का विवेक होगा।
2. समाधान प्रोफेशनल / सीओसी बिना किसी कारण बताए और बिना किसी देयता के प्रक्रिया / आवेदन को रद्द करने या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
3. कॉरपोरेट देनदार की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (CIRP) को बंद करने की अनुमानित तारीख 10.03.2020 (इंसॉल्वेंसी स्टार्टिंग डेट से 180 दिन) है और तत्कुल किसी भी समाधान प्लान पर विचार करने के लिए, लेनदारों की समिति के निर्णय के अधीन होगा। दिनांक 10.03.2020 से CIRP के किसी भी विस्तार की मंजूरी, माननीय न्यायपालिका प्राधिकरण के अधीन है।

हस्ता/-
सत्य प्रकाश गुप्ता
तिथि : 11.02.2020 — एबीडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के लिए समाधान प्रोफेशनल
स्थान : नई दिल्ली — पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-001/IP-P00737/2017-18/11234

SCHABLONA INDIA LIMITED
CIN:L51109DL1983PLC318655
Regd.Office: 82/19,Bhakerwara Road,Mundka, New Delhi-110 041 Tel:011-2834 1085
Website:www.schablona.in,Email id:silinvestors@schablona.in
STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31.12.2019
(Rs. in Lakhs)

	Particulars	Quarter ending 31.12.2019	Nine Month ending 31.12.2019	Corresponding 3 months ending in previous year 31.12.2018
		Unaudited	Unaudited	Unaudited
	1) Revenue from Operations			
	- Gross Sales	39.42	124.11	72.63
	-Other operational Income	0.02	0.48	0.44
	2) Other Income	0.95	9.15	11.02
1	Total income from operations	40.39	133.74	84.09
2	Net Profit / (Loss) For the period (before tax Exceptional and/ or Extraordinary items)	(57.39)	(188.64)	(126.26)
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and /or Extraordinary items)	(57.39)	(188.64)	(126.26)
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	(57.39)	(189.04)	(134.13)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comperhensive income (after tax)	(57.39)	(189.04)	(134.13)
6	Equity Share Capital	126.37	126.37	126.37
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in Audited Balance Sheet of the previous year	-	-	-
8	Earnings Per Share of Rs. 4/-each (before/ after extraordinary items)			
	1.Basic:	(1.82)	(5.98)	(4.25)
	2.Diluted:	(1.82)	(5.98)	(4.25)

Note:
The above is an extract of the detailed format of the Quarter and Nine months ended Financial Results filed with the Stock Exchange, i.e. BSE Limited, under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarter and Nine months ended Financial Results is available on the BSE Limited website,i.e. www.bseindia.com and on the website of the Company, i.e. www.schablona.in

For **SCHABLONA INDIA LIMITED**
(Satish C. Vishwakarma)
Executive Director & CFO
(DIN:06891937)
Place : Delhi
Date : 10.02.2020

केनरा बैंक Canara Bank — **कब्जा सूचना** (अचल सम्पत्ति हेतु)

सिक्योरिटीजाइजेशन एव रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेटस इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इटरेस्ट एक्ट 2002 के नियम 3 के नियमानुसार तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट 'एनफोर्समेंट' नियम 2002 (2002 का एक्ट नं0 54) साथ पढते हुए अनुच्छेद 13 (12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **केनरा बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी ने सम्बन्धित ऋणी को 60 दिनों के भीतर बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस को जारी किया था। ऋणी द्वारा राशि अदा करने में असफल रहने पर ऋणी / गारन्टरों और जनसामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अन्तर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गयी सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। **"उधारकर्त्ता(ओं) का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।"** ऋणी / गारन्टरों को विशेष रूप से एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के सम्बन्ध मे किसी प्रकार का लेन-देन न करें इस सम्पत्ति से किसी प्रकार का लेन-देन **केनरा बैंक सम्बंधित शाखा** को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज व खर्चों के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है।

क्र. सं.	शाखा / ऋणी / गारन्टर का नाम	बंधक अचल सम्पत्ति का विवरण	मांग व कब्जा नोटिस की तिथि	बकाया राशि + ब्याज व अन्य खर्चें
1.	**शाखा : चकराता रोड** **ऋणी:** श्रीमती आशा नागर पत्नी श्री हरिकांत नागर एवं श्री हरिकांत नागर पुत्र स्व0 श्री शिव शरण नागर निवासी: 97/3-3 सड़क न0 8, लेन न0 5, राजेन्द्र नगर, देहरादून, उत्तराखण्ड।	**सम्पत्ति नं0 1.** बंधक द्वितीय तल आवासीय यूनिट-II स्टील्ट पार्किंग सम्पत्ति लगभग क्षेत्रफल 134 वर्ग मीटर (प्राइवेट प्लॉट नं0 208 एवं 209 का भाग) खसरा नं0 20एम नगर निगम नं0 448 स्थित ग्राम- चायबाग कौलागढ़ परगना पछुवादून, देहरादून। सम्पत्ति खसरा नं0 20एम (प्राइवेट प्लॉट नं0 208 एवं 209 का भाग) स्थित मौजा चायबाग, कौलागढ़ परगना पछुवादून, जिला- देहरादून, नगर निगम नं0 97/3-3, सड़क नं0 8, लेन नं0 5, राजेन्द्र नगर, देहरादून, भू-तल का भाग कुल क्षेत्रफल 356.88 वर्ग मीटर जिसमें से 102.93 वर्ग मीटर निर्मित भाग एवं अन्य क्षेत्रफल खुला क्षेत्र। **सीमायें:-** पूर्वः श्री चौधरी की भूमि, साइड माप 80 फीट, पश्चिमः श्री सरवत इस्लाम की भूमि, साइड माप 80 फीट, उत्तरः सिरमौर राज्य की सम्पत्ति, साइड माप 48 फीट, दक्षिणः 30 फीट चौड़ा रास्ता, साइड माप 48 फीट। **सम्पत्ति नं0 2.** आवासीय सम्पत्ति स्थित प्रथम तल खसरा नं0 20-एम (सम्पत्ति प्लॉट नं0 208 से 209 का भाग) स्थित मौजा चाय बाग, कौलागढ़, परगना पछुवादून, जिला- देहरादून, नगर निगम नं0 97/3-3, सड़क नं0 8, लेन नं0 5, राजेन्द्र नगर, देहरादून, क्षेत्रफल 63.19 वर्ग मीटर पूरा निर्मित। **सीमायें:** पूर्वः सीढ़ियां जो सड़क तक जुडती है, पश्चिमः खुला आसमान, उत्तरः खुला आसमान, दक्षिणः छत फिर खुला आसमान।	मांग नोटिस की तिथि 11.10.2019 कब्जा नोटिस की तिथि 04.02.2020	रु0 28,95,421.75/- दिनांक 19.11.2019 + देय ब्याज दिनांक 15.11.2019 से + लागत एवं व्यय-वसूली दिनांक 15.11.2019 के बाद

दिनांकः 10.02.2020 — स्थानः देहरादून — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

आधारशिला कैपिटल सर्विसेस लिमिटेड
[कार्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) : L65100DL1993PLC056347]
पंजी. कार्यालय : 7-सी, प्रथम तल, 'जे' ब्लॉक शॉपिंग सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017
फोन : 0120-4152766, 4193799, वेबसाइट : www.adharshilacapital.in, ई-मेल - adharshilacapital@gmail.com

31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तीसरी तिमाही / नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रु. लाख में)

विवरण	तिमाही समाप्त 31.12.2019 (अलेखापरीक्षित)	तिमाही समाप्त 31.12.2018 (अलेखापरीक्षित)	नौ माह समाप्त 31.12.2019 (अलेखापरीक्षित)	नौ माह समाप्त 31.12.2018 (अलेखापरीक्षित)
प्रचालनों से कुल आय	3.68	2.01	19.51	15.14
अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, अपवाद तथा / अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	(0.79)	(3.18)	2.45	0.71
अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पूर्व (अपवाद तथा / अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	(0.79)	(3.18)	2.45	0.71
अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा / अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	(0.58)	(2.35)	1.82	0.55
अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ / (हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है]	1.68	12.17	5.05	16.05
इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 10/- प्रत्येक)	550.00	550.00	550.00	550.00
संचय (पुनर्मूल्यन संचय छोड़कर) जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है।	30.25 (31.03.2019 को)			
प्रति शेयर अर्जन (रु. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु)-				
मूल	0.02	0.18	0.12	0,30
तनुकृत	0.02	0.18	0.12	0.30

नोट :
क) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में प्रस्तुत किए गए समाप्त तीसरी तिमाही / नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। समाप्त तीसरी तिमाही / नौ माह हेतु परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट **(www.bseindia.com)** तथा कम्पनी की वेबसाइट **(www.adharshilacapital.in)** पर उपलब्ध हैं।
ख) आईएनडी-एएस लागू किए जाने पर लेखांकन नीति में परिवर्तन के कारण शुद्ध लाभ / हानि, कुल समावेशी आय अथवा किसी अन्य संबद्ध वित्तीय मद(दों) पर प्रभाव निम्नानुसार प्रकट किया गया है :

विवरण	3 माह समाप्त 31.12.2018	9 माह समाप्त 31.12.2018
पूर्व जीएएपी (भारतीय जीएएपी) के अनुसार शुद्ध लाभ	(2.35)	0.55
अन्य व्यापक आय के माध्यम से आईएनडी एएस समायोजन जोड़ें : आईएनडी एएस के अनुसार निवेश पर उचित मूल्य / (हानि)	15.43	20.33
योग (क)	**13.08**	**20.88**
घटाएं : उपरोक्त समायोजन कर प्रभाव	3.26	4.28
योग (ख)	**3.26**	**4.28**
आईएनडी एएस के अनुसार कुल समावेशी आय	**9.82**	**16.60**

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते आधारशिला कैपिटल सर्विसेस लिमिटेड
हस्ता./-
हरनन्द त्यागी
निदेशक
स्थान : गाजियाबाद
दिनांक : 10-02-2020

www.readwhere.com

चीन में फंसे पाकिस्तानियों ने की निंदा, अब पाक बोला

नागरिकों को चीन से निकालने पर शीघ्र निर्णय लेंगे

इस्लामाबाद, 10 फरवरी (भाषा)।

चीन के कोरोना वायरस प्रभावित हुबेई प्रांत में फंसे अपने नागरिकों को वापस लाने का जबरदस्त दबाव झेल रहे पाकिस्तान ने कहा कि वह चीन के हालात पर करीबी नजर रख रहा है और अपने नागरिकों को वहां से निकालने पर जल्द कोई निर्णय लेगा। पाकिस्तान को उस वक्त चौतरफा निंदा का सामना करना पड़ा जब उसने कहा कि वुहान से पाकिस्तानी छात्रों को वापस नहीं लाया जाएगा क्योंकि कोरोना वायरस से संक्रमित किसी भी मरीज के इलाज के लिए तय मानकों का देश में अभाव है। वहीं वुहान में फंसे पाकिस्तानी नागरिक सोशल मीडिया पर लगातार सरकार से उन्हें वहां से निकालने का अनुरोध कर रहे हैं।

स्वास्थ्य मामले पर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक (एसएपीएम) जफर मिर्जा ने रविवार को कहा, 'उच्च स्तर पर मामले पर विचार किया जा रहा है और सभी संभावित पहलुओं पर विचार के बाद कोई निर्णय लिया जाएगा। हम भरोसा दिलाते हैं कि हमें आपकी चिंता है।' समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार मिर्जा ने कहा कि सरकार चीन के हालात पर करीबी नजर रख रही है। सभी विकल्प तलाशे जा रहे हैं और सरकार इस मुद्दे पर संतुलन बनाना चाहती है।

मिर्जा ने कहा, 'हमें पाकिस्तानी नागरिकों (चीन में) की स्थिति, चीनी नियमों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के परामर्श समेत सभी पहलुओं पर विचार करना होगा। इस मामले में सभी पक्षकार शामिल हैं और हमने सभी विकल्प खुले रखे हैं।' मिर्जा ने ट्वीट करके वुहान में फंसे अपने नागरिकों से कहा, 'चीन में मेरे बेहद अजीज छात्र और आपके आदरणीय परिजन, हम उच्च स्तर पर हालात पर गहन चर्चा कर रहे हैं और घातक कोरोना वायरस के संबंध में सभी कारकों के मद्देनजर बेहतर निर्णय लेंगे।'

इस बीच चीन में पाकिस्तान की राजदूत एन हाशमी ने कहा कि वुहान में पूरी तरह से आवाजाही पर रोक है और इसलिए वे वहां फंसे पाकिस्तानी छात्रों से मुलाकात नहीं कर सके। 'जियो न्यूज' ने हाशमी के हवाले से बताया कि पाकिस्तानी अधिकारी बेजिंग और वुहान में अपने चीनी समकक्षों के साथ संपर्क में हैं और चीन में किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के किसी भी प्रश्न का तत्परता से जवाब देंगे। डॉन की खबर में कहा गया है कि मिर्जा के ट्वीट के बाद सोशल मीडिया में पाकिस्तानी नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा।

वुहान में एक पाकिस्तानी नागरिक ने ट्वीट किया, 'प्रिय महोदय, अगर आपको हमारी चिंता है तो हमारे साथ वुहान में कम से कम एक दिन गुजारिए। कम से कम एक दिन तो आनंद लीजिए फिर हम, हमें वहां से निकालने के लिए कभी नहीं कहेंगे। मेरे सुझाव पर विचार करिएगा, शुक्रिया।' एक अन्य पाकिस्तानी छात्र ने ट्वीट किया, 'आपसे विनम्र आग्रह है कि अगर आप चीजों को बदल नहीं सकते तो ट्वीट मत करिए।' पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा था कि चीन में 28 हजार पाकिस्तानी छात्र हैं और इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में कारोबारी हैं।

जापानी जहाज पर 66 और लोग कोरोना वायरस से संक्रमित

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 फरवरी।

जापान के क्रूज जहाज 'डायमंड प्रिंसेज' में 66 और लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अभी तक इस जहाज पर संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या 136 तक पहुंच गई है। उस जहाज पर फंसे भारतीय द्वारा सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा गया कि जापान के तट पर अलग-थलग रखे गए इस जहाज पर 168 भारतीय सवार हैं, जिनमें चालक दल के 160 सदस्य हैं। तोक्यो स्थित भारतीय दूतावास ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा, जापान में कोरोना वायरस के चलते अपतटीय क्षेत्र में अलग-थलग खड़े किए गए क्रूज पोत में सवार लगभग तीन हजार लोगों में भारतीय भी शामिल हैं, लेकिन उनकी सटीक संख्या का पता लगाया जाना बाकी है।

तोक्यो में भारतीय दूतावास का ट्वीट, क्रूज पोत में सवार लगभग तीन हजार लोगों में भारतीय भी शामिल हैं, लेकिन उनकी सटीक संख्या का पता लगाया जाना बाकी

यह क्रूज पोत 3,711 लोगों को लेकर पिछले हफ्ते जापान के तट पर पहुंचा था। पिछले महीने हांगकांग में उतरा यात्री कोरोना वायरस से पीड़ित पाया गया। इसके बाद पोत को अलग-थलग कर दिया गया था। जब पोत जापान के तट पर पहुंचा था, तब अधिकारियों ने शुरू में तकरीबन 300 लोगों का परीक्षण किया था। जिन नए संक्रमित लोगों का पता चला है, उनमें ज्यादातर जापानी हैं लेकिन कुछ ऑस्ट्रेलिया, फिलीपीन, कनाडा, ब्रिटेन और यूक्रेन के नागरिक भी हैं।

तोक्यो स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को ट्वीट कर कहा, 'क्रूज पर चालक दल के सदस्यों में कई भारतीय हैं और पोत पर कुछ भारतीय यात्री भी सवार हैं। इसे जापान के अपतटीय क्षेत्र में कोरोना वायरस की वजह से अलग कर दिया गया है।' दूतावास ने पोत पर सवार भारतीयों की सटीक संख्या नहीं बताई।

जापान के योकोहामा बंदरगाह पर खड़े पोत डायमंड प्रिंसेज के पास रक्षात्मक सूट पहने अधिकारी।

दूतावास ने कहा, 'इस संबंध में किसी भी जानकारी के लिए तोक्यो में भारतीय दूतावास में प्रथम सचिव (काउंसलर) से संपर्क करें।'

पोत सवार चालक दल के भारतीय सदस्य बिनय कुमार सरकार सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा क पोत पर चालक दल के सदस्यों में 160 भारतीय हैं और आठ भारतीय मुसाफिर हैं। उन्होंने पोत पर से वीडियो रिकॉर्ड कर भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र से भारतीयों को तत्काल अलग करने की अपील की। बंगाल के रहने वाले और खानसामा का काम करने वाले सरकार ने कहा, 'उनमें से किसी की भी (कोरोना वायरस) जांच नहीं की गई है।' सरकार के साथ उनके पांच भारतीय सहकर्मी खड़े हैं जो मास्क पहने हैं।

रोकथाम
चीन के शेडोंग प्रांत के यांताई स्थित औद्योगिक पार्क को संक्रमणमुक्त रखने के लिए मशीन से छिड़काव का नजारा।

चीन में कोरोना से मरने वालों की संख्या 908 हुई, पहुंचेगी डब्लूएचओ की टीम

बेजिंग/जिनेवा, 10 फरवरी (भाषा)।

चीन में घातक कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 908 हो गई है जबकि इस संक्रमण के 40,000 से अधिक मामलों की पुष्टि हो चुकी है। उधर, डब्लूएचओ की अगुआई में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का दल इस महामारी पर काबू पाने में मदद के लिए चीन पहुंच रहा है।

चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि इससे रविवार को 97 और लोगों की जान चली गई व 3,062 नए मामले सामने आए हैं। उसने बताया कि शनिवार को जिन 97 लोगों की जान गई, उनमें से 91 हुबेई प्रांत के थे, जहां इस वायरस के कारण सबसे अधिक लोग मारे गए हैं। इसके अलावा दो लोग अनहुइ में मारे गए। हीलोंगजियांग, जिआंगशी, हैनान और गान्सू में इससे एक-एक व्यक्ति की जान गई है। आयोग के अनुसार 31 प्रांतीय स्तर के क्षेत्रों में इससे अब तक कुल 908 लोगों की जान जा चुकी है और कुल 40,171 मामलों की पुष्टि हुई है। इसने कहा कि रविवार को अन्य 4008 नए संदिग्ध मामले सामने आए हैं। आयोग ने बताया कि रविवार को 296 मरीज गंभीर रूप से बीमार हो गए, 6484 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है और इससे 23,589 लोगों के संक्रमित होने की आशंका है। कुल 3,281 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है। मरीजों के संपर्क में आए 3.99 लाख लोगों की पहचान की गई है, उनमें से 29307 को रविवार को मेडिकल निगरानी से छुट्टी दे दी गयी और 1.87 लाख अब भी चिकित्सकीय निगरानी में हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की अगुआई में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का दल चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों को कोरोना वायरस के संक्रमण पर अंकुश पाने में मदद पहुंचाने के लिए सोमवार रात को पहुंचने की उम्मीद है। उधर जिनेवा से जारी बयान में डब्लूएचओ ने कोरोना वायरस का संक्रमण चीन से बाहर फैलने को लेकर अन्य देशों को आगाह किया और उनसे अपील की है कि वे इस घातक विषाणु के उनके देश में पहुंचने की आशंका के मद्देनजर उससे निपटने के लिए तैयार रहें।

चीन ने मोदी के पत्र की सराहना की

बेजिंग, 10 फरवरी (भाषा)।

चीन ने घातक कोरोना वायरस के प्रकोप से निपटने के वास्ते एकजुटता प्रकट करने और मदद की पेशकश करने के लिए राष्ट्रपति शी जिनपिंग को लिखे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पत्र की सोमवार को सराहना की और कहा कि यह भारत की बेजिंग के साथ दोस्ती को 'पूरी तरह से प्रदर्शित करता है।'

जिनपिंग को लिखे पत्र में मोदी ने वायरस के प्रकोप को लेकर राष्ट्रपति और चीन के लोगों के साथ एकजुटता दिखाई थी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने कहा, 'हम कोरोना वायरस के खिलाफ चीन की लड़ाई में भारत के समर्थन के प्रति आभार जताते हैं और सराहना करते हैं।'

प्रवक्ता ने ऑनलाइन मीडिया ब्रीफिंग में मोदी की ओर से जिनपिंग को लिखे गए पत्र के बाबत पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, 'भारत का सद्भावना का यह कदम चीन के साथ उसकी दोस्ती को पूरी तरह से प्रदर्शित करता है।' जिनपिंग को भेजे पत्र में मोदी ने इस चुनौती से निपटने के लिए चीन को भारत की ओर से मदद की पेशकश की थी और साथ ही इस वायरस से लोगों की मौत पर शोक जताया था। प्रधानमंत्री ने हुबेई प्रांत से करीब 650 भारतीयों को निकालने में मदद के लिए जिनपिंग के प्रति आभार भी जताया था।

कई देशों ने चीन से अपने-अपने नागरिकों को निकाला है। भारत ने भी चीन से लोगों के आने और जाने पर एहतियाती तौर पर रोक लगा दी है, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। शुआंग ने कहा, 'हम इस महामारी से निपटने और क्षेत्र तथा दुनियाभर के लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भारत और अन्य अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सदस्यों के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं।'

आयरलैंड चुनाव में भारतवंशी प्रधानमंत्री वराडकर को झटका

लंदन, 10 फरवरी (भाषा)।

आयरलैंड में हुए आम चुनाव में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री लियो वराडकर की उदारवादी-रूढ़िवादी 'फाइन गेल पार्टी' को झटका लगा है जबकि राष्ट्रवादी पार्टी सिन फिन को अभूतपूर्व बढ़त मिली है।

आयरलैंड में हुए आम चुनाव में मतगणना के रविवार को आए रुझानों मुताबिक वराडकर की पार्टी तीसरे स्थान पर खिसकती नजर आ रही है जबकि 'सिन फिन' सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर रही है। दूसरे स्थान पर रूढ़िवादी 'फियेना फेल' है।चुनाव रुझानों को देश के लिए अप्रत्याशित बताया जा रहा है और सरकार बनाने में समय लग सकता है क्योंकि वराडकर ने 'सिन फिन' से गठबंधन की संभावना से इनकार किया है।

एमिनेम का दर्शकों ने खड़े होकर किया अभिवादन

लॉस एंजिलिस, 10 फरवरी (भाषा)।

ऑस्कर पुरस्कार समारोह में मौजूद दर्शक उस समय झूम उठे जब दुनिया के सर्वश्रेष्ठ रैपर्स में शुमार एमिनेम ने अचानक मंच पर आकर प्रस्तुति दी। यह ऑस्कर के मंच पर उनकी पहली प्रस्तुति थी। उन्हें 2003 में ही यहां प्रस्तुति देनी थी, लेकिन अकादमी चाहती थी कि वह अपने गीत के सेंसर किए गए संस्करण को सुनाए, जिसके बाद उन्होंने पुरस्कार समारोह में हिस्सा ना लेने का निर्णय लिया था।

अपनी शानदार प्रस्तुति से एमिनेम ने सभी का दिल जीत लिया और दर्शक दीर्घा में बैठे ब्रैड पिट, लियोनार्डो डिकैप्रियो, गैल गैडोट, ग्रैमी पुरस्कार विजेता बिली ईलिश और एंथोनी रामोस सहित कई सितारों ने उनका खड़े होकर अभिवादन किया। आमतौर पर ऑस्कर समारोह में ऐसा कम ही देखने को मिलता है जब किसी प्रस्तुति के बाद खड़े होकर किसी का अभिवादन किया जाए। मार्शल मैथर्स उर्फ एमिनेम ने अपना लोकप्रिय गीत 'लूज योरसेल्फ' सुनाया जिसके लिए उन्हें 2003 में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का ऑस्कर मिला था। उस समय संगीतकार लुइस रेस्तो ने उनका ऑस्कर लिया था। इस बार पुरस्कार समारोह के बाद उन्होंने ट्वीट किया, 'अकादमी को धन्यवाद। मैं माफी चाहता हूं कि यहां तक आने में 18 साल लग गए।'

ऑस्कर से वंचित रहीं महिला निर्देशकों के नाम वाली पोशाक पहन कर पहुंचीं नैटली पोर्टमैन

लॉस एंजिलिस, 10 फरवरी (भाषा)।

ऑस्कर पुरस्कार समारोह में रेड कारपेट पर 'डियोर' की काले रंग की कैप ड्रेस पहन कर उतरी हॉलीवुड अदाकरा नैटली पोर्टमैन ने सभी का ध्यान यहां अपनी ओर आकर्षित किया। इस पोशाक पर उन महिला निर्देशकों के नाम लिखे थे, जिन्हें बेहतरीन काम के बाजवूद ऑस्कर नहीं मिल सका। 'पेज सिक्स' के अनुसार फिल्म 'लिटिल वुमैन' की निर्देशक ग्रेटा जरविक, 'द फेयरवेल्स' की लुलु वांग और 'क्वीन एंड स्लिम' की मेलिना मैटसुकास समेत आठ महिला निर्देशकों के नाम पोर्टमैन के गाउन पर लिखे थे।

उन्होंने डोल्बी थिएटर के बाहर पत्रकारों से कहा, 'मैं उन महिलाओं को अपने तरीके से पहचान दिलाना चाहती थी जिनके बेहतरीन काम को इस साल पहचान नहीं मिल सकी।' उनकी ड्रेस पर लोरेने स्काफारिया (हस्लर्स), मेटी डियोप (एटलांटिक्स), मेरियेने हेलर (अ ब्युटीफुल डे इन द नेबरहुड), जोआना होग (द सोवेनियर), अल्मा हारेल (हनी ब्वाय) और सेलिने स्कियामा (पोट्रेट आफ अ लेडी आन फायर) के भी नाम थे। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नामांकन पाने वाली सिथिया एरिवो और कामेडियन लेसली जोंस समेत कई प्रमुख कलाकारों ने 'मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेस अकादमी' पर नामांकन में अश्वेतों और महिलाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया था। पोर्टमैन ने दो साल पहले भी ऑस्कर पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार देने से पहले तंज कसते हुए कहा था, 'और यह हैं सभी पुरुष दावेदारों के नाम।'

महाराष्ट्र में 40 फीसद झुलसी महिला व्याख्याता की मौत

नागपुर, 10 फरवरी (भाषा)।

महाराष्ट्र के वर्धा जिले में पीछा करने वाले एक व्यक्ति द्वारा पिछले सप्ताह आग के हवाले की गई एक महिला व्याख्याता की सोमवार की सुबह नागपुर के एक अस्पताल में मौत हो गई।

वर्धा में विकेश नगराले (27) ने हिंगणघाट निवासी अंकिता पिसुड्डे (25) को तीन फरवरी को कथित तौर पर आग के हवाले कर दिया था जिसके कारण वह 40 फीसद तक झुलस गई थी। घटना के वक्त वह कॉलेज जा रही थी। नागपुर के 'ऑरेंज सिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर' में इलाज चल रहा था। हिंगणघाट के पुलिस निरीक्षक सत्यवीर बंडीवार ने कहा, 'चिकित्सकों ने आज सुबह छह बजकर 55 मिनट पर उन्हें मृत घोषित कर दिया।' कुछ स्थानीय लोगों ने हिंगणघाट में एक सड़क को रोकने के लिए वहां पत्थर फेंके। उस वक्त एक एम्बुलेंस अंकिता का शव लेकर उनके पैतृक गांव दरोडा जा रही थी और वहां से करीब आधा किलोमीटर दूर थी। बाद में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया।

मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने युवती की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में होगी। उनकी सरकार दिशा अधिनियम का अध्ययन करेगी और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कानून बनाने की कोशिश करेगी। दिशा अधिनियम आंध्र प्रदेश सरकार ने हाल ही में लागू किया है। दिशा अधिनियम के तहत यौन अपराध से जुड़ा मामला दर्ज होने के सात कामकाजी दिन के भीतर जांच पूरी होने और आरोपपत्र दाखिल होने की तारीख के 14 कामकाजी दिन में सुनवाई पूरी होने का प्रावधान है। मृतका के पिता ने कहा कि वे उम्मीद करते हैं कि उनकी बेटी को जल्दी न्याय मिले और निर्भया सामूहिक बलात्कार मामले की तरह इसमें देरी नहीं हो।

गरीब हो रहा है देश, अर्थव्यवस्था ढहने के कगार पर : चिदंबरम

नई दिल्ली, 10 फरवरी (भाषा)।

कांग्रेस के नेता व पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने सोमवार को कहा कि अर्थव्यवस्था ढहने के कगार पर है और इसकी देखभाल का जिम्मा अनाड़ी डाक्टरों के हाथ में है।

राज्यसभा में 2020-21 के आम बजट पर चर्चा की शुरुआत करते हुए चिदंबरम ने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी और घटते उपभोग की वजह से आज देश गरीब हो रहा है। अर्थव्यवस्था के समक्ष मांग की कमी है और निवेश इसकी राह देख रहा है। अर्थव्यवस्था गिरती मांग और बढ़ती बेरोजगारी का सामना कर रही है। चिदंबरम ने कहा कि चार साल तक भाजपा सरकार में मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे अरविंद सुब्रमण्यम ने कहा कि अर्थव्यवस्था आइसीयू में पहुंच चुकी है। लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि मरीज को आइसीयू से बाहर रखा गया है, अनाड़ी डॉक्टर उसका इलाज कर रहे है और आसपास खड़े लोग सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के नारे लगा रहे हैं। यह खतरनाक है। केंद्र सरकार ने जिस भी अनुभवी सक्षम डॉक्टर की पहचान की है, सभी देश छोड़कर चले गए। ऐसे लोगों में रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन, पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम और नीति आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नाम शामिल हैं। उन्होंने सवाल किया, 'आपका डॉक्टर या चिकित्सक कौन है, मैं जानना चाहता हूं। सरकार कांग्रेस को तो अछूत समझती है। दूसरे विपक्षी दलों के बारे में उसकी राय अच्छी नहीं है। ऐसे में वह किसी से सलाह नहीं करती है।'

भाजपा नेता की बुर्के पर प्रतिबंध की मांग

लखनऊ, 10 फरवरी (भाषा)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रघुराज सिंह को अनुशासनहीनता के आरोप में सोमवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

भाजपा ने देर शाम जारी बयान में कहा कि संगठन की नीतियों के विरुद्ध क्रियाकलापों व अमर्यादित बयानबाजी के लिए प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के निर्देश पर पार्टी ने रघुराज सिंह को अनुशासनहीनता के आरोप में नोटिस जारी करते हुए उनसे एक सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है कि क्यों न उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया जाए। स्वतंत्र देव सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी बहन या बेटी या महिला चाहे व हिंदू हो या मुसलिम या किसी भी पंथ मजहब जाति या समुदाय से जुड़ी हो, उनकी मर्यादा के प्रतिकूल कोई भी टिप्पणी न स्वीकार है और न बर्दाश्त की जा सकती है। महिलाओं और बेटियों का सम्मान पार्टी की रीति-नीति है और उसका पालन करना हर कार्यकर्ता का दायित्व है।

किसका है बरेली में लटका 270 किलोग्राम का झुमका

गजेंद्र सिंह
नई दिल्ली, 10 फरवरी।

बरेली को उसका मशहूर झुमका मिल गया। इस झुमके के पीछे बहुत कुछ है। मुंबई के एक डिजाइनर की कल्पना है। पीतल का काम करने वाले मुरादाबादी कारीगर हैं। बरेली विकास प्राधिकरण का खाली खजाना है। बरेली इंटरनेशल यूनिवर्सिटी की दरियादिली है। उद्घाटन को लेकर विवाद है। भविष्य में इसकी देखरेख की जिम्मेदारी का भी सवाल है क्योंकि झुमका तो लटक गया, इसकी देखरेख कौन करेगा। इसके लिए प्राधिकरण ने किसी से कोई करार नहीं किया है। प्राधिकरण ने इसका सपना तो देखा मगर न बनाया न देखरेख की जिम्मेदारी उठा रही है, तो फिर किसका है यह झुमका।

यह झुमका बरेली इंटरनेशल यूनिवर्सिटी का है। उसी ने पैसा लगाया। वही इसकी देखभाल भी करेगी। प्राधिकरण ने इसके लिए यूनिवर्सिटी से कोई करार तक नहीं किया है। झुमका प्राधिकरण के सहयोग से नहीं बल्कि चंदे से चमका है। झुमका लगाने का सपना तो बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने देखा लेकिन पूरा करने के लिए सरकारी खजाने की कंगाली सामने आ गई और धनराशि का इंतजाम नहीं हो पाया। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर करीब 20 से 30 लाख रुपए की अनुमानित कीमत का झुमका बरेली-रामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लटका दिया गया। हालांकि लागत 40 लाख रुपए खर्च होने की भी चर्चा है। जमीन के लिए बीडीए ने दो विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र लिया था लेकिन पूरा खर्च बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने उठाया है। जानकारी के मुताबिक, अगले कई साल तक झुमके का रखरखाव यूनिवर्सिटी प्रशासन ही करेगा।

वहीं, इसके उद्घाटन को लेकर भी काफी विवाद गहरा गया। केंद्रीय श्रम मंत्री और बरेली के सांसद संतोष गंगवार इसके उद्घाटन में पहुंचे लेकिन मेयर डॉ उमेश गौतम कार्यक्रम में नजर नहीं आए। उमेश गौतम भाजपा से बरेली के मेयर हैं। बीडीए बोर्ड में सदस्य राजेश अग्रवाल बताते हैं कि पर्यटन विभाग के विशेष सचिव और पर्यटन विकास निगम के महानिदेशक रह चुके शशांक विक्रम 2015 में बीडीए उपाध्यक्ष बनकर आए तो यह प्रस्ताव उन्होंने बनाया था। उस समय बरेली विकास प्राधिकरण की अवस्थापना निधि की हुई बैठक में बरेली आयुक्त ने सबसे पहले झुमका लगाने का प्रस्ताव पास किया और करीब 10 लाख रुपए की मंजूरी भी दी गई। 2018 में शशांक विक्रम के जाने के बाद बीडीए की माली हालत खराब होती गई और यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसके बाद बरेली नगर निगम ने अपनी ओर से झुमका लगाने का काम आगे बढ़ाया। तब बरेली के ही डेलापीर और शहर के बिल्कुल बीच चौकी चौराहे पर झुमका लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन वहां भी बात आगे नहीं बढ़ सकी। 2019 में बीडीए उपाध्यक्ष दिव्या मित्तल ने इस योजना को फिर से आगे बढ़ाया बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के साथ इसे पूरा किया।

बरेली के झुमका तिराहे पर लगाया गया विशालकाय झुमका।

- 2015 में लाए गए झुमका लगाने के प्रस्ताव को अवस्थापना निधि की बैठक में पास किया गया था
- 10 लाख रुपए का इंतजाम झुमके के लिए किया गया था, लेकिन झुमका लगवाया बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने

उपाध्यक्ष दिव्या मित्तल बताती हैं कि विश्वविद्यालय के साथ कोई करार नहीं किया गया है। पैसे की कमी तो है लेकिन बीडीए चाहता तो अपने पैसे से भी यह लगवा सकता था लेकिन काम जन सहयोग से हुआ है तो अच्छी बात है। मित्तल बताती हैं कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग से जमीन का अनापत्ति प्रमाणपत्र लिया है। झुमके की कीमत अभी सही जानकारी नहीं है, लेकिन 20 लाख रुपए बताई जा रही है। दो क्विंटल 70 किलोग्राम पीतल से बने झुमके के मुरादाबाद से बनवाया गया है। 28 डिजाइन में मुंबई के डिजाइनर रजनीश अग्रवाल की डिजाइन को चुना गया है जिनको बीडीए सम्मानित करेगा। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ केशव कुमार अग्रवाल का कहना है कि झुमका लगाने के लिए सहयोग की बात आई तो मैंने हां कर दी। उनका कहना है कि बीडीए की ओर से कोई करार तो नहीं हुआ है लेकिन एक पत्र है उसे ही सहमति या करार पत्र कह सकते हैं। वह कहते हैं कि वहां बिजली, पानी और तमाम रखरखाव का काम हमारे विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की ओर से ही कर लिया जाएगा, लेकिन यह कब तक है इसका कोई समय निश्चित नहीं है।

www.readwhere.com

यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री जनवरी में 6.2 फीसद गिरी

ग्रेटर नोएडा,10 फरवरी (भाषा)।

यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में जनवरी में 6.2 फीसद की गिरावट देखी गयी है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसकी प्रमुख वजह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में नरमी रहना व वाहन मांग का कमजोर रहना है।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार जनवरी में घरेलू बाजार में कुल 2,62,714 यात्री वाहनों की बिक्री हुई जबकि जनवरी 2019 में यह आंकड़ा 2,80,091 था। इस अवधि में कारों की बिक्री 8.1 फीसद घटकर 1,64,793 वाहन रही जबकि पिछले साल जनवरी में 1,79,324 कारें बिकी थीं। विभिन्न श्रेणियों के वाहनों की बिक्री जनवरी में 13.83 फीसद घटकर 17,39,975 वाहन रही जबकि पिछले साल जनवरी में कुल 20,19,253 वाहन बिके थे।

सियाम के अध्यक्ष राजन वढेरा ने कहा– जीडीपी वृद्धि दर के नीचे रहने और वाहन रखने की बढ़ती लागत के चलते वाहनों की बिक्री पर दबाव बना हुआ है। देश में एक अप्रैल से भारत स्टेज–6 उत्सर्जन मानक लागू होने को देखते हुए वाहन विनिर्माताओं ने बीएस–4 से बीएस–6 में बदलाव किया है। इस वजह से वाहनों की कीमत बढ़ी है। वहीं लागत में वृद्धि के चलते कई कंपनियों ने जनवरी में वाहन की कीमत बढ़ायी हैं। वढेरा ने कहा– बुनियादी ढांचे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार की हाल की घोषणाओं से हमें उम्मीद है कि यह वाहनों की बिक्री को बढ़ाएगी और वृद्धि को समर्थन करेगी। सियाम के मुताबिक समीक्षावधि में दोपहिया वाहन की बिक्री 16.06 फीसद घटकर 13,41,005 इकाई रही। जबकि पिछले साल जनवरी में यह आंकड़ा 15,97,528 इकाई था।

समीक्षावधि में मोटरसाइकिल की बिक्री 15.17 फीसद गिरकर 8,71,886 वाहन और स्कूटर की बिक्री 16.21 फीसद घटकर 4,16,594 वाहन रही। जनवरी 2019 में यह आंकड़ा क्रमसे 10,27,766 और 4,97,169 वाहन था। सियाम के अनुसार जनवरी 2020 में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 14.04 फीसद टूटकर 75,289 वाहन रही जो जनवरी 2019 में 87,591 वाहन थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि तिपहिया वाहन श्रेणी को छोड़कर सभी श्रेणियों के वाहनों की थोक बिक्री गिरी है। उन्होंने कहा– हमें उम्मीद है कि जिस तरह की प्रतिक्रिया हमें अभी चल रहे ऑटो एक्सपो में मिल रही है, यह ग्राहकों की धारणा मजबूत करने में मदद करेगा। अब तक 70 से ज्यादा नई गाड़ियां यहां पेश की जा चुकी हैं।

कोरोना वायरस से वाहन उद्योग भयभीत : कोरोना वायरस के प्रसार की वजह से चीन से वाहन कलपूर्जों की आपूर्ति प्रभावित होने को लेकर भारतीय वाहन उद्योग भयभीत है, लेकिन इसकी वास्तविक स्थिति कुछ दिन बाद ही सामने आ सकेगी जब चीन में कारखाने दोबारा से शुरू होंगे। सियाम ने सोमवार को यह जानकारी दी। सियाम ने कहा कि वह अपनी सदस्य कंपनियों से आंकड़े और जानकारियां जुटा रही है और इसका विश्लेषण करने में कुछ दिन लगेंगे। इसके बाद ही यह पता चल पाएगा कि कोरोना वायरस की वजह से कलपूर्जों की आपूर्ति में क्या कोई व्यवधान पैदा हुआ है? अगर हुआ है तो उसका क्या प्रभाव है? सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने यहां संवाददाताओं से कहा– अभी इस मुद्दे पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। मैं केवल इतना कह सकता हूं कि इसे लेकर भय की स्थिति है और हर किसी को आज का इंतजार है क्योंकि चीनी नववर्ष की छुट्टियों के बाद वहां आज से बाजार खुलने की संभावना है।

मेनन से कोरोना वायरस की वजह से चीन से वाहन कलपूर्जों की आपूर्ति प्रभावित होने को लेकर प्रश्न किया गया था। उनसे पूछा गया कि यदि चीन से कलपुर्जों की आपूर्ति प्रभावित होती है तो देश में एक अप्रैल से लागू होने जा रही बीएस–4 से बीएस–6 के बदलाव पर क्या असर पड़ेगा? मेनन ने कहा, ''हमें जल्द ही इसके प्रभाव की सटीक स्थिति और संभावित निहितार्थों के बारे में पता होगा। लेकिन एक बात साफ है कि इसे लेकर भय का माहौल है। यह समस्या कितनी बड़ी होगी इस बारे में स्पष्ट जानकारी अगले कुछ दिनों में ही पता चल पाएगी।

वाहन व धातु कंपनियों के शेयरों में गिरावट, सूचकांक 162 अंक लुढ़का

मुंबई, 10 फरवरी (भाषा)।

कोरोना वायरस से होने वाली मौतों की संख्या बढ़ने और आर्थिक नुकसान की आशंका से घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को दूसरे दिन गिरावट आई। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का 30 शेयरों वाला संसेक्स 162.23 अंक यानी 0.39 फीसद गिरकर 40,979.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में करीब 373 अंक का उतार–चढ़ाव देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 66.85 अंक यानी 0.55 फीसद लुढ़क कर 12,031.50 अंक पर बंद हुआ। वाहन और धातु कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से मुख्यत : शेयर बाजार में सुस्ती आई।

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) में सबसे ज्यादा सात फीसद की गिरावट आई। इसके अलावा , टाटा स्टील (5.80 फीसद) , ओएनजीसी (2.84 फीसद) , सन फार्मा (2.39 फीसद) और हीरो मोटोकॉर्प (2.34 फीसद) के शेयर भी नीचे रहे। दूसरी ओर , बजाज फाइनेंस , कोटक बैंक , टीसीएस , एशियन पेंट्स , एचडीएफसी , हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी आई। वाहन कंपनियों के संगठन सियाम के वाहन बिक्री के आंकड़े जारी करने के बाद वाहन कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। सियाम के आंकड़ों के मुताबिक घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री जनवरी महीने में 6.2 फीसद गिर गई। उद्योग संगठन ने कहा कि कोरोना वायरस को लेकर भारतीय वाहन क्षेत्र भयभीत है क्योंकि इससे चीन से वाहन कलपुर्जों की आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। चीन में कारखाने खुलने के बाद अगले कुछ दिन बाद में तस्वीर ज्यादा स्पष्ट हो सकेगी। मीडिया में चल रही खबरों के मुताबिक , कोरोना वायरस से 900 से ज्यादा लोगों की अब तक जान गई है और 40,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हैं।

घाटे वाली तीन इकाइयों को बंद नहीं करेगी सेल : चेयरमैन

कोलकाता,10 फरवरी (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र की स्टील अथारिटी आफ इंडिया लि. (सेल) अपने तीन घाटे वाले विशिष्ट इस्पात संयंत्रों को बंद नहीं करेगी। सेल के चेयरमैन अनिल कुमार चौधरी ने सोमवार को कहा कि कंपनी को अगर इन इस्पात संयंत्रों के लिए खरीदार नहीं मिलता है, तो वह इन्हें बंद नहीं करेगी। इससे पहले केंद्र ने पश्चिम बंगाल के अलॉय स्टील प्लांट (एएसपी) तमिलनाडु के सेलम स्टील प्लांट (एसएसपी) और कर्नाटक के विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट (वीआइएसपी) की बिक्री की मंजूरी दी थी। इन तीनों संयंत्रों का कुल घाटा पिछले वित्त वर्ष में 370 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

पिछले साल जुलाई में निवेश व लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने सेल की तीनों इकाइयों की 100 फीसद हिस्सेदारी बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं। हालांकि, रुचि पत्र जमा कराने की तारीख तीन बार बढ़ाई जा चुकी है। सेल के चेयरमैन चौधरी ने कहा– विनिवेश की प्रक्रिया चल रही है। हम इन तीन विशिष्ट इस्पात इकाइयों को बंद नहीं करेंगे। उनसे पूछा गया था कि उचित खरीदार नहीं मिलने पर क्या कंपनी इन तीनों इकाइयों को बंद करेगी।

सेल के अधिकारियों ने कहा कि तीनों इकाइयां मांग के अनुरूप काम कर रही हैं। हालांकि, ये इकाइयां अपनी महत्तम क्षमता से कम पर काम कर रही हैं। इन तीनों इकाइयों में कर्मचारियों की कुल संख्या 1,972 है। कंपनी ने कहा कि इन इकाइयों के लिए मिली बोलियों का परामर्शक कंपनी एसबीआई कैपिटल मार्केट्स आकलन कर रही है।

COURT NOTICE

Criminal Courts, Ludhiana

In the court of sh. Vijay Kumar - I Judicial Magistrate 1st Class Ludhiana

Next date, purpose of case, orders and Judgments as well as other Case information is available on http://ecourts.gov.in

CNR NO:PBLD03-001487-2019

NEXT DATE: 12-03-2020

Kotak Mahindra Bank

V/s

Mohd. Kazim

Notice To: Mohd. Kazim, R/o Vill. Bakainiya Mafi Pakbara Moradabad, Moradabad -244102 (up)

Whereas it has proved to the satisfaction of this court that you, the above named accused/ accused persons can't be served in the ordinary way of service. Hence this proclamation under 82 of code of criminal procedure is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before this court on **12-03-2020** at 10.00a.m. Or within 30 days from the date of publication of this proclamation. Take notice that, in case of default on your part to appear as directed above the above said case will be heard and determined as per law in Your absence. For details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=ludhiana **JMIC LUDHIANA**

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व का कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेत, चेन्नई–600031. दूरभाषः +91 44 4564 4000 । **फैक्सः** +91 44 4564 4022.
अधिकृत प्राधिकारीः रोहित दुदेजा । सम्पर्क नम्बरः 7838324723

IDFC FIRST Bank

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) के प्रावधान देखें]
अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों के विक्रय हेतु निजी सन्धि विक्रय सूचना।

एतद्वारा सामान्य रूप से जनता को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवीकृत/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिस पर पूर्व के कैपिटल फर्स्ट होम फाइनेंस लिमिटेड जो अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड है, के अधिकृत प्राधिकारी ने भौतिक कब्जा किया है, का धर्मेन्दर पाल, परमेश्वरी देवी, श्यामलाल से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व का कैपिटल फर्स्ट होम फाइनेंस लिमिटेड) के 23 अक्टूबर, 2018 तक बकाये रु. 1442343.4/– की वसूली के लिए 27.02.2020 को ''जो है यहीं है'' तथा ''जो कुछ भी है वहीं है'' के आधार पर बिक्री की जायेगी।

आरक्षित मूल्य रु. 500000/– होगा तथा जमा धरोहर राशि रु. 50000/– होगी।

अचल सम्पत्ति का विवरण

दुकान नं. डी–01/014/1बी भूतल छत के अधिकार रहित, दिलशाद प्लाजा, डीएलएफ दिलशाद एक्स.–2 ग्राम–ब्रह्मपुर उर्फ भोपुरा, प्रॉपर शहर–गाजियाबाद, प्रॉपर राज्य–उत्तर प्रदेश, जिपकोड–201005

विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट में प्रावधानित लिंक www.idfcfirst-bank.com देखें।

अस्वीकरण : कृपया ध्यान दें कि कथित सूचना केवल अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए निर्गत की गयी है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल सम्पत्ति पर उपस्थित किसी चल आस्तियों, यदि कोई हो, की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

ह./–
अधिकृत प्राधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
दिनांकः 08.02.2020 **(पूर्व का कैपिटल फर्स्ट होम फाइनेंस लिमिटेड)**

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6 के अंतर्गत]
हेवन इंजीनियर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ

	संबंधित विवरण	
1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	हेवन इंजीनियर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स प्राईवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	01.10.2012
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार, दिल्ली, भारत
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या/कॉर्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटी पहचान संख्या	U70109DL2012PTC243041
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	128, पॉकेट–14, सेक्टर–20, रोहिणी, दिल्ली–110041
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	6 फरवरी, 2020 (आदेश 7.2.2020 को प्राप्त की गई) द्वारा आदेश (IB)–2173 (ND) 2019 जो माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ द्वारा जारी की गई
7.	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	5 अगस्त, 2020 (जो आदेश प्राप्ति की तिथि अर्थात 7.2.2020 से 180 दिन है)
8.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल का नाम, पंजीकरण संख्या, जो अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिश्नल के रूप में कार्यरत है	शशि भूषण प्रसाद पंजी सं. IBBI/IPA-002/IP-N00676/2018-19/12114
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉनकॉर के निदेशक मंडल ने 7 फरवरी, 2020 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए अपनी उपरोक्त कथित बैठक में बोर्ड द्वारा घोषित अंतरिम लाभांश 15% (रु. 5/- प्रत्येक के इक्विटी शेयर पर रु 0.75 प्रति शेयर) के लिए सदस्यों की पात्रता के निर्धारण हेतु रिकार्ड तिथि 20 फरवरी, 2020 (बृहस्पतिवार) निर्धारित की है। इसके बाद, अंतरिम लाभांश उन सदस्यों को भुगतान किया जाएगा:
(i) जिन सदस्यों के नाम 20 फरवरी, 2020 को या उससे पूर्व कम्पनी और इसके रजिस्ट्रार के साथ दर्ज भौतिक प्रारूप में सभी वैध शेयर हस्तांतरण के प्रभाव को मान्यता देने के बाद कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर में शामिल होंगे; या
(ii) इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में धारित शेयरों के संबंध में उन 'मानद सदस्यों' को जिनके नाम 20 फरवरी, 2020 को व्यावसायिक समय समाप्ति पर नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत किये गये लाभार्थी स्वामित्व के विवरण में शामिल होंगे।
इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस (ईसीएस) के माध्यम से लाभांश के भुगतान की सुविधा का लाभ उठाने के उद्देश्य से कम्पनी के सदस्यगण जिनके पास डिमेट प्रारूप में शेयर हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास और भौतिक प्रारूप में शेयरधारण करने वाले सदस्यगण हमारे शेयर ट्रांसफर एजेंट और रजिस्ट्रार: मैसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज (प्रा) लि., बीटल हाउस, तीसरा तल, 99, मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेन्टर के पीछे, नजदीक दादा हरसुखदास मंदिर, नई दिल्ली-110062 के पास विधिवत भरा गया ईसीएस अधिदेश पत्र जमा कर दें। सदस्य द्वारा एक बार ईसीएस विवरण प्रस्तुत करने के बाद यह उनके द्वारा पहले दिए गए सभी पुराने बैंक अधिदेशों/विवरणों का स्थान ले लेगा। ईसीएस अधिदेश पत्र कम्पनी की वेबसाइट www.concorindia.com पर उपलब्ध है।
कृते भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
हस्ता./-
(हरीश चन्द्रा)
कार्यकारी निदेशक (वित्त) एवं कम्पनी सचिव
स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 07.02.2020

Orosil kuhjohl SINCERE
ओरोसिल स्मिथ्स इंडिया लिमिटेड
(पंजी. कार्यालयः 629, हेमकुंत चेम्बर्स, 89, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019)
ईमेलः info@orosil.com, वेबसाइटः www.orosil.com, CIN: L74110DL1994PLC059341
31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (आंकड़े-रु लाखों में)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही 31.12.2019 (अनंकेक्षित)	समाप्त नौमाही 31.12.2019 (अनंकेक्षित)	31.12.2018 को समाप्त पूर्व वर्ष के अनुरूप समाप्त 3 महीने (अनंकेक्षित)
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	31.21	155.19	39.27
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक तथा/व असाधारण मदों से पूर्व)	(6.25)	(22.46)	(6.93)
3	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/व असाधारण मदों के बाद)	(6.25)	(22.46)	(6.93)
4	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/व असाधारण मदों के बाद)	(6.25)	(22.46)	(6.93)
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल]	(6.25)	(22.46)	(6.93)
6	इक्विटी शेयर पूंजी	413.16	413.16	413.16
7	प्रति शेयर आय (अंकित मूल्य प्रति रू. 1/-) बेसिक व डायल्यूटिड (रू में)	(0.02)	(0.05)	(0.02)

नोट्सः
(i) 10 फरवरी, 2020 को आयोजित बैठक में उपरोक्त परिणामों की ऑडिट कमेटी द्वारा समीक्षा तथा सिफारिश किए गए तथा निदेशक मंडल बैठक द्वारा स्वीकृत किए गए। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने वर्तमान तिमाही के परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
(ii) सेबी (सूचीयन अनिवार्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अनुसार, स्टॉक एक्सचेंज के साथ दर्ज उपरोक्त 31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए वित्तीय परिणाम विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com) में तथा कंपनी की वेबसाइट (www.orosil.com) पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते ओरोसिल स्मिथ्स इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
(बी. के नरूला)
प्रबंध निदेशक
DIN: 00003629
स्थानः नोएडा
तिथिः 10 फरवरी, 2020

भारत एकांश लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः म.नं. 116, एफ/एफ, ग्राम कोटला, मयूर विहार फेज-I, निकट हुकुम सिंह डेयरी, दिल्ली-110091
ई-मेलः bharat.ekansh.ltd@gmail.com, वेबसाइटः www.bharatekanshlimited.com
दूरभाषः 9355777335-36; सीआईएनः L74899DL1985PLCO20973
31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश (राशि रू. में)

क्र.सं.	विवरण	समाप्त तिमाही (31.12.2019)	समाप्त नौमाही (31.12.2019)	समाप्त संगत तिमाही (31.12.2018) गत वर्ष में
1.	प्रचालनों से कुल आय	-	1,300,000.00	50,000.00
2.	अवधि हेतु (कर पूर्व, अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) कुल लाभ/(हानि)	(553,680.40)	(263,616.40)	(41,730.00)
3.	कर पूर्व अवधि हेतु (अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) कुल लाभ/(हानि)	(553,680.40)	(263,616.40)	(41,730.00)
4.	अवधि हेतु कर पश्चात (अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) कुल लाभ/(हानि)	(553,680.40)	(263,616.40)	(41,730.00)
5.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) से निर्मित लाभ/(हानि)) (नोट सं. 2 का सन्दर्भ लें)	(553,680.40)	(263,616.40)	(41,730.00)
6.	इक्विटी शेयर पूँजी (प्रत्येक रु. 10/- के अंकित मूल्य)	8,269,210.00	8,269,210.00	8,269,210.00
7.	आरक्षियाँ (गत वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र में प्रदर्शित के अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षियों को छोड़कर)	1,931,482.67	1,931,482.67	2,520,172.07
8.	आय प्रति शेयर (प्रत्येक रु. 10 के अंकित मूल्य) (वार्षिकीकृत नहीं) बेसिक (रु.)	(0.670)	(0.319)	(0.050)
	डाइल्यूटेड (रु.)	(0.670)	(0.319)	(0.050)

नोटः
1. उपर्युक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दर्ज 31* दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही तथा छमाही हेतु तिमाही अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कृते भारत एकांश लिमिटेड
ह./-
मुकेश कुमार शर्मा
(सीएफओ)
स्थानः दिल्ली
दिल्लीः 10.02.2020

www.readwhere.com

भारतीय टीम की निगाहें पदक पर

मनीला (फिलिपीन), 10 फरवरी (भाषा)।

एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप
भारतीय टीम अभियान की शुरुआत कजाखस्तान के खिलाफ करेगी। प्रणीत और उसके साथियों पर होगा सारा दारोमदार

कोरोना वायरस के डर के बावजूद भारत की मजबूत पुरुष टीम मंगलवार से शुरू हो रही एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए यहां पहुंच गई। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत कजाखस्तान के खिलाफ करेगी। टीम की निगाहें पदक जीतने पर टिकी होंगी जिससे ओलंपिक वर्ष में खिलाड़ियों को अहम रैंकिंग अंक मिलेंगे। उधर भारतीय महिला टीम ने कोरोना वायरस के फैलने के डर के कारण प्रतियोगिता के लिए नहीं जाने का फैसला किया है। चीन के वुहान के 44 साल के एक पर्यटक की एक फरवरी को फिलिपीन में मौत हो गई थी। देश में अब तक इस विषाणु के तीन मामले सामने आ चुके हैं।

भारतीय पुरुष टीम में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत, 2019 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत, एचएस प्रणय, शुभंकर शर्मा और लक्ष्य सेन को शामिल किया गया है। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 में इस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। टीम को शुरुआत में ग्रुप ए में दो बार के गत चैंपियन इंडोनेशिया और मेजबान फिलिपींस के साथ रखा गया था लेकिन मेजबान देश के यात्रा प्रतिबंध के कारण चीन और हांगकांग के नहीं खेलने के कारण सोमवार को टीम मैनेजरों की बैठक में दोबारा ड्रा हुआ। भारत को अब मलेशिया और कजाखस्तान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। सभी चार ग्रुपों से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार को कजाखस्तान के खिलाफ करेगा और फिर गुरुवार को मलेशिया से भिड़ेगा। एशिया टीम चैंपियनशिप का आयोजन तीसरी बार किया जा रहा है और यह थामस एवं उबेर कप के एशिया क्वालीफायर भी हैं। भारतीय टीम के कजाखस्तान के खिलाफ आसानी से जीत दर्ज करने की उम्मीद है लेकिन मलेशिया के खिलाफ मुकाबला रोमांचक होगा। मलेशिया की युवा टीम में दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी ली जी जिया, 2014 युवा ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता चीम जून वेई और विश्व जूनियर चैंपियनशिप के तीन बार के रजत पदक विजेता लियोंग जुन हाओ शामिल हैं। युगल में मलेशिया के पास ओंग यू सिन और तियो ई यी की दुनिया की 17वें नंबर की जोड़ी है जिन्होंने पिछले महीने थाईलैंड मास्टर्स का खिताब जीता। गोह जी फेई और नूर इजुद्दीन मोहम्मद रुमसानी भी टीम में शामिल हैं। यह जोड़ी 2018 एशिया टीम चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता टीम का हिस्सा रही है।

जीत के बाद भद्दा था बांग्लादेश के खिलाड़ियों का बर्ताव : प्रियम गर्ग

पोटचेफ्स्ट्रूम, 10 फरवरी (भाषा)।

भारतीय कप्तान प्रियम गर्ग ने कहा कि पहला अंडर-19 विश्व कप जीतने के बाद बांग्लादेश के खिलाड़ियों का बर्ताव भद्दा था। भारत को रविवार को फाइनल में हराने के बाद कुछ बांग्लादेशी क्रिकेटर जश्न मनाते समय सीमा लांघ गए। उनके कप्तान अकबर अली ने इस 'अप्रिय घटना' के लिए माफी मांगी।

भारतीय कप्तान गर्ग ने कहा कि इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए थी। गर्ग के हवाले से क्रिकइन्फो ने कहा, हम सहज थे। यह खेल का हिस्सा है। कभी आप जीतते हैं तो कभी हारते हैं। उनकी प्रतिक्रिया भद्दी थी। ऐसा नहीं होना चाहिए था लेकिन ठीक है, चलता है। मैच के दौरान भी बांग्लादेशी खिलाड़ी काफी आक्रामक थे जबकि उनके तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम ने हर गेंद पर भारतीय बल्लेबाजों के साथ छींटाकशी की। विजयी रन लेने के बाद भी उनका रवैया ऐसा ही था। अली ने हालांकि कहा, जो हुआ, वह नहीं होना चाहिए था। मुझे नहीं पता कि वास्तव में क्या हुआ। फाइनल में जज्बात उमड़ आते हैं और कई बार खिलाड़ियों का उन पर काबू नहीं रहता। उन्होंने कहा, युवाओं को इससे बचना चाहिए। हमें विरोधी का सम्मान करना चाहिए, खेल का सम्मान करना चाहिए। क्रिकेट भद्रजनों का खेल है। मैं अपनी टीम की ओर से माफी मांगता हूं। भारत ने पिछले साल एशिया कप फाइनल और त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। अली ने कहा, भारत बांग्लादेश प्रतिद्वंद्विता ऐसी ही है। हम एशिया कप फाइनल में उनसे हारे थे तो मुझे लगता है कि कहीं बदले की बात खिलाड़ियों के जेहन में थी। मैं उनकी ओर से माफी मांगता हूं।

पाकिस्तान ने बांग्लादेश को पारी और 44 रन से हराया

रावलपिंडी, 10 फरवरी (एएफपी)।

नसीम शाह मैच में हैट्रिक समेत चार विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुने गए।

पाकिस्तान ने पहले टैस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को बांग्लादेश को पारी और 44 रन से हराकर दो टैस्ट की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त कायम की। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में छह विकेट पर 126 रन से की लेकिन सपाट पिच होने के बाद भी उसकी पूरी टीम 168 रन पर आउट हो गई। इस जीत से पाकिस्तान ने विश्व टैस्ट चैंपियनशिप के लिए 60 अंक हासिल किए जिससे उसके 140 अंक हो गए। नौ टीमों की इस चैंपियनशिप में भारत 360 अंक के साथ शीर्ष पर है।

बांग्लादेश ने इससे पहले पहली पारी में 233 रन बनाए थे जिसके जवाब में पाकिस्तान ने बाबर आजम (143) और शान मसूद (100) की शतकीय पारी से 445 रन बनाकर बड़ी बढ़त हासिल की थी। दूसरी पारी में हैट्रिक लेने वाले सबसे युवा गेंदबाज बने नसीम शाह मैच में 26 रन देकर चार विकेट लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। नसीम हालांकि पसली में दर्द के कारण सोमवार को मैदान में नहीं उतरे लेकिन पाकिस्तान ने बांग्लादेश के बाकी चारों विकेट 90 मिनट के अंदर चटका दिए। बांग्लादेश के लिए पिछले 11 टैस्ट में यह 10वीं हार है जबकि उन्होंने एक मैच ड्रा खेला।

बांग्लादेश के कप्तान मोमिनुल हक ने दिन की शुरुआत तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर चौके साथ की लेकिन इस ओवर में वह 41 रन के स्कोर पर पगबाधा हो गए। लिटन दास (29) और नीचले क्रम के बल्लेबाज रूबेल हुसैन ने पाकिस्तान को 11.5 ओवर तक सफलता से महरुम रखा लेकिन मोहम्मद अब्बास ने रूबेल को पगबाधा कर के उनकी पांच रन की पारी का अंत किया। यासिर शाह ने इसके बाद दास और अबु जाएद का विकेट लेकर मैच खत्म किया। इस जीत से पाकिस्तान ने विश्व टैस्ट चैंपियनशिप के लिए 60 अंक हासिल किए जिससे उसके 140 अंक हो गए। नौ टीमों की इस चैंपियनशिप में भारत 360 अंक के साथ शीर्ष पर है जिसके बाद दूसरे पायदान पर आस्ट्रेलिया (246) और इंग्लैंड (146) है।

न्यूजीलैंड ए के खिलाफ ड्रा टैस्ट में रहाणे का शतक

लिंकन, 10 फरवरी (भाषा)।

भारतीय उपकप्तान अजिंक्य रहाणे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टैस्ट श्रृंखला की तैयारी पुख्ता करते हुए न्यूजीलैंड ए के खिलाफ ड्रा रहे चार दिवसीय मैच में भारत ए के लिए नाबाद 101 रन बनाए। न्यूजीलैंड ए ने नौ विकेट पर 386 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारत ए ने पांच विकेट पर 467 रन बना लिए थे जब चौथे दिन मैच ड्रा पर छूटा। इस दूसरे अनधिकृत टैस्ट के साथ ही भारत ए के दौरे का भी अंत हो गया। रहाणे 148 गेंद में 15 चौकों और एक छक्के के साथ 101 रन बनाकर नाबाद रहे। पहले मैच में दोहरा शतक जमाने वाले शुभमान गिल ने तीसरे दिन दूसरा शतक पूरा किया था। उन्होंने 136 रन की पारी खेली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टैस्ट 21 फरवरी से शुरू होगा। विजय शंकर ने 66 रन का योगदान दिया। तीसरे नंबर पर उतरने वाले चेतेश्वर पुजारा ने अर्धशतक जमाया था लेकिन वह चौथे दिन सिर्फ एक रन जोड़ सके। ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने 98 रन देकर दो विकेट लिए।

वार्नर तीसरी बार एलेन बार्डर पदक के लिए चुने गए

मेलबर्न, 10 फरवरी (भाषा)।

सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को क्रिकेट आस्ट्रेलिया पुरस्कारों में सोमवार को तीसरी बार एलेन बार्डर पदक से सम्मानित किया गया जबकि एलिस पैरी को दूसरी बार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार दिया गया।

वार्नर ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए महज एक मत से पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को पछाड़ा। पिछले साल के विजेता तेज गेंदबाज पैट कमिंस तीसरे स्थान पर रहे। केपटाउन टैस्ट (2018) में गेंद से छेड़छाड़ के कारण एक साल का प्रतिबंध झेलने वाले वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की। उन्होंने 2016 और 2017 में भी इस पुरस्कार को हासिल किया है। उन्हें टैस्ट, एकदिवसीय और टी-20 में मिलाकर 194 मत मिले जो स्मिथ से एक और कमिंस से नौ मत अधिक थे। महिलाओं में पैरी ने बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार जीता तो वहीं टीम की उनकी साथी खिलाड़ी एलिसा हीली को साल की सर्वश्रेष्ठ टी-20 और एकदिवसीय महिला खिलाड़ी चुना गया। पुरुषों में वार्नर को साल का सर्वश्रेष्ठ टी-20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चुना गया। आरोन फिंच को सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय जबकि मार्नस लाबुशेन को साल का सर्वश्रेष्ठ टैस्ट खिलाड़ी चुना गया।

Indiabulls REAL ESTATE

Indiabulls Real Estate Limited
Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the quarter and nine month ended December 31, 2019

(₹ in Lakhs)

Sl. No.	Particulars	Quarter ended 31.12.19 (Unaudited)	Nine Months ended 31.12.19 (Unaudited)	Quarter ended 31.12.18 (Unaudited)
1	Total Income from Operations	1,31,770.46	3,28,894.40	1,28,759.94
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate, Exceptional and/or Extraordinary items)	11,641.52	59,087.09	28,627.50
3	Net Profit / (Loss) for the period before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items)	11,641.52	52,336.36	28,627.50
4	Net Profit / (Loss) for the period after Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items)	4,920.45	23,048.19	20,245.60
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	17,429.73	(22,896.84)	7,516.92
6	Equity Share Capital	9,093.28	9,093.28	9,013.61
7	Earnings per Share (EPS) before extraordinary items *(EPS for the quarters and nine months are not annualised)			
	- Basic (Amount in ₹)	1.08	5.09	4.49
	- Diluted (Amount in ₹)	1.08	5.09	4.47
	Earnings per Share (EPS) after extraordinary items *(EPS for the quarters and nine months are not annualised)			
	- Basic (Amount in ₹)	1.08	5.09	4.49
	- Diluted (Amount in ₹)	1.08	5.09	4.47

Notes : 1. The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 10 February 2020.

2. **Key Standalone Financial Information:** (₹ in Lakhs)

Particulars	Quarter ended 31.12.19 (Unaudited)	Nine Months ended 31.12.19 (Unaudited)	Quarter ended 31.12.18 (Unaudited)
Total Income	21,368.67	34,847.13	5,493.63
(Loss) / Profit before Tax	(3,004.50)	(16,205.49)	(3,633.16)
Net (Loss) / Profit after Tax	(3,030.13)	(18,686.74)	(3,677.71)

3. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Company's website (https://indiabullsrealestate.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

Registered Office: M-62&63, First Floor, Connaught Place, New Delhi 110 001.
(CIN: L45101DL2006PLC148314)
Place : Gurugram
Date : 10 February 2020

FOR AND ON BEHALF OF BOARD OF DIRECTORS
Vishal Gaurishankar Damani
Joint Managing Director

सार्वजनिक सूचना – सम्पत्तियों की नीलामी सह बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदारों तथा गारंटरों को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका कब्जा असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (आर्सिल), भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत एक असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफासी ऐक्ट, 2002 के प्रावधानों के अधीन प्राप्त किया जा चुका है। आर्सिल ने निम्नवर्णित वित्तीय आस्तियां बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से अधिग्रहीत कर ली हैं और प्रतिभूत लेनदार के अधिकार अर्जित कर लिए हैं। आस्तियां "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण और कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएंगी।

क्र. सं.	ऋण खाता नंबर / बैंक का नाम / वित्तीय संस्था	मूल कर्जदार / सह-कर्जदार / जमानतदार का नाम	ट्रस्ट का नाम	सम्पत्ति का प्रकार / आकार / प्रकृति	कुल बकाया राशि भारतीय रुपए में	धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रुपए में	सुरक्षित मूल्य (रू.) भारतीय रुपए में	निरीक्षण की तिथि	नीलामी की तिथि एवं समय	कब्जा का प्रकार
1	डीएलएचएल16000857 / एल एंड टी फाईनेंसियल सर्विसेज	संदीप कुमार भास्कर / नीना भास्कर	आर्सिल रिटेल लोन पोर्टफोलियो -58-बी-ट्रस्ट	भूमि एन.ए. निर्मित / फ्लैट - 1327 वर्ग फीट (फ्रीहोल्ड)	91,38,456.96 07/02/2020 तक	8,00,000/-	80,00,000/-	20/02/2020	13/03/2020 12:00:00	भौतिक

प्रतिभूत सम्पत्ति पता : टी 21/7 बी, प्रथम एवम द्वितीय मंजिल, डीएलएफ कुतुब इनक्लेव, फेज-3, ग्राम-नाथुपुर, गुड़गांव, हरियाणा, भारत पिनकोड : 122002

नीलामी प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

1	नीलामी तिथि	यहां ऊपर वर्णित अनुसार	5	ईएमडी जमा करने हेतु अंतिम तिथि	उसी दिन नीलामी से 2 घंटा पहले
2	बोली जमा करने का स्थान तथा नीलामी का स्थान	द्वितीय तल, सेठी चैम्बर्स, प्लॉट नंबर 2, डीडीए लोकल शॉपिंग सेन्टर, निकट विद्या भवन गर्ल्स सीनियर सेकण्ड्री स्कूल, एमओआर लेण्ड, न्यू राजिन्दर नगर, नई दिल्ली-110060	6	ईएमडी सहित सभी भुगतान डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किए जाने हैं	नई दिल्ली
3	नीलामी हेतु वेबसाइट	www.arcil.co.in	7	नाम जिसके पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट आहरित किया जाना है	नाम प्रत्येक सम्पत्ति के सामने ट्रस्ट कालम में दर्शाया गया है
4	सम्पर्क व्यक्ति तथा फोन नंबर	कमल मिश्रा : 9819820760, विक्रम तंवर : 8880122299	8	निरीक्षण का समय	पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे तक

बोलीदाता, उपरिवर्णित वेबसाइट पते पर ऑफर/निविदा दस्तावेज के साथ उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में आवेदन करके, अपनी पसंद के अनुसार, नीलामी में ऑनलाइन प्रतिभागिता की सुविधा प्राप्त कर सकता है। ऑनलाइन बिडिंग उपरिवर्णित संस्थान की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी तथा निविदा दस्तावेज में दिए गए नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। निविदा दस्तावेज तथा नीलामी के नियम एवं शर्तें हमारी वेबसाइट www.arcil.co.in से डाउनलोड की जा सकती हैं अथवा आर्सिल के उपरिवर्णित शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। कृपया नोट करें कि यह बिक्री बिड दस्तावेज में वर्णित नियमों एवं शर्तों के तहत होगी। बिक्री पूर्णतया इस विज्ञापन तथा बिड/निविदा दस्तावेज में सम्मिलित नियमों एवं शर्तों के तहत होगी। प्राधिकृत अधिकारी का बिना कोई कारण बताए किसी भी/सभी बिड्स अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। यह सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 तथा 9 के तहत सूचना भी मानी जाएगी।

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 11-02-2020

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड

Arcil Premier ARC
असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड, सीआईएन : U65999MH2002PLC134884,
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29, सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028, फोन : +91 2266581300
शाखा पता : द्वितीय तल, सेठी चैम्बर्स, प्लॉट नंबर 2, डीडीए लोकल शॉपिंग सेन्टर, निकट विद्या भवन गर्ल्स सीनियर सेकण्ड्री स्कूल, एमओआर लेण्ड, न्यू राजिन्दर नगर, नई दिल्ली-110060,
फोन : 011-46370444 www.arcil.co.in

युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
United Bank of India
The Bank that begins with 'U'

नई दिल्ली क्षेत्र, पी-9/90 कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001

ई-नीलामी बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने और गारंटरों और प्रत्याभूति - दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित है, का (रचनात्मक) और वास्तविक कब्जा क्र.सं. 1, 2, 3) युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर प्रतिभूत लेनदार की रूपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्नांकित दिनांकों को बेचा जाएगा। प्रत्येक संपत्ति के लिए आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा (EMD) राशि नीचे दी गई है।

ई-नीलामी की तिथि: 27.02.2020
ई-नीलामी का समय : पूर्वाह्न 11.30 बजे से अर्पा. 3.30 बजे तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ

धरोहर राशि और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि : ई-नीलामी दिनांक 27.02.2020 हेतु 26.02.2020 (अर्पा. 5.00 बजे तक)

सम्पत्ति का निरीक्षण दिनांक 24.02.2020 को अपर्राह्न 02.00 से 04.00 बजे तक के बीच में किया जा सकता है।

बैंक को ज्ञात संपत्ति/यों पर समेकन का विवरण : ज्ञात नहीं

क्र. सं.	शाखा का नाम, कर्जदार/गारंटर्स का नाम एवं पता	स्थान और सम्पत्ति का विवरण	13 (2) के अनुसार बकाया राशि, जिसके लिए संपत्ति बेची जा रही है	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि	खाते का विवरण सम्पर्क विवरण
1	मैसर्स मुस्कान इंटरनेशनल श्री देविंदर सिंह सोढ़ी (प्रोपराइटर), ए-2/4, फेज-I, मायापुरी औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110064	साम्यिक बंधक रिहायशी सम्पत्ति फ्लैट नं. 15, तृतीय तल, किंग्स अपार्टमेंट, पंचवटी काम्पलैक्स जोकि मौजा मंडलगन्टी आर. एस. दाग नं. 132, जे. एल. नं. 06 वीआईपी रोड तेघारिया, अर्जुनपुर-गोपालपुर नं. 11 ग्राम पंचायत के क्षेत्राधिकार के तहत, ए डी एस आर ओ बिधन नगर (साल्ट लेक सिटी), पी. एस. बगुआती, कोलकाता-700059	रु. 77,70,769/- दिनांक 30.11.2016 से ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार	₹ 27.00 लाख / ₹ 2.70 लाख / ₹ 0.50 लाख	श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in
2	मैसर्स महादेव स्टेशनर्स एंड ट्रेडर्स प्रोप. श्री अजय सिन्हा RZ-121/213 (पुराना-121) गली नं. 8, I ब्लॉक, वैस्ट सागरपुर, दिल्ली-110046 उधारकर्ता: श्री अजय सिन्हा RZ-429/3 स्ट्रीट नं. 11 कैलाश पुरी एक्स. पालम, दिल्ली-110046 गारंटर: श्रीमती तनु सिन्हा RZ-429/3, स्ट्रीट नंबर 11 कैलाश पुरी एक्स. पालम, दिल्ली -110046	साम्यिक बंधक भूतल आरजेड - 221/213 (पुराना नं. 121), खसरा नं. 213, गांव - नासीरपुर जिसे अब वैस्ट सागरपुर कहते हैं, नई दिल्ली-110046 में स्थित	रु. 26,05,604.24 साथ में ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार	₹ 20.30 लाख / ₹ 2.03 लाख / ₹ 1.00 लाख	श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in
3	बबलू कुमार पांडे और रंजू पांडे (कर्जदार) पताः एमआईजी फ्लैट नं. एफएफ-03 प्रथम तल, (रियर साइड) प्लॉट नं. एम-120 सैक्टर-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, यू.पी	साम्यिक बंधक एमआईजी फ्लैट नं. एफएफ-03 प्रथम तल, (पीछे की तरफ) प्लॉट नं. एम-120, सैक्टर-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, यू.पी. -201010 में स्थित	रु. 20,07,932.00 दिनांक 01.06.2018 से ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार	₹ 22.61 लाख / ₹ 2.26 लाख / ₹ 0.25 लाख	श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in

नियम एवं शर्तें :
*सरकारी नियमानुसार जीएसटी लागू.
1. ई-नीलामी ऊपर दिये समय पर स्वतः चालू हो जायेगी।
2. सम्पत्ति, बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की देखरख में बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **M/s MSTC site (e-Bक्रय)** के माध्यम से वेबसाईट: **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** पर ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।
3. ई-नीलामी दस्तावेज, जिनमें बिड फार्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें दी गई हैं, **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** में उपलब्ध है, से डॉउनलोड कर सकते हैं या इच्छुक प्रतिभागी ई-नीलामी में भाग लेने के लिए सेवा प्रदाता **M/s MSTC**, मो. 18001035342 (Toll Free) और 07941072411/12/13 & IBAPI हेल्पलाईन नं 18001025026(toll free) और फोन नं. 011-41106131 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को एक वैध ई-मेल आईडी होना अनिवार्य है। उपयोगकर्ता आईडी/पासवर्ड और प्रशिक्षण केवल उन बोलीदाताओं को **M/s MSTC**, द्वारा प्रदान किया जाएगा जो सभी नियमों और शर्तों को पूरा करते हैं और जिन्होंने बैंक के साथ अपेक्षित ईएमडी जमा किया है। ईमेल आईडी के द्वारा उपयोगकर्ता आईडी/पासवर्ड बोलीदाताओं को सूचित किया जाएगा।
5. धरोहर राशि (ईएमडी) और केवाईसी दस्तावेजों के प्रमाण के साथ बोली फॉर्म (पैन कार्ड की प्रतिलिपि, पहचान का प्रमाण) अर्थात वोटर-आई-कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट आदि की स्वप्रमाणित प्रति) और पते के प्रमाण की प्रति युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत किया जा सकता है, ई-मेल के माध्यम से प्रत्येक संपत्ति के समक्ष उल्लिखित अंतिम तिथि पर या उससे पहले जमा किया जाना चाहिए। किसी भी कारण से विलम्ब से प्राप्त बिड फार्म तथा ईएमडी स्वीकार नहीं की जाएगी। बैंक के पास कोई भी कारण बताए बगैर किसी भी या सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिड फार्म, बिक्री के नियम व शर्तें बैंक के पोर्टल (www.unitedbankofindia.com) से प्राप्त की जा सकती है।
6. ईएमडी रहित बिड फार्म तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
7. ई-नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए ईएमडी जमा करने वाले बोलीदाता यदि किसी भी कारण से नीलामी की तारीख में भाग लेने में विफल रहे, तो जमा की गई ईएमडी स्वचालित रूप से जब्त कर ली जाएगी।
8. किसी कारण से बिक्री के पहले या बाद में बिक्री को रद्द करने की स्थिति में बोली लगाने वाले के पास बैंक के खिलाफ ब्याज सहित किसी भी प्रकृति का कोई दावा नहीं होगा। किसी भी कारण या संपत्ति के कब्जे के संबंध में बिक्री/प्रमाण पत्र/बिक्री प्रमाण पत्र की पुष्टि में देरी की स्थिति में या बोली लगाने वाले के न्यायालय के आदेशों के कारण बैंक के समक्ष ब्याज सहित किसी भी प्रकार का दावा नहीं होगा। यह दोहराया गया है और स्पष्ट किया गया है कि सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान की गई राशि किसी भी ब्याज को वहन नहीं करेगी और इस तरह किसी भी परिस्थिति में बोलीदाताओं द्वारा ब्याज के भुगतान के लिए कोई दावा नहीं किया जा सकता है।
9. सम्पत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी। इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य से अधिक मूल्य का उद्धरण करना होगा। सम्पत्ति सर्वोच्च बोलीदाता को बेची जाएगी, उक्त सर्वोच्च बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) तत्काल अर्थात उसी दिन या अगले कार्यकाल दिवस के बाद नहीं तक जमा करनी होगी और उक्त सर्वोच्च बोलीदाता को खरीद मूल्य की शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 (पंद्रह) दिन अथवा नोटिस दिये बिना ऐसी आगे बढ़ाई गई अवधि के भीतर जमा करनी होगी, जिसकी लिखित रूप में अनुमति दी गई है।
10. सफल बोलीदाता को शेष बोली राशि ईएफटी/एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी/पी ओ द्वारा उपरोक्त खाता संख्या में जमा करना होगा।
11. निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में जमा राशि और धरोहर राशि और/या प्रारम्भिक जमा राशि जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति दोबारा बेची जाएगी। उक्त बोलीदाता/सफल क्रेता का उपरोक्त सम्पत्ति पर कोई अधिकार नहीं होगा।
12. असफल बोलीदाताओं का ईएमडी उसी दिन वापस कर दिया जाएगा, अर्थात बिक्री के समापन के बाद हर दशा में अधिकतम 7 दिनों के भीतर। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
13. बिक्री मूल्य की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात सफल क्रेता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र (बोली प्रपत्र के अनुसार) जारी किया जायेगा।
14. संपत्ति "जहां है और जो भी है" के रूप में बेची जाएगी और इच्छुक बोलीदाताओं को किसी भी दावे / अदालत के मामले /मुकदमेबाजी, बैंक के प्रभार के अलावा किसी भी प्राधिकरण की संपत्ति पर आरोपों के संबंध में विवेकपूर्ण पूछताछ करनी चाहिए और बोलियां जमा करने से पहले संपत्ति के शीर्षक, सीमा, गुणवत्ता और मात्रा के बारे में खुद को संतुष्ट करना चाहिए। बिक्री के लिए लगाई गई संपत्ति, किसी भी संपत्ति पर या किसी अन्य मामले आदि पर लगाए गए आरोपों के बारे में कोई भी दावा, बोली प्रस्तुत करने के बाद, विचार नहीं किया जाएगा। संभावित बोली लगाने वालों को सलाह दी जाती है कि वे अवलोकन करने के लिए नवीनतम प्रोत्साहन प्रमाणपत्र और अन्य राजस्व / नगरपालिका रिकॉर्डों का सत्यापन करें और संपत्ति पर यदि कोई हो, तो टाइटल और अभिलेखों पर स्वयं को संतुष्ट करें। लेनदारों/बैंक को ज्ञात नहीं जैसे कि कर बकाया, संपत्ति कर बकाया या अन्य वैधानिक बकाया यदि कोई हो, तो बोली लगाने से पहले संबंधित विभागों से इच्छुक बोलीदाताओं से पूछताछ की जाएगी।
15. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम बोली स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा प्राधिकृत अधिकारी को कोई भी ऑफर या सभी ऑफर्स स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी स्थगित/प्रास्थगित/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
16. क्रेता स्टाप शुल्क, बिक्री प्रमाण पत्र शुल्क, पंजीकरण शुल्क, सरकार को देय सभी वैधानिक बकाया, कर और दरों और बिक्री प्रमाण पत्र के जारी होने के समय यदि कोई स्रोत पर आयकर हो, तो वर्तमान और भविष्य दोनों पर देय होने वाले शुल्कों को या बाद में सम्पत्तियों से संबंधित शुल्क को वहन करना होगा।
17. बेची गई सम्पत्ति/आस्तियों के संबंध में सभी सांविधिक/गैर-सांविधिक देयताओं अथवा किसी व्यक्ति को देय सभी प्रभार/कर/हस्तांतरण हेतु देय दरें, सम्पत्ति कर, अन्य कोई देय एकमात्र रूप से सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।
18. यह प्रकाशन उपरोक्त कर्जदार/गारंटर के लिए सरफासी एक्ट 2002 के नियम 8(6) और 6(2) के अधीन सांविधिक **15/30 दिन** की बिक्री सूचना भी है।
19. बोलीदाता की ओर से किसी चूक/विफलता हेतु न तो यूबीआई और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए बोलीदाताओं से आवश्यकता के अनुसार बिजली आपूर्ति बैक-अप जैसी आवश्यक व्यवस्था/वैकल्पिक व्यवस्था करने का अनुरोध किया जाता है।
20. बोलीदाताओं को दी गई उपयोगकर्ता आईडी से की गई सभी बोलियों को केवल उसके द्वारा ही माना जाएगा।
21. बोली लगाने वाले बिक्री के नियमों और शर्तों को पढ़ना और समझना होगा और वे इसके द्वारा बाध्य होंगे।
22. बिक्री सरफासी अधिनियम, नियम 2002 में समय-समय पर संशोधित शर्तों और उपरोक्त उल्लिखित शर्तों के अधीन है और किसी भी कोर्ट / न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित होने पर मामलों/मुकदमों के विचाराधीन है।

दिनांक : 11.02.2020, स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया

www.readwhere.com

अंतिम मैच में प्रतिष्ठा बचाने उतरेगी भारतीय टीम

माउंट मोनगानुई, 10 फरवरी (भाषा)।

भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी एक दिवसीय क्रिकेट मैच में अपनी प्रतिष्ठा बचाने उतरेगी।

करिश्माई कप्तान केन विलियमसन के चोट के कारण बाहर होने के बावजूद मेजबान ने टी–20 शृंखला में मिली शर्मनाक हार को भुलाकर पहले दो वनडे जीतकर शृंखला अपने नाम कर ली। विलियमसन अगर फिटनेस टेस्ट में खरे उतरते हैं तो आखिरी मैच में खेलेंगे। दोनों टीमों के बीच अंतर शीर्षक्रम का प्रदर्शन रहा है। रोहित शर्मा और शिखर धवन के चोट के कारण बाहर हैं जबकि विराट कोहली बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं। फार्म में चल रहे केएल राहुल बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतर रहे हैं। शीर्षक्रम भारत की ताकत रहा है जो इस शृंखला में नाकाम रहा।

सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव और मयंक अग्रवाल ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन भारत को चिर परिचित शुरुआत नहीं दिला सके। रोहित की कमी भारत को बुरी तरह खली। रोहित ने पिछले 12 महीने में वनडे क्रिकेट में 57.30 की औसत से रन बनाए हैं। उनकी गैर मौजूदगी में रन बनाने का पूरा दारोमदार कोहली पर आ गया जिन्होंने दो मैचों में 66 रन बनाए।

भारत ने टी–20 शृंखला 5–0 से जीती थी लेकिन वनडे में हालात एकदम उलट गए। पिछली बार 2019 में भारतीय टीम ने यहां वनडे शृंखला 4–1 से जीती लेकिन टी–20 शृंखला 2–1 से हार गई थी। पिछली बार भारतीय टीम यहां 2014 में वनडे शृंखला 4–1 से हारी थी। श्रेयस अय्यर ने एक शतक और एक अर्धशतक लगाया लेकिन रोस टेलर दोनों मैचों में भारतीय टीम पर हावी रहे। अय्यर 'फिनिशर' की भूमिका नहीं निभा सके जो टेलर ने बखूबी किया।

राहुल, साव, अय्यर, केदार जाधव और युजवेंद्र चहल ने सोमवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। कोहली सबसे पहले अभ्यास के लिए उतरे जिन्होंने तेज गेंदबाजी और स्पिन दोनों का सामना किया। मनीष पांडे उनके बाद आए जबकि ऋषभ पंत ने लंबे अभ्यास सत्र में भाग लिया। पंत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चोटिल होने के बाद से सीमित ओवरों का क्रिकेट नहीं खेला है। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी को छोड़कर सभी तेज गेंदबाजों ने अभ्यास किया।

न्यूजीलैंड ने लेग स्पिनर ईश सोढी और तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनेर को टीम में शामिल किया है। सोढी ने कोहली को हैमिल्टन में गुगली पर आउट किया।

भारत : विराट कोहली, पृथ्वी साव, मयंक अग्रवाल, केएल राहुल (विकेटकीपर), मनीष पांडे, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, शिवम दूबे, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, नवदीप सैनी।

न्यूजीलैंड : टाम लैथम (कप्तान और विकेटकीपर), मार्टिन गुप्टिल, रास टेलर, कालिन डी ग्रैंडहोमे, जिमी नीशम, स्काट कुगलेइजन, टाम ब्लंडेल, हेनरी निकोल्स, मिशेल सेंटनर, हैमिश बेनेट, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, काइल जैमीसन, मार्क चैपमैन।

भारतीय बैडमिंटन संघ ने किया घरेलू ढांचे में बदलाव

नई दिल्ली, 10 फरवरी (भाषा)।

घोषणा दो करोड़ रुपए की इनामी राशि के टूर्नामेंट होंगे आयोजित

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआइ) ने सोमवार को आमूलचूल बदलाव करते हुए कई स्तर का घरेलू टूर्नामेंट ढांचा लागू करने की घोषणा की जिसमें कुल लगभग दो करोड़ रुपए की इनामी राशि होगी। रविवार को कार्यकारी परिषद की बैठक में घरेलू टूर्नामेंट के ढांचे को पुनगर्ठित करने का फैसला किया गया।

राष्ट्रीय महासंघ ने बयान में कहा, भारतीय बैडमिंटन संघ ने घरेलू टूर्नामेंट ढांचे में आमूलचूल बदलाव का फैसला किया है जिससे कि प्रदर्शन आधारित रवैया अपनाया जा सके और देश भर से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा की खोज की जा सके जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए निखारा जा सके। बयान के अनुसार, सीनियर स्तर पर कई स्तर का टूर्नामेंट ढांचा तैयार किया जाएगा जिसमें लगभग दो करोड़ रुपए की इनामी राशि होगी जिससे कि पूल आफ एक्लीसेंस तैयार करने में मदद मिल सके। नए ढांचे के अंतर्गत तीन स्तर के टूर्नामेंट होंगे–लेवल एक, लेवल दो और लेवल तीन। शीर्ष स्तर लेवल एक की इनामी राशि 25 लाख रुपए होगी।

बीएआइ के अध्यक्ष हिमांत बिश्व सरमा ने कहा, बीएआइ का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर का दबाव झेलने वाली सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाना ही नहीं है बल्कि अच्छी इनामी राशि वाला व्यावहारिक घरेलू ढांचा भी तैयार करना है जिससे कि खिलाड़ियों का फायदा हो। यह टूर्नामेंट बीएआइ प्रीमियर सुपर सीरीज टूर्नामेंट होगा जिसमें सीमित प्रवेश होगा और फिर मुख्य ड्रा खेला जाएगा। लीग कम नाकआउट प्रारूप में बीडब्लूएफ रैंकिंग में 100 से कम रैंकिंग वाले शीर्ष आठ एकल खिलाड़ी और शीर्ष चार जोड़ियां सीधे प्रवेश की पात्र होंगी। इसके अलावा बीएआइ रैंकिंग में अनुसार शीर्ष 24 एक खिलाड़ियों और 12 टीमों को भी सीधे प्रवेश मिलेगा। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी खिलाड़ियों के लिए अतिरिक्त इनामी राशि होगी क्योंकि विजेता के लिए इनामी राशि को बढ़ाकर 50 लाख रुपए कर दिया गया है। इससे पहले पूरी प्रतियोगिता की इनामी राशि एक करोड़ रुपए थी। लेवल टू में चार बीएआइ सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट होंगे जिसमें प्रतियोगिताओं की इनामी राशि 15 लाख रुपए होगी। बीएआइ रैंकिंग के अनुसार शीर्ष 48 एकल खिलाड़ी और 24 युगल जोड़ियों को इसके मुख्य ड्रा में सीधे प्रवेश मिलेगा। लेवल तीन में प्रत्येक वर्ष छह बीएआइ सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट होंगे जिसमें प्रत्येक की इनामी राशि 10 लाख रुपए होगी।

Kajaria

EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31 DECEMBER 2019

(₹ in crores, except per share data)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended 31 December 2019 (Unaudited)	Nine months ended 31 December 2019 (Unaudited)	Quarter ended 31 December 2018 (Unaudited)
1	Income			
	a) Revenue from operations	741.30	2155.97	758.56
	b) Other income	5.13	17.23	4.53
2.	Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	83.84	245.43	99.55
3.	Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	83.84	245.43	99.55
4.	Net Profit for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items and after minority interest)	61.54	205.74	64.80
5.	Total comprehensive income for the period [Comprising Profit for the period (after tax),Other comprehensive income (after tax) and after minority interest]	61.16	204.59	63.94
6.	Equity share capital (Face value of Re 1/- per share)	15.90	15.90	15.90
7.	Other equity (excluding revaluation reserve) as shown in the audited balance sheet of the previous year.	1559.00 (as on 31 Mar 19)	1559.00 (as on 31 Mar 19)	1335.12 (as on 31 Mar 18)
8.	Earnings per equity share (EPS): (face value : ₹ 1 per share) (EPS for the quarter and nine months ended periods is not annualised)			
	a) Basic:	3.87	12.94	4.08
	b) Diluted:	3.87	12.94	4.07

Notes:

1. The above financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 10 February 2020 and have undergone 'Limited Review' by the statutory auditors of the Company.
2. The Board of Directors have declared interim dividend of ₹ 3/- per equity share of face value of ₹1/- each for the financial year 2019-20.
3. The above results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards ('Ind-AS') as notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended), specified under section 133 of the Companies Act, 2013.
4. The Company has adopted Ind AS 116 "Leases" effective 1 April 2019, as notified by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) in the Companies (Indian Accounting Standard) Amendment Rules, 2019, using modified retrospecitve method. The adoption of this standard did not have any material impact on the profit of the current quarter.
5. **Additional information on standalone financial results is as follows:**

(₹ in crores)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended 31 December 2019 (Unaudited)	Nine months ended 31 December 2019 (Unaudited)	Quarter ended 31 December 2018 (Unaudited)
1	Income			
	a) Revenue from operations	677.64	1968.74	700.20
	b) Other income	12.38	36.08	8.85
2	Net Profit before tax	89.12	264.52	98.65
3	Net Profit after tax	66.05	223.43	65.58
4	Total comprehensive income for the period	65.67	222.28	64.72

6. The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the quarter/nine months ended 31 December 2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Standalone and Consolidated Financial Results are available on the website of BSE and NSE at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively and on the Company's website at www.kajariaceramics.com.

For and on behalf of the Board

Place: New Delhi
Date: 10 February 2020

Ashok Kajaria
Chairman & Managing Director

KAJARIA CERAMICS LIMITED

Regd Office: SF-11, Second Floor, JMD Regent Plaza, Mehrauli-Gurgaon Road, Village Sikanderpur Ghosi, Gurgaon -122001 (Haryana)
Corporate Office: J-1/B-1 (Extn), Mohan Co-operative Industrial Estate, Mathura Road
New Delhi-110044 Ph: 91-11-26946409, Fax: 91-11-26949544, 91-11-26946407
CIN: L26924HR1985PLC056150, E-mail: investors@kajariaceramics.com, Website: www.kajariaceramics.com

मोर्गन वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कप्तान चुने गए

नई दिल्ली, 10 फरवरी (भाषा)।

एकदिवसीय विश्व कप में इंग्लैंड को चैंपियन बनाने वाले कप्तान इयोन मोर्गन को ईएसपीएनक्रिकइंफो पुरस्कारों में सोमवार को साल का सर्वश्रेष्ठ कप्तान चुना गया। उधर आस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग और एलीसे पैरे को महिलाओं में क्रम से सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी और गेंदबाजी पुरस्कारों के लिए चुना गया।

विश्व कप में श्रीलंका और आस्ट्रेलिया से मैच गंवाने के बाद इंग्लैंड को खिताब जीतने के लिए चार मैचों में चार जीत की जरूरत थी। मोर्गन के नेतृत्व में टीम यह कारनामा करने में सफल रही जहां फाइनल में टीम ने सुपर ओवर के टाई होने के बाद न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता था। एकदिवसीय मैच की सर्वश्रेष्ठ पारी के लिए इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स को चुना गया जिन्होंने विश्व कप के फाइनल में नाबाद 84 रन बनाने के बाद सुपर ओवर में भी सात रन बनाए। सर्वश्रेष्ठ टैस्ट पारी की पुरस्कार में स्टोक्स हालांकि चूक गए। उन्होंने एशेज टैस्ट के दौरान हेडिंग्ले में नाबाद शतकीय पारी खेल कर इंग्लैंड को एक विकेट से जीत दिलाई थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डरबन में कुसल परेरा की 153 रन नाबाद पारी को इस पुरस्कार के लिए चुना गया।

साक्षात्कार भारतीय टीम को नया सितारा देने वाले कोच ज्वाला सिंह ने कहा

खेल पर रहेगा यशस्वी का ध्यान

नई दिल्ली, 10 फरवरी (भाषा)।

जायसवाल ने विश्व कप में कुल 400 रन बनाए और तीन विकेट भी लिए।

भारतीय टीम भले ही अंडर–19 विश्व कप के फाइनल में हार गई हो लेकिन 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' रहे यशस्वी जायसवाल इससे रातों रात सितारा बन गए हालांकि अब चुनौती 'स्टारडम' से किनारा कर– के क्रिकेट पर ध्यान करने की होगी।



'गोलगप्पा ब्वाय' के रूप में मशहूर हुए यशस्वी की उत्तर प्रदेश के भदोही से निकलकर भारतीय अंडर–19 टीम में जगह बनाने और विश्व कप में असाधारण प्रदर्शन की कहानी किसी परीकथा से कम नहीं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में अंडर–19 विश्व कप में फाइनल में 88 रन समेत कुल 400 रन बनाए और तीन विकेट भी लिए। यशस्वी अपने प्रदर्शन से लगातार मीडिया में सुर्खियों में हैं लेकिन उनके सरपरस्त और कोच ज्वाला सिंह का कहना है कि इस सफलता से उनके जीवन में कोई बदलाव नहीं आने वाला और उसका फोकस क्रिकेट पर ही रहेगा। उन्होंने भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, भारत में क्रिकेटरों को रातोंरात स्टार बनाकर दूसरा तेंदुलकर, दूसरा कोहली बताने लगते हैं। लेकिन अगर वैसा बनना है तो लगातार बीस साल तक अच्छा खेलना होगा। अभी यशस्वी ने शुरुआत ही की है। उन्होंने कहा, उन्हें पता है कि जो भी कुछ है, प्रदर्शन की वजह से है। सफलता मिलने के बाद बहुत सारी पेशकश आती हैं लेकिन आपको मायाजाल से खुद को बचाना है। मैं उनका सिर्फ कोच नहीं हूं बल्कि परिवार की तरह हूं। मैं उसके पैर हमेशा जमीन पर रखता हूं। गोरखपुर से कभी क्रिकेटर बनने मुंबई आए सिंह ने कहा, उसे अभी काफी क्रिकेट खेलनी है। मैं उससे कहूंगा कि पिछले टूर्नामेंट को भूल जाए और आगे की सुध ले। उन्होंने कहा, हमारी अकादमी में चमिंडा वास, रंगाना हेराथ, वसीम अकरम जैसे खिलाड़ी आते रहे हैं। मैं हमेशा यशस्वी को उनसे मिलवाता था और कहता था कि फोकस कैसे बेहतर करें, उस पर बात करें। विजय हजारे ट्रॉफी में दोहरा शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के युवा बल्लेबाज बने यशस्वी अंडर–19 क्रिकेट में एक टूर्नामेंट में शिखर धवन के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय हैं। धवन ने 2004 अंडर–19 विश्व कप में 505 रन बनाए थे। विश्व कप के बीच ही यशस्वी के गोलगप्पे बेचकर गुजारा करने की कहानियां सामने आई थी हालांकि उनके कोच ने कहा कि उसके संघर्ष की बात पुरानी है और अब उनकी पहचान उनके खेल से होनी चाहिए। उन्होंने कहा, उनका संघर्ष सात साल पहले की बात है। पिछले सात साल से काफी अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। मैं चाहता हूं कि लोग उनके प्रदर्शन के बारे में बात करे, संघर्ष के बारे में नहीं।

ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)

जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है

ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करने हेतु समर्पित

31 दिसंबर, 2019 को समाप्त तिमाही/नौ माह के लिए समीक्षित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (₹ लाखों में)

विवरण	समाप्त तिमाही 31.12.2019 (समीक्षित)	समाप्त तिमाही 30.09.2019 (समीक्षित)	समाप्त तिमाही 31.12.2018 (समीक्षित)	समाप्त नौ माह 31.12.2019 (समीक्षित)	समाप्त नौ माह 31.12.2018 (समीक्षित)	समाप्त वर्ष 31.03.2019 (लेखापरिक्षित)
परिचालनों से कुल आय	207701	222257	233713	653749	708258	938695
अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व)	-34737	-72193	3129	-113429	-82914	-85877
कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	-34737	-72193	3129	-113429	-82914	-85877
कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	-25549	-46873	2234	-75450	-48491	-54348
अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल]	-25549	-46873	2234	-75450	-48491	-54348
प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी	70105	60206	56491	70105	56491	56491
आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पिछले वर्ष के तुलन पत्र में दर्शाए गए अनुसार	420668	420668	477073	420668	477073	420668
अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/– प्रत्येक) (जारी एवं समाप्त परिचालनों के लिए)						
1. मूल :	-3.96	-7.79	0.40	-12.47	-8.58	-9.62
2. तनुकृतः	-3.96	-7.79	0.40	-12.47	-8.58	-9.62

टिप्पणी: उपरोक्त, सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्कताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए तिमाही/इस तिथि तक वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही/इस तिथि तक वर्ष के वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट **www.nseindia.com, www.bseindia.com** और बैंक की वेबसाइट **www.psbindia.com** पर उपलब्ध है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 10.02.2020

गोविन्द एन डोंग्रे	फरीद अहमद	एस. हरिशंकर	चरन सिंह
कार्यकारी निदेशक	कार्यकारी निदेशक	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	गैर–कार्यकारी अध्यक्ष

अपने इंटरनेट बैंकिंग विवरण जैसे यूज़र आईडी/पासवर्ड या क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड नम्बर/सीवीवी/ओटीपी फोन या इमेल द्वारा किसी को न दें। टोल फ्री नं. 1800 419 8300

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.–21047/03–05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 86, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए–8, सेक्टर 7, नोएडा– 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9–10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com